23 दिसंबर, 2025
पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
मंगलवार, वर्ष 11, अंक 65

www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

**अरावली पर्वत बचाने के लिए आंदोलन :** राजस्थान में पुलिस-प्रदर्शनकारी भिड़े










## दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग एवं मेडिकल कोचिंग संस्थान शुरू

# योजनाएं छात्रों के सपनों को दे रही हैं नयी उड़ान: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोचिंग संस्थान का किया उद्घाटन
- आदिवासी, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क सुविधा
- दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा का भी अनावरण किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को रांची के हिंदपीढ़ी स्थित 'दिशोम गुरु शिबू सोरेन इंजीनियरिंग (जेइइ) एवं मेडिकल (एनइइटी) कोचिंग संस्थान' का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री ने संस्थान परिसर का निरीक्षण किया तथा विद्यार्थियों से संवाद कर उनके उत्साह और मनोबल को बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की नयी पीढ़ी को अपने सपनों को साकार करने के लिए अब राज्य से बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के बच्चे अब उच्चस्तरीय कोचिंग सुविधा यहीं रांची में प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संस्थान केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा को साझा करने का आग्रह किया, जिससे झारखंड की विविधता और एकता को और बल मिले।

**योग्य अभ्यर्थियों को मिलेगा पुनः अवसर :** हेमंत सोरेन ने कहा कि उन अभ्यर्थियों को पुनः अवसर प्रदान किया जाये, जो एबिलिटी टेस्ट में मामूली अंतर से पीछे रह गये थे। उन्होंने कहा कि कई बार परिस्थितिजन्य कारणों से विद्यार्थी अपनी वास्तविक क्षमता प्रदर्शित नहीं कर पाते, इसलिए उन्हें दोबारा अवसर देना एक न्यायोचित और प्रेरणादायक कदम होगा। इससे न केवल अधिक विद्यार्थियों को मंच मिलेगा, बल्कि राज्य की प्रतिभा का दायरा भी विस्तृत होगा। संस्था में खेल-कूद की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया जाये। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिक्षा के साथ-साथ खेल भी छात्रों में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धी सोच का विकास करता है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों के बीच आत्मविश्वास और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा की भावना का संचार करें, ताकि ये युवा आगे चलकर न केवल राज्य, बल्कि देश का नाम भी रोशन करें।

**सरकार चला रही कई योजनाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षा को राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का प्रमुख आधार मानते हुए निरंतर कदम उठा रही है। शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण का सबसे प्रभावी साधन है। इसी सोच के अनुरूप राज्य में विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका प्रत्यक्ष लाभ लाखों विद्यार्थियों तक पहुंच रहा है।

### सभी बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और हर युवा तक अवसर की पहुंच

मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि ये सभी प्रयास आने वाले समय में झारखंड को शिक्षा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प स्पष्ट है कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर युवा तक अवसर की पहुंच। इस अवसर पर मंत्री चमरा लिंडा, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, मुख्य सचिव अविनाश कुमार, विकास आयुक्त अजय कुमार सिंह, सचिव कृपानंद झा, आदिवासी कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी, जिले के उपायुक्त, उप-विकास आयुक्त सहित तमाम पदाधिकारीगण तथा सैकड़ों की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### स्कूली से उच्च शिक्षा तक मिल रही सहायता

मुख्यमंत्री ने बताया कि सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के माध्यम से किशोरियों को न केवल शिक्षा का अवसर प्राप्त हो रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर बनने की दिशा में भी प्रेरणा मिल रही है। इसी प्रकार प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं से पिछड़े वर्गों, अनुसूचित जाति-जनजाति एवं अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक संबल मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अब तक 80 उत्कृष्ट विद्यालयों की स्थापना की जा चुकी है, जहां गरीब और मजदूर वर्ग के बच्चे निजी विद्यालयों के समकक्ष गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के तहत आदिवासी एवं मूलवासी छात्र-छात्राओं को विदेशी विश्वविद्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए पूर्ण सरकारी सहायता प्रदान की जा रही है। युवाओं को उच्च शिक्षा प्रदान करने की दिशा में गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना भी एक महत्वाकांक्षी कदम साबित हो रही है, जिसके तहत विद्यार्थी 15 लाख रुपये तक का शिक्षा ऋण प्राप्त कर सकते हैं तथा नौकरी लगने के बाद इसे सरल किश्तों में चुका सकते हैं। रांची स्थित रिम्स में भी मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए 30 विद्यार्थियों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन के साथ विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# खूंटी में कांग्रेस के युवा आदिवासी नेता की हत्या

**आजाद सिपाही संवाददाता**



सुमित तिग्गा की फाइल फोटो।

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के लोधमा टीओपी अंतर्गत गुयू गांव में रविवार की संध्या लगभग सात बजे अपराधियों ने आदिवासी कांग्रेस प्रखंड महासचिव 25 वर्षीय सुमित तिग्गा की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमित तिग्गा अपने दो दोस्तों के साथ लोधमा से बीयर और सिगरेट खरीदकर गुयू गांव के समीप जंगल गया था। वहीं बैठकर बीयर और सिगरेट पीने के दौरान अज्ञात अपराधियों ने सुमित तिग्गा के सिर में गोली मार दी। गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग उसे तत्काल रांची स्थित देवनिका अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता थे:** सुमित तिग्गा को एक मिलनसार और सामाजिक युवा नेता के रूप में जाना जाता था। वह कांग्रेस पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता थे और क्षेत्र में उनकी अच्छी पहचान थी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। सुमित की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सोमवार को गुयू गांव में शोक और सन्नाटे का माहौल पसरा रहा।

### पुलिस मामले की कर रही छानबीन

घटना की सूचना मिलते ही कर्रा पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से बीयर की खाली बोतलें और सिगरेट के टुकड़े बरामद किये हैं। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ की है और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए क्षेत्र में सघन छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।






आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

# दो दिवसीय जनजातीय स्वशासन महोत्सव 'नाची से बाची' आज से, सीएम करेंगे उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** जनजातीय स्वशासन की परंपरा, सांस्कृतिक चेतना और सामुदायिक लोकतंत्र को नये सिरे से मजबूत करने के उद्देश्य से 23 और 24 दिसंबर 2025 को आड्रे हाउस, रांची में जनजातीय स्वशासन महोत्सव नाची से बाची का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक उत्सव नहीं, बल्कि सदियों से चले आ रहे जनजातीय स्वशासन के जीवन-दर्शन को लोकतांत्रिक संवाद के केंद्र में लाने का प्रयास है। नाची से बाची का अर्थ है नृत्य में बसती जीवन की लय, समुदाय की धड़कन और सामूहिक अस्तित्व की जड़ें। इसी विचार के साथ यह आयोजन भारतीय संविधान की पांचवीं अनुसूची में निहित समुदाय-केंद्रित शासन व्यवस्था, ग्रामसभा की भूमिका और परंपरागत स्वशासन प्रणालियों को समझने व सशक्त करने पर केंद्रित रहेगा। आयोजकों के अनुसार, परंपरागत ग्रामसभा जल, जंगल और जमीन पर सामुदायिक अधिकारों की रक्षा करती रही है और सामाजिक न्याय को रिश्तों, मयार्दाओं और सहमति के आधार पर संचालित करती आयी है। लेकिन समय के साथ संवाद की कमी और सांस्कृतिक चेतना के क्षरण से यह व्यवस्था कमजोर पड़ी है। ऐसे में यह महोत्सव कानूनी चर्चा के साथ सांस्कृतिक पुनर्जागरण को जोड़ते हुए ग्रामसभा को फिर से सामुदायिक जीवन का केंद्र बनाने की दिशा तय करेगा।

महोत्सव के दौरान परंपरागत स्वशासन प्रणालियों पर आधारित प्रदर्शनी, ग्रामसभा और पारंपरिक अगुवाओं की भूमिका को दर्शाने वाले दृश्यात्मक प्रस्तुतिकरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, आदिवासी नृत्य-गीत, लोककथाएं, खानपान स्टॉल और हस्तशिल्प प्रदर्शनी आयोजित की जायेंगी। इसके साथ ही स्वशासन, संवैधानिक प्रावधान, देशज ज्ञान, जलवायु परिवर्तन, जनजातीय साहित्य और प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग जैसे विषयों पर सेमिनार और संवाद सत्र होंगे। आदिवासी साहित्यकारों और फिल्म निर्माताओं के साथ संवाद, जनजातीय जीवन और स्वशासन पर आधारित लघु फिल्मों व वृत्तचित्रों का प्रदर्शन तथा ग्रामसभा से जनतंत्र तक विषय पर पुस्तक प्रदर्शनी भी महोत्सव का हिस्सा होगी। इस आयोजन में मांझी, मानकी, मुंडा, परगनैत जैसे परंपरागत अगुआ, पंचायत प्रतिनिधि, सिविल सोसाइटी, शिक्षाविद, शोधकर्ता, कलाकार, साहित्यकार, युवा प्रतिनिधि और नीति-निर्माता भाग लेंगे। पंचायत राज विभाग, झारखंड सरकार इस महोत्सव का मुख्य आयोजक है। महोत्सव का संदेश स्पष्ट है जब आदिवासी नाचता है, वह केवल उत्सव नहीं मनाता, बल्कि अपनी स्मृति, अधिकार और स्वशासन को फिर से जीवंत करता है। नाची से बाची, और बाची पूरे स्वाभिमान के साथ आगे बढ़ती है।

# छेड़खानी का विरोध करने पर महिला पर डाला खौलता तेल, पीड़िता की हालत गंभीर, एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले से दिल दहला देने वाली एक बड़ी घटना सामने आयी है, जहां एक महिला के ऊपर खौलता तेल उड़ेलकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना मुफस्सिल थाना इलाके के एक गांव में हुए छेड़खानी से जुड़ा है। रविवार देर शाम हुई इस घटना को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली है और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। फिलहाल झुलसी महिला का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। मामले को लेकर पीड़िता ने बताया कि वह होटल चलाती है। रविवार की शाम को भी वह पकौड़ी बना रही थी, तभी बगल गांव के रहने वाले उदय चौधरी और मनीष चौधरी वहां आये। आते ही दोनों ने छेड़खानी शुरू कर दी। उसने जब विरोध किया तो खौलता हुआ तेल उसके ऊपर उड़ेल दिया जिससे वह बुरी तरह झुलस गयी। जिसके बाद गांव वाले आनन-फानन में महिला को सदर अस्पताल पहुंचाया।

वहीं पूर्व मुखिया राजेश वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला के परिवार का भरन-पोषण इसी दुकान से होता है। जिन दोनों लड़कों ने महिला के साथ छेड़खानी की और जान लेने का प्रयास किया, वे दोनों लड़के बदतमीज स्वभाव के हैं। इसके पूर्व भी वे कई तरह की बेबाक हरकतें कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि दोनों युवक दबंग परिवार से हैं इसलिए उनसे कोई उलझने का प्रयास नहीं करता है। लेकिन इस बार तो इन्होंने हद ही कर दी। लड़कों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। मुफस्सिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो ने कहा कि सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त उदय चौधरी को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं दूसरे अभियुक्त मनीष चौधरी की तलाश की जा रही है। जल्द ही दूसरे युवक की भी गिरफ्तारी हो जायेगी।

# सोना कारोबारी से गैंगस्टर प्रिंस खान के नाम पर मांगी 1 करोड़ की रंगदारी

**गोल्ड हाउस ज्वेलरी दुकान चलाने वाले कारोबारी रंजीत सोनी से मांगी रंगदारी, एफआइआर दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में एक ज्वेलरी कारोबारी से गैंगस्टर प्रिंस खान द्वारा रंगदारी मांगे जाने का मामला सामने आया है। मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के बाजार में गोल्ड हाउस ज्वेलरी दुकान चलाने वाले कारोबारी रंजीत सोनी से कुख्यात गैंगस्टर प्रिंस खान ने एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है।

थाना प्रभारी ज्योति लाल से मिली जानकारी के अनुसार, गैंगस्टर प्रिंस खान ने सोशल मीडिया के माध्यम से रंजीत सोनी को एक वॉइस मैसेज वॉट्सएप पर भेजकर एक करोड़ रुपये बतौर प्रोटेक्शन मनी की मांग की है। वॉइस मैसेज में रंगदारी नहीं देने पर गंभीर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी है। इस मामले में पीड़ित कारोबारी रंजीत सोनी ने मेदिनीनगर टाउन थाना में एफआइआर दर्ज करायी है। मामला बीती रात 9 बजे के आस पास का है जिसके बाद पुलिस ने सोमवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस प्रशासन ने एहतियातन कारोबारी की सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, इलाके में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग भी की जा रही है। पुलिस गैंगस्टर प्रिंस खान से जुड़े नेटवर्क और उसके स्थानीय लिंक को खंगालने में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि मामले में जल्द ही ठोस कार्रवाई की जायेगी और दोषियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# 12-12 वर्षों से साहबों के ऑफिस में कुंडली मार कर जमे हैं रीडर

## पुलिस मुख्यालय को करनी चाहिए समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के जिलों में एसपी स्तर के अधिकारियों के यहां रीडर स्तर के कर्मी वर्षों से कुंडली मार कर जमे हुए हैं। नियमानुसार हर दो वर्ष के बाद इन्हें दूसरे जिले में भेजने का नियम है। एक ही जिले में अधिक समय तक पदस्थापित रहने के कारण ये रीडर मामलों को प्रभावित भी करते हैं। इसका नतीजा यह होता है कि आत लोगों को न्याय भी नहीं मिल पाता। ये रीडर स्तर के कर्मी अधिकारियों से मिल कर कई मामलों को प्रभावित भी कर चुके हैं। चतरा में शुभम कुमार नाम का रीडर वर्ष 2012 से पदस्थापित है। यह 12 वर्ष से ज्यादा समय से यहां बना हुआ है। साहिबगंज में विश्वजीत सिंह छह साल से है। हजारीबाग में नितेश कुमार वर्ष 2019 से है। सीआइडी में वीर सत्येंद्र आठ वर्षों से है। गोड्डा में हेमंत भेंगरा आठ वर्षों से है। दुमका में मंटु प्रसाद पांच साल से है। रांची में छोटेलाल आठ साल से है। इसी तरह राडर स्तर के कई कर्मी एक ही जिले में कई वर्षों से जमे हुए हैं। हाल ही में सुखदेवनगर थाना में पदस्थापित रीडर पर पैसे वसूलने का आरोप भी लगा था। मांग उठ रही है कि जो रीडर वर्षों से साहबों के यहां है, उन्हें दूसरे जिलों में भेजा जाये।

# भाई के हत्यारों को नहीं दिला सका सजा, कर ली आत्महत्या



**आक्रोशित परिजनों ने मुख्य मार्ग किया जाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग से एक बेहद संवेदनशील खबर सामने आयी है। न्याय नहीं मिलने की पीड़ा ने एक युवक ने अपनी जान ले ली। परिजनों ने आक्रोशित हो कर सड़क जाम किया। सैकड़ों की संख्या में परिजन और स्थानीय लोग सड़क पर उतर आये और स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

**19 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया था**

मृतक युवक की पहचान शिवपुरी निवासी योगेश कुमार मंडल के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि 7 जुलाई 2023 को उनके छोटे बेटे की हत्या कर दी गयी थी। इस मामले में 19 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया, लेकिन ढाई साल बीत जाने के बावजूद अब तक 10 आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। परिजनों के मुताबिक, इस मामले में न्याय नहीं मिलने की पीड़ा और मानसिक अवसाद में सोमवार सुबह मृतक के मंझले बेटे ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया और इलाके में आक्रोश फैल गया।


**परिजनों और स्थानीय लोगों ने सड़क जाम किया**


घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने हजारीबाग के झंडा चौक मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का साफ कहना है कि जब तक पुलिस अधीक्षक स्वयं मौके पर नहीं पहुंचते, तब तक सड़क जाम नहीं हटाया जायेगा। सड़क जाम के कारण मुख्य मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस के आश्वासन पर जाम हटा।

# पहाड़ों की गोद में बसा कांति फॉल पर्यटकों को कर रहा आकर्षित

## कांति फॉल में दूधिया धारा की तरह ऊंचाई से गिरता पानी लोगों को अपनी ओर खींच ले जाता है

मुकेश कुमार सिंह





**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार के चंदवा का कांति फॉल बिल्कुल पहाड़ों की गोद में स्थित है। यह मनोरम दृश्य के लिए जाना जाता है। नव वर्ष आने में अब कुछ ही दिन शेष रह गये हैं। पर्यटकों की तैयारी शुरू हो गयी है और लोग घूम भी रहे हैं। कुछ नये वर्ष के पहले दिन अपना प्लान बना रहे हैं। प्राकृतिक ने झारखंड को एक से एक खूबसूरत फॉल और मनमोहक पर्यटन स्थल दिया है। मानो ईश्वर ने झारखंड की वादियों को फुर्सत में बनाया हो। लातेहार को प्रकृति ने अपनी अमूल्य निधियों से सजाया और सजाया है। यहां चारों ओर प्रकृति के मनोरम दृश्य बिखरे पड़े हैं। उसी में से लातेहार-लोहरदगा जिले की सीमा पर स्थित कांति फॉल की बात कहें तो ईश्वर ने इसे भी फुर्सत में बनाया हो। यहां की मनमोहक दृश्य ऊंचे-ऊंचे पहाड़ ऊंचे फॉल से गिरते झरने आपको कहीं ना कहीं चकित कर देगा। अमझरिया घाटी से रांची रोड पर थोड़ा आगे बढ़ने पर से उत्तर की ओर एनएच 39 से सटे मुख्य सड़क से सात किमी दूर कांति फॉल प्राकृतिक के गोद में सौंदर्य से परिपूर्ण होने के कारण हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करता है। जलप्रपात तक की दूरी करीब चार किमी है। पीएमजीएसवाइ मद से पहुंच पथ भी बनाया गया है हर वर्ष सैकड़ों लोग यहां मस्ती करने आते हैं। स्थानीय युवक पार्किंग और अन्य व्यवस्था बना कर इसका चार्ज वसूलते हैं। यहां आसपास ठहरने की कोई व्यवस्था नहीं है और खाने-पीने की चीजों की दुकानें भी कम होती हैं। इस इलाके को प्रकृति ने अपनी अमूल्य निधियों से सजाया और संवारा है। यह झरना लातेहार से लगभग 47 किमी और रांची से 66 किमी की दूरी पर रांची-मेदिनीनगर सड़क से सात किलोमीटर की दूरी पर सेन्हा ग्राम में स्थित है। इस इलाके को प्रकृति ने अपनी अमूल्य निधियों से सजाया और संवारा है। यहां चारों ओर प्रकृति के मनोरम दृश्य बिखरे पड़े हैं। इस जल प्रपात की ऊंचाई 200 फीट से भी अधिक है।

### प्राकृतिक सुंदरता को निहारने आते हैं यहां सैलानी

पर्यटन स्थल के रूप में प्रसिद्ध कांति झरने से दूध की धारा की तरह गिरता पानी सैलानियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। पिकनिक स्पॉट के लिए कांति झरना खूबसूरत जगह है। नये वर्ष पर कुडू, लोहरदगा, रांची, चंदवा, लातेहार, बालूमाथ, चान्हो, गुमला, घाघरा सहित अन्य स्थानों के सैलानी इस प्राकृतिक सुंदरता को निहारने आते हैं। कांति झरना का मुख्य आकर्षण 200 फीट की ऊंचाई से गिरता पानी है। सुंदरता का अनुभव करने के लिए काफी संख्या में पर्यटक इस जगह पर आते हैं। झरने से गिरता पानी को देखने के लिए लगभग पांच सौ फीट पहाड़ के नीचे सावधानी से उतर कर जाते हैं और प्रकृति की सुंदरता को देखकर रोमांचित होते हैं। यहां चारों तरफ फिसलन होने के कारण सैलानियों की संख्या बढ़ने पर स्थानीय लोग सक्रिय होकर लोगों की फिसलन की जानकारी देकर लगातार सचेत करते रहते हैं। चोटी से फॉल नीचे तक पहुंचने के लिए लोगों को आधा किमी पैदल चलना पड़ता है। जो काफी कठिन है। यहां पहुंचने के बाद लोगों की थकान होना ही है। लगभग 100 फीट ऊंचाई से गिर रहे खूबसूरत झरने को देखने के बाद मान पुलकित हो उठता है। चारों तरफ घनघोर जंगल के बीच झरना स्थित है, लेकिन प्रकृति की इस अद्भुत छटा को देखने के बाद लोगों को शिमला सहित अन्य पर्यटक स्थलों की याद दिला जाता है। बता दें कि यह क्षेत्र उग्रवाद प्रभावित है बावजूद इसके सैलानियों की कोई कमी नहीं होती है। 31 दिसंबर और 1 जनवरी को मिलाकर लगभग दस हजार से भी ऊपर सैलानी यहां आते हैं।

### कांति फॉल लांबी टोंगरी पहाड़ी पर स्थित है

लांबी टोंगरी नामक पहाड़ी पर कांति नामक फॉल स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार इस झरने में यहां 12 महीने पानी रहता है और इसकी छटा पूरे वर्ष इसी तरह रहती है। बरसात के दिनों में ये अपने प्रचंड रूप में रहती है। शंख नदी और टीको नदी का पानी इसमें आकर गिरता है। आवश्यक सुरक्षा के दृष्टिकोण से इसमें कई सुधार की आवश्यकता है।

नीचे उतरने के लिए सीढ़ीनुमा रास्ता, रेलिंग और एक शेड का का निर्माण बेहद जरूरी है। हालांकि जिला प्रशासन ने इसे अपने पर्यटन को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम में रखा है। बहुत जल्द ही इसके भी दिन बहुरने वाले हैं। वहीं इन दोनों झारखंड सरकार भी अपने राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थल तथा झील मनोरम दृश्य को देखते हुए सैलानियों की सुविधा के लिए जगह-जगह पर सुविधा देने की बात कही है।

# पंजाब पावर ग्रिड कॉरपोरेशन से मांगा संपत्तियों का ब्यौरा




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के पाकुड़ जिले में स्थित पैनम कोल माइंस की ओर से कथित रूप से किये गये अवैध कोयला खनन, उसकी सीबीआइ जांच और खनन से प्रभावित विस्थापितों के पुनर्वास की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने पंजाब पावर ग्रिड कॉरपोरेशन की ओर से अब तक जवाब दाखिल नहीं किये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में पंजाब पावर ग्रिड कॉरपोरेशन से यह स्पष्ट करने को कहा कि कंपनी की कुल कितनी चल-अचल संपत्तियां हैं। साथ ही अदालत ने यह भी सवाल उठाया कि यदि आरोप सही पाये जाते हैं, तो क्यों न कंपनी की संपत्तियों को सीज कर उनकी बिक्री के माध्यम से राजस्व क्षति की भरपाई की जाये। अदालत ने यह टिप्पणी भी की कि पंजाब पावर ग्रिड कॉरपोरेशन पैनम कोल माइंस के साथ मिलकर खनन कार्य में सहभागी रही है, इसलिए उसकी जिम्मेदारी से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस जनहित याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ ने सोमवार को सुनवाई की। अदालत ने मामले को गंभीर मानते हुए अगली सुनवाई की तिथि 6 जनवरी निर्धारित की है और तब तक संबंधित पक्षों से आवश्यक जवाब दाखिल करने को कहा है। गौरतलब है कि पैनम माइंस नामक कंपनी को वर्ष 2015 में राज्य सरकार द्वारा पाकुड़ और दुमका जिलों में कोयला खनन के लिए लीज प्रदान की गयी थी। आरोप है कि कंपनी ने स्वीकृत लीज क्षेत्र और निर्धारित मात्रा से अधिक कोयले का खनन किया, जिससे राज्य सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। इसके अलावा, खनन गतिविधियों के कारण स्थानीय ग्रामीणों का बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ, लेकिन उनके पुनर्वास की उचित व्यवस्था नहीं की गयी। इस पूरे मामले को लेकर झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता राम सुभग सिंह ने जनहित याचिका दाखिल की है, जिसमें सीबीआइ से निष्पक्ष जांच कराने, अवैध खनन में शामिल कंपनियों पर कार्रवाई करने और प्रभावित विस्थापित परिवारों के पुनर्वास की मांग की गयी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.7 °c | 9.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.08 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.26 बजे |



### सीएम से संथाली लेखक संघ और जाहेरथान कमेटी के लोगों ने की मुलाकात

# आदिवासी संस्कृति और परंपरा की जीवंत अभिव्यक्ति है संथाली भाषा : हेमंत सोरेन

**पारसी माहा, ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह में शामिल होने का दिया निमंत्रण**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सोमवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन और जाहेरथान कमेटी के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को 29 दिसंबर 2025 को जमशेदपुर के दिशोम जाहेर, करनडीह में आयोजित होने वाले 22वें संथाली पारसी माहा और ओल चिकी लिपि के शताब्दी समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह आयोजन संथाली भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक पहचान के लिए ऐतिहासिक महत्व रखता है। ओल चिकी लिपि के सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित यह समारोह आदिवासी समाज की भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित करेगा।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और संथाली भाषा व संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड की आदिवासी भाषाएं और परंपराएं राज्य की आत्मा हैं और इन्हें आगे बढ़ाने वाले हर प्रयास को सरकार का समर्थन मिलता रहेगा। इस अवसर पर ऑल इंडिया संथाली राइटर्स एसोसिएशन के महासचिव रविंद्र नाथ मुर्मू, सहायक महासचिव मानसिंह मांझी, जाहेरथान कमेटी के कार्यकारी सदस्य सागेन हंसदा और शंकर हेंब्रम उपस्थित थे। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को समारोह की विस्तृत जानकारी भी दी और कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने की प्रतिबद्धता जतायी।

# अधिकारियों के भ्रष्टाचार की सजा मिल रही बेघर हुए परिवारों को : बाबूलाल मरांडी

**रिम्स की जमीन से अतिक्रमण हटाने के मामले पर नेता प्रतिपक्ष ने सरकार पर साधा निशाना**

**जिम्मेदार सरकारी कर्मचारी, बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलरों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार अब आपदा और पीड़ा को देखकर नहीं, बल्कि राजनीतिक फायदे को ध्यान में रखकर मुआवजा तय करती है। सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए मरांडी ने कहा कि यह बेहद दुखद है कि झारखंड में मुआवजा कष्ट और आपदा के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ को देखकर दिया जा रहा है। इसी वजह से कड़ाके की ठंड में बेघर हुए परिवारों की ओर सरकार की नजर तक नहीं जाती। उन्होंने रिम्स की जमीन से अतिक्रमण हटाने के मामले का जिक्र करते हुए कहा कि जिन लोगों के घर तोड़े गये, उनकी पीड़ा पूरे समाज को दिखी, लेकिन सरकार को नहीं। उन्होंने कहा कि छोटे से लेकर बड़े हर मामले में लोगों को न्याय के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाना पड़ता है।

मरांडी ने आरोप लगाया कि सरकारी अधिकारियों के भ्रष्टाचार और मिलीभगत की सजा उन लोगों को मिल रही है, जिनके आशियाने उजड़ गये हैं। बाबूलाल मरांडी ने इस मामले में झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायालय के निर्देशानुसार तत्कालीन अंचल अधिकारी, नक्शा स्वीकृत करने वाले अधिकारी, रांची नगर निगम के बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सेक्शन के अधिकारी, निगरानी और नियंत्रण में विफल रहे सभी जिम्मेदार सरकारी कर्मचारी, बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलरों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि मुआवजे के लिए लगाया जाने वाला जुर्माना भी संबंधित बिल्डरों और दोषी अधिकारियों से ही वसूला जाना चाहिए।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।
- **वृष** — समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।
- **मिथुन** — आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।
- **कर्क** — काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।
- **सिंह** — कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।
- **कन्या** — बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।
- **तुला** — कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** — चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** — आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** — नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** — रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** — किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# महात्मा गांधी से नफरत करती है भाजपा : कमलेश्वर पटेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और कांग्रेस कार्यसमिति सदस्य कमलेश्वर पटेल ने सोमवार को रांची में प्रदेश कांग्रेस भवन में किया। इस दौरान मनरेगा में बदलाव और नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। कमलेश्वर पटेल ने भाजपा नेताओं को गोडसेवादी करार देते हुए कहा कि ये लोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी से नफरत करने वाले हैं। कमलेश्वर पटेल ने कहा कि एक तरफ केंद्र की भाजपा सरकार ने मनरेगा का नाम बदल दिया। दूसरी तरफ नेशनल हेराल्ड मामले में जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर-के वर्षों तक बीमार रहने वाले सोनिया गांधी और राहुल गांधी को परेशान और बदनाम करने की साजिश की। कमलेश्वर पटेल ने इस दोनों घटनाओं को भाजपा द्वारा लोकतंत्र का चीरहरण की कोशिश करने की बात कही। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड केस में अदालत के फैसले ने साफ कर दिया कि जनता के बीच गलत नैरेटिव सेट करने के लिए साजिश रची गयी थी। मनरेगा को लगातार कमजोर करने की कोशिश एमपी के पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल ने कहा कि मोदी सरकार ने लगातार पिछले 11 वर्षों से साजिश रचकर मनरेगा को कमजोर किया। पिछले 5 वर्षों में मनरेगा 50-55 दिन का रोजगार देने तक सिमट कर रह गया। उन्होंने कहा कि मनरेगा सिर्फ महात्मा गांधी का नाम बदलने तक का मामला नहीं है, बल्कि उस अधिकार को खत्म किया गया, जिसे कांग्रेस ने कानून के रूप में सुनिश्चित किया था। मनरेगा के लिए तैयार मसौदे को जिस स्थायी समिति के पास भेजा गया, उसके अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता कल्याण सिंह थे। लेकिन वर्तमान मोदी सरकार ने मनरेगा की जगह नयी योजना वीबी जी राम जी लाने से पहले राज्यों से चर्चा तक नहीं की। उन्होंने कहा कि मनरेगा से प्रति वर्ष 5 करोड़ परिवारों को रोजगार मिला, यह उनके आत्मसम्मान का अधिकार था। यह कानून संविधान के अनुच्छेद 21 से मिलने वाले अधिकारों पर आधारित गारंटी थी। उन्होंने कहा कि मनरेगा में कुल खर्च का 90 प्रतिशत केंद्र सरकार देती थी। नये कानून में केंद्र और राज्य का अनुपात 60:40 कर दिया गया है। कमलेश्वर पटेल ने कहा कि मोदी सरकार राज्यों पर 50 हजार करोड़ से अधिक का बोझ डालने वाली है, जो राज्यों की आर्थिक नींव को हिला देगा।

सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ भाजपा की साजिशकमलेश्वर पटेल ने कहा कि नेशनल हेराल्ड का मामला कोई आर्थिक घोटाला नहीं था, बल्कि राजनीतिक साजिश थी। उन्होंने कहा कि अदालत का फैसला कानून, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों के पक्ष में हैं। इसमें ना किसी सरकारी धन का दुरुपयोग था, न किसी व्यक्तिगत संपत्ति की हेरा फेरी और ना किसी का आर्थिक लाभ था। लेकिन जबरन इसे घोटाले का रंग देने की कोशिश की गयी। लेकिन अदालत ने इसे राजनीतिक बदले का उदाहरण मान कर दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया।




### नेहरू, गांधी का नाम हटाकर नया भारत नहीं गढ़ा जा सकता: केशव महतो कमलेश

मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि गांधी, अंबेडकर, नेहरू की साझा विरासत पर टिकी हमारी लोकतांत्रिक और संवैधानिक परंपरा को भाजपा, आरएसएस धीरे-धीरे कुतरना चाहते हैं। लेकिन उनकी सबसे बड़ी विडंबना यही है कि वह चाहे जितना मिटाने, घटाने या बदनाम करने की कोशिश कर लें, भारत की आत्मा गांधी, नेहरू और अंबेडकर से अलग नहीं की जा सकती है। इन नामों को हटाकर कोई नया भारत नहीं गढ़ा जा सकता। क्योंकि इसी विरासत पर यह लोकतंत्र, संविधान और यह देश खड़ा है। केशव महतो कमलेश ने कहा कि महात्मा गांधी, बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर और पंडित जवाहर लाल नेहरू के नाम और उनकी विचारधारा का नाम लेने वालों से चीढ़ और नफरत भाजपा, आरएसएस के विचारधारा का केंद्रीय तत्व है। उन्होंने कहा कि यही नफरत की राजनीति समय-समय पर सामने आती रहती है। मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, राजेश कच्छप, राकेश सिन्हा, सोनाल शांति, जगदीश साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# कांग्रेस पार्टी को भगवान श्रीराम और विकसित भारत से परेशानी: आदित्य साहू

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहू ने बताया कि 24 दिसंबर को सभी स्थानों पर अटल जी की प्रतिमा की सफाई की जायेगी, शाम को दीपोत्सव मनाया जायेगा**



**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में सांगठनिक बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू, राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग, प्रदेश प्रभारी सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री और सांसद डॉ प्रदीप वर्मा, मनोज कुमार सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक के बाद प्रेस से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सांसद आदित्य साहू ने कांग्रेस पार्टी बड़ा निशाना साधा। साहू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राम विरोधी, विकसित भारत विरोधी पार्टी है। कांग्रेस को घुसपैठियों से प्रेम है लेकिन भारत की जनता से नहीं। साहू ने मोदी सरकार द्वारा जी राम जी योजना पर कांग्रेस की बयानबाजी को उनका बौखलाहट करार दिया। उन्होंने कहा कि यह नाम बदलने की योजना नहीं है बल्कि ग्रामीण भारत की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुरूप बनायी गयी योजना है। 2005 की तुलना में आज के ग्रामीण भारत की आवश्यकताएं बदली हैं। उन्होंने कहा कि नयी योजना में साप्ताहिक भुगतान का प्रावधान किया गया है। साथ ही साथ राज्य की जिम्मेवारी बढ़ायी गयी है। अब केंद्र और राज्य सरकारें 60:40 के अनुपात में खर्च करेंगे। उन्होंने कहा कि रोजगार नहीं मिलने की स्थित में बेरोजगारी भत्ता का भी प्रावधान किया गया है।

### सभी विधानसभा क्षेत्रों में होंगे अटल स्मृति सम्मेलन

बैठक में अटल जन्म शताब्दी वर्ष को बूथ स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाने का निर्णय हुआ है। साहू ने बताया कि 24 दिसंबर को सभी स्थानों पर अटल जी की प्रतिमा की सफाई की जायेगी। शाम को दीपोत्सव मनाया जायेगा।

आगामी 25 से 31 दिसंबर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलन आयोजित किये जायेंगे। इसके साथ ही सभी जिलों में सात दिनों तक अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चित्र प्रदर्शनी, रंगोली प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। अटल स्मृति वर्ष कार्यक्रम की प्रदेश टोली के संयोजक प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय, सह संयोजक अनंत ओझा, सरोज सिंह, सुनीता सिंह, शिवपूजन पाठक, योगेंद्र प्रताप सिंह, रमाकांत महतो, अविनेश कुमार शामिल हैं।

## एमपी-एमएलए के खिलाफ लंबित मामलों का जल्द हो निष्पादन : हाइकोर्ट

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य के सांसदों और विधायकों (एमपी-एमएलए) के खिलाफ लंबित आपराधिक मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर गंभीर रुख अपनाते हुए सोमवार को न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में स्वतः संज्ञान से दर्ज मामले की सुनवाई की गयी। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सीबीआइ को मौखिक रूप से निर्देशित किया कि वे एमपी-एमएलए से जुड़े आपराधिक मामलों को जल्द से जल्द निपटायें।

### प्रकृति का नजारा : ऊंची पहाड़ियों और घने जंगलों से घिरा यह डैम

# सैलानियों को आकर्षित कर रहा पनघटवा डैम

### नौका विहार : यहां पर्यटकों के लिए बोटिंग और बैठने के लिए है शेड

**पसंदीदा स्पॉटः झारखंड, यूपी और बिहार के लोगों का यह है प्रमुख पिकनिक स्थल**

**पूर्ण सुरक्षाः नववर्ष पर पुलिस की तैनाती से यहां परिवार के साथ घूमना बिल्कुल सुरक्षित**

**आसान रास्ताः बस, ऑटो और निजी वाहनों से यहां पहुंचना है बेहद सरल और सुगम**



जितेंद्र कुमार यादव

**डंडई/गढ़वा।** नववर्ष के आगमन के साथ ही हर किसी के मन में कहीं घूमने-फिरने और परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने की इच्छा होती है। अगर आप भी नयी साल की शुरूआत प्रकृति की गोद में करना चाहते हैं, तो गढ़वा जिले का प्रसिद्ध पनघटवा डैम आपके लिए सबसे बेहतर और सुरक्षित पर्यटन स्थल साबित हो सकता है। डंडई व धुरकी प्रखंड की सीमा पर स्थित पनघटवा डैम प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर है। चारों ओर फैली हरियाली, घने जंगल और दो ऊंची पहाड़ियों से घिरा यह डैम पर्यटकों को अपनी ओर स्वतः आकर्षित करता है। डैम की गहराई अधिक होने के कारण इसमें सालों भर पानी भरा रहता है, जिससे इसकी खूबसूरती हमेशा बनी रहती है। खासकर दिसंबर और जनवरी माह में यहां दूर-दराज से हजारों पर्यटक पहुंचते हैं और प्राकृतिक वादियों का भरपूर आनंद उठाते हैं। पर्यटकों के मनोरंजन के लिए डैम में नौका विहार की सुविधा उपलब्ध है। एक छोर से दूसरे छोर तक नाव से घूमना लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहता है। पर्यटन विभाग द्वारा डैम के दोनों ओर बैठने के लिए आकर्षक शेड का निर्माण कराया गया है। वहीं डैम के बीचों-बीच बनी पानी की टंकी और दाएं-बाएं ओर से निकली बड़ी नहरें इसकी सुंदरता में चार चांद लगाती हैं। यहां का शांत वातावरण और मनमोहक दृश्य लोगों को मोबाइल कैमरे में कैद करने के लिए मजबूर कर देता है। नववर्ष के मौके पर पनघटवा डैम पिकनिक स्पॉट के रूप में खास पहचान बना चुका है। दिसंबर माह से ही लोग यहां नये साल का जश्न मनाने पहुंचने लगते हैं। झारखंड के अलावा छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश और बिहार से भी पर्यटक यहां पहुंचते हैं। कई विद्यालय और शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं भी पिकनिक मनाने के लिए इस स्थल को चुनते हैं। एक बार यहां आने के बाद पर्यटक दोबारा आने की इच्छा जरूर जताते हैं।

**आने का रास्ता पूरी तरह सुगम :**

पनघटवा डैम तक पहुंचने के लिए अलग-अलग दिशाओं से सुगम मार्ग उपलब्ध है।

गढ़वा जिला मुख्यालय से मेराल और डंडई मुख्य सड़क होते हुए आसानी से डैम पहुंचा जा सकता है। उत्तर प्रदेश से आने वाले पर्यटक श्री बंशीधर नगर और धुरकी के रास्ते डैम तक पहुंचते हैं।

### छत्तीसगढ़ से आने के लिए कनहर नदी पार कर सीधा संपर्क मार्ग है

गढ़वा से टेंपो, चार पहिया वाहन और बस की नियमित सुविधा उपलब्ध है, जिससे पर्यटकों को आवागमन में कोई परेशानी नहीं होती।

नववर्ष पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन डैम पर रहते हैं तैनात

नववर्ष के दिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहता है। डंडई थाना और धुरकी थाना की पुलिस बल पिकनिक स्थल पर तैनात रहती है, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

कुल मिलाकर, अगर नये साल में घूमने का मन है और प्रकृति के करीब कुछ यादगार पल बिताना चाहते हैं, तो इस बार पनघटवा डैम जरूर आयें।

# हाइकोर्ट ने रांची डीसीएलआर पर 25 हजार का जुर्माना लगाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने अनिल कुमार सिंह बनाम राज्य सरकार से जुड़े अवमानना मामले में बड़ा कदम उठाते हुए डिप्टी कलेक्टर लैंड रिफॉर्म्स रांची पर 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की अदालत ने अधिकारियों की सुस्ती पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि कोर्ट के आदेश को एक साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद लागू नहीं किया गया। मामला रांची के लालगुटुआ मौजा की जमीन से जुड़ा है। वर्ष 1963 में देवकली देवी ने 43 डिसमिल जमीन की खरीद की थी, जिसका विधिवत म्यूटेशन कराया गया और लगातार रसीद भी कटती रही। इसके बावजूद वर्ष 2000 में पुराने जमीन मालिक के कुछ रिश्तेदारों ने कथित रूप से उसी जमीन को अजीत कुमार बरियार के नाम बेच दिया। इस मामले में झारखंड हाइकोर्ट ने 11 जनवरी 2024 को रिट याचिका संख्या 2493/2007 में आदेश पारित करते हुए अजीत कुमार बरियार व अन्य के नाम पर खोली गयी दोहरी जमाबंदी को अवैध घोषित कर दिया था।

देवकली देवी के पुत्र द्वारा अवमानना याचिका दायर किये जाने पर अदालत ने सुनवाई करते हुए डीसीएलआर रांची को आदेश का उल्लंघन करने का दोषी माना और 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर डीसीएलआर रांची याचिकाकर्ता के नाम से 25 हजार रुपये का डिमांड ड्राफ्ट अदालत में जमा करें। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि आदेश का अनुपालन नहीं किया गया तो 7 जनवरी को डीसीएलआर रांची को व्यक्तिगत रूप से हाइकोर्ट में उपस्थित होना होगा।


INVITATION FOR CAR WASHING SERVICE
A gated residential apartment society near Ara Gate, Tatisilway, Ranchi invites bids from car washing service providers.
Approx. 300 cars
(Number may vary based on owners' willingness to avail the service)
This is an opportunity invitation only
Equal opportunity will be provided to all eligible service providers
For Details, Please Contact 8800150411






आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in




## महत्वपूर्ण खबरें

### युवा महोत्सव स्पंदन का शुभारंभ



**रांची (आजाद सिपाही)।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में सोमवार को युवा महोत्सव स्पंदन 2025 का शुभारंभ हुआ। मौके पर युवाओं की ऊर्जा, रचनात्मकता, कला और संस्कृति के कई रंग बिखरे। दिन के 10:30 बजे उद्घाटन के बाद विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। महोत्सव युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने और उनकी सृजनात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। स्पंदन के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक, कलात्मक एवं रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी प्रतिभागियों, आयोजकों आदि का आभार व्यक्त किया गया।

### सेंट थॉमस स्कूल में क्रिसमस उत्सव मना




**रांची (आजाद सिपाही)।** सेंट थॉमस स्कूल, धुर्वा में सोमवार को क्रिसमस का उत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। प्रभात तारा चर्च के विकर रेवरेंड फादर फिलोमेन एक्का ने इसमें बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लिया। प्रधानाचार्य रेवरेंड थॉमस, के थॉमस, उप प्रधानाचार्य जेसी जैकब और सेंट थॉमस स्कूल कुली के प्रशासक फादर अश्विन थॉमस जैकब मौके पर उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों की ओर से कैरल गायन और क्रिसमस नाटक का मंचन किया गया।

### फुटबॉल टूर्नामेंट में हुबई की टीम ने मारी बाजी



**रांची (आजाद सिपाही)।** किशूनपुर सरना मैदान में सोमवार को एक दिनी फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच सरना स्पोर्टिंग क्लब और हुबई बीआइटी के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में हुबई बीआइटी ने बाजी मारी। करण ने गोल दाग कर जीत दर्ज कराया। मैन ऑफ द टूर्नामेंट करण को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। बशराम पहन ने विजयी टीम को खसी, ट्रॉफी और नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि इरशाद अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर सभी को शुभकामना दी। अध्यक्ष मुना पहन, आशीष मुंडा, सोनू उरांव, जाहिद, दिलीप, अजीत, मुकेश, माली,अनु, कुलदीप, कारण, अनिल आदि ने इसके सफल संचालन में मुख्य योगदान दिया।

### सेक्रेड चाइल्ड में क्रिसमस उत्सव



**रांची (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड चाइल्ड अकादमी प्ले स्कूल, कोकर में सोमवार को क्रिसमस उत्सव मनाया गया। इसमें बच्चों ने आर्ट्स, क्राफ्ट्स, कहानी सुनने, कैरोल गाने, गिफ्ट एक्सचेंज और सांता क्लॉज की स्पेशल विजिट का भरपूर आनंद लिया। खुशियां बांटने, क्रिएटिविटी और देने की भावना को बढ़ावा दिया गया। सांता की उपस्थिति का अलग आकर्षण रहा।

### झारखंड में ठंड का कहर, स्कूलों में छुट्टी की मांग



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन से स्कूलो में छुट्टी की मांग की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने इसको लेकर उपायुक्त को ईमेल से ज्ञापन सौंपा है, जिसमें सरकारी और गैर सरकारी सभी विद्यालयों में कुछ दिनों के लिए पूर्ण अवकाश घोषित किए जाने का अनुरोध किया है। अजय राय ने बताया कि मौसम विभाग और समाचार माध्यमों के अनुसार रांची जिले का न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। लोहरदगा 3.0, गुमला में 5.2, गढ़वा में 4.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गयी है। अन्य जिलों में तापमान और भी नीचे चला गया है। मौसम विभाग ने यह भी चेतावनी जारी की है कि आगामी कई दिनों तक ठंड से राहत की कोई संभावना नहीं है। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड, घने कोहरे और शीतलहर की स्थिति में सुबह के समय विद्यालय जाना छोटे बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन गया है। सर्दी-खांसी, बुखार, निमोनिया, दमा और अन्य श्वसन संबंधी बीमारियों का जोखिम तेजी से बढ़ रहा है।

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस पर बौद्धिक उत्सव

# इंटर-हाउस गणित और कोडिंग क्विज प्रतियोगिता में बच्चों ने की सहभागिता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय गणित दिवस अत्यंत उत्साह, उल्लास और शैक्षणिक गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न कक्षा स्तरों के लिए रोचक इंटर-हाउस गणित एवं कोडिंग क्विज प्रतियोगिताओं की श्रृंखला आयोजित की गयी। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, समस्या-समाधान क्षमता और डिजिटल साक्षरता को सुदृढ़ करना, साथ ही स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को विकसित करना था।



कार्यक्रम के अंतर्गत पहली एवं दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों के लिए इंटर-हाउस गणित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जबकि तीसरी से पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों ने इंटर-हाउस गणित एवं कोडिंग क्विज प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। नन्हे प्रतिभागियों ने मानसिक गणना, संख्या-पहेलियां, कोडिंग पैटर्न से जुड़े प्रश्नों तथा रैपिड-फायर राउंड्स में पूरे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिससे विद्यालय परिसर में उमंग, जोश और टीमवर्क से परिपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ। इन प्रतियोगिताओं ने विद्यार्थियों को अपनी तीक्ष्ण तार्किक क्षमता एवं कम्प्यूटेशनल थिंकिंग में बढ़ती रुचि को प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान किया। कार्यक्रम में और अधिक रोमांच जोड़ते हुए छठी से आठवीं कक्षा तथा नवमी से बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए सुडोकू प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने एकाग्रता, धैर्य और विश्लेषणात्मक सोच का उत्कृष्ट परिचय दिया।

विद्यालय की प्राचार्या मनीषा शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान करते हुए इस शैक्षणिक पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में जिज्ञासा को जागृत करती हैं, विश्लेषणात्मक और समस्या-समाधान क्षमताओं को निखारती हैं और अधिगम को आनंदमय बनाती हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन की दृढ़ निष्ठा, रचनात्मकता और सीखने के प्रति अटूट लगन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। यह भी स्पष्ट किया कि गणित केवल अंकों का विषय नहीं, बल्कि तार्किक एवं नवाचारी सोच का सशक्त माध्यम है।

समग्र रूप से, यह आयोजन सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की अनुभवात्मक शिक्षण पद्धति और समग्र शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त रूप से प्रतिबिंबित करता है, जिससे राष्ट्रीय गणित दिवस सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए एक बौद्धिक रूप से प्रेरक, ज्ञानवर्धक एवं स्मरणीय अनुभव बन गया।

# भीषण ठंड को देखते हुए बंद किये जायें स्कूल : संयुक्त शिक्षक मोर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में बीते 3-4 दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड को देखते हुए झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा ने विद्यालय में पठन-पाठन स्थगित किये जाने की मांग की है। मोर्चा के द्वारा कहा है कि झारखंड में लगातार कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंडी हवाओं के कारण दिन में भी शीतलहर महसूस की जा रही है। रांची मौसम विभाग ने पिछले 24 घंटे के दौरान दोपहर में भी शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया। यह अलर्ट रांची, पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा और लोहरदगा जिलों के लिए दिया गया है। मौसम की स्थिति ऐसी है कि जैसी ठंड आमतौर पर रात में होती है, वैसी ही ठंड अब दोपहर में भी महसूस हो रही है। मौसम विभाग ने पूरे झारखंड में कड़ाके की ठंड को लेकर चेतावनी जारी की है। इस संबंध में मोर्चा के प्रदेश संयोजक अमीन अहमद, विजय बहादुर सिंह और प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास के द्वारा शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह और निदेशक प्राथमिक शिक्षा को पूर्व में ही एक मांग पत्र सौंप कर विद्यालय समयावधि को छात्र हित में घटाये जाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि ठंड के प्रकोप से विद्यालयों में छात्र-छात्राओं के उपस्थिति में प्रतिकूल असर पड़ रहा है जिसे ध्यान में रखते हुए तत्काल प्रभाव से विद्यालय में पठन-पाठन स्थगित किया जाना चाहिए या विद्यालय समयावधि को कम करते हुए प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक किया जाना एक बेहतर विकल्प हो सकता है।

## विशेश्वरी स्टडी सेंटर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

# मेधावी विद्यार्थी को स्मृति चिह्न प्रदान कर किया गया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान विशेश्वरी स्टडी सेंटर में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जेएसएससी, सीजीएल, सहायक आचार्य और अन्य पदों पर चयनित विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक शशि शेखर ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि मेहनत, लगन और निरंतरता के साथ की गयी तैयारी कभी बेकार नहीं जाती है। आज इन बच्चों की सफलता उनके कठिन परिश्रम का परिणाम है। हमारा लक्ष्य केवल शिक्षा देना नहीं है, बल्कि हम विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना चाहते हैं।




इस वर्ष, विशेश्वरी स्टडी सेंटर के विद्यार्थियों ने सीजीएल और सहायक आचार्य परीक्षा में शानदार प्रदर्शन किया। 350 से अधिक विद्यार्थी सीजीएल. परीक्षा में सफल हुए, वहीं 250 से अधिक विद्यार्थी सहायक आचार्य परीक्षा में उत्तीर्ण हुए। इन मेधावी विद्यार्थियों को उनकी कड़ी मेहनत और सफलता के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये।

इस समारोह में संस्थान के शिक्षकगण, विद्यार्थियों के अभिभावक और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में शशि शेखर ने सभी विद्यार्थियों को आगे की परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा कि वे इसी तरह अपनी मेहनत और समर्पण से भविष्य में और भी ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं।

# शहर के कई इलाकों में आज 2 घंटे पावर कट रहेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शहर के कई इलाकों में मरम्मत कार्य करने की वजह से कई घंटों पावर कट रह रहा है। इसी संदर्भ में कल यानि 23 दिसंबर को को 33 केवी विकास फीडर की विद्युत आपूर्ति दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान 33/11 केवी पीएसएस पानी टंकी में मीटरिंग यूनिट स्थापित करने का कार्य किया जायेगा। बिजली विभाग की ओर से कहा गया है कि आवश्यक तकनीकी कार्य किये जाने के कारण 2 घंटे के लिए शटडाउन लिया जा रहा है जिससे भविष्य में बिजली व्यवस्था को और अधिक सुचारू व सुरक्षित बनाया जा सके। इस दैरान जिन क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी, उनमें-बरियातू हाउसिंग कॉलोनी, दिवाकर नगर, कुजूर टोला, बड़गाईं, महावीर मेडिका, चेशायर होम रोड, रानी बागान सहित आसपास के अन्य इलाके शामिल हैं। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे निर्धारित समय को ध्यान में रखते हुए आवश्यक तैयारी कर लें। विभाग ने यह भी बताया कि कार्य समय से पहले पूरा होने पर विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी। बिजली आपूर्ति में असुविधा के लिए विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग और धैर्य बनाये रखने की अपील की है।

# बिट्टी बालपन प्ले स्कूल में क्रिसमस उत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बिट्टी बालपन प्ले स्कूल में क्रिसमस का पर्व बड़े हर्ष, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सजावट, आकर्षक क्रिसमस ट्री एवं चमकते सितारों से भव्य रूप से सजाया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण आनंदमय हो उठा। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने प्रभु यीशु मसीह के जीवन, त्याग उनके प्रेम, शांति और भाईचारे के संदेशों पर प्रकाश डाला। नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, मधुर गीत एवं लघु नाटिकाओं ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। सैंटा क्लॉज के रूप में सजे एक छात्र ने बच्चों के बीच टॉफियां वितरित कीं, जिससे बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या जुथिका सान्याल ने अपने संबोधन में क्रिसमस पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेम, शांति एवं सौहार्द्र का संदेश दिया।



# रांची विवि में आजसू ने की तालाबंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** समय पर रिजल्ट जारी नहीं करने और विद्यार्थियों के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए आजसू ने रांची विवि में तालाबंदी कर जोरदार आंदोलन किया। इयमें फॉरेंस कॉलेज इरबा रांची के (बीएमएलटी) बैचलर ऑफ मेडीकल लेबोरेट्री टेक्नोलॉजी सत्र 2023-2027 के छात्रों ने भी बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभायी। छात्र-छात्राओं ने कहा कि परीक्षा के बाद अभी तक कॉलेज की ओर से रिजल्ट जारी नहीं किया गया है। सत्र लेट चल रहा है, रजिस्ट्रेशन भी फेल होने के कगार पर है। कॉलेज मैनेजमेंट और प्रिंसिपल लगातार छात्रों के साथ के साथ दुर्व्यवहार करते हैं। अब यह बर्दास्त नहीं किया जायेगा। बाद में आंदोलनरत विद्यार्थियों से परिक्षा नियंत्रक, प्रॉक्टर और कॉलेज मैनेजमेंट ने वार्ता कर समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद तालाबंदी समाप्त किया गया। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो, वरीय उपाध्यक्ष ऋतुराज शहदेव, प्रताप सिंह, अमन साहू, रवि रोशन,योगेश महतो आदि तालाबंदी करने वालों में मुख्य थे।



# वाइबीएन विवि में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची स्थित वाइबीएन विश्वविद्यालय द्वारा सोमवार को बड़े शैक्षणिक उत्साह और भागीदारी के साथ नयी दिशा की खोजः एनइपी-2020 को समकालीन विश्वविद्यालय शिक्षा और विकसित भारत के साथ एकीकृत करने के विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार के प्रथम दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया।




कार्यक्रम में उद्घाटन सत्र की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। कुलपति प्रो. डॉ सत्यदेव पोद्दार ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की उच्च शिक्षा को बदलने और विकसित भारत के दृष्टिकोण से जोड़ने की प्रासंगिकता पर प्रकाश डाला। प्रो-चांसलर रामजी यादव ने उद्घाटन भाषण दिया, जिसमें उन्होंने सभी गरिमामय व्यक्तियों, अतिथियों, शैक्षणिक विद्वानों और प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया, धन्यवाद ज्ञापित किया और राष्ट्रीय सेमिनार के उद्देश्यों पर जोर दिया। इस दौरान परीक्षा नियंत्रक श्रवण कुमार सिंह आदि उपस्थित थे। वहीं सीएमडी डॉ अंकिता यादव, मुख्य अतिथि पद्मश्री अशोक भगत, सम्मानित अतिथि प्रो डॉ साकेत कुशवाहा (लद्दाख विश्वविद्यालय के कुलपति), प्रो. डॉ प्रमोद कुमार वर्मा (महर्षि माहेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति), प्रो. डॉ मनोज कुमार सिन्हा (धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर), प्रो. (डॉ.) विजय कुमार करण (डीएसडब्ल्यू, नवा नालंदा बिहार, नालंदा), धर्मेंद्र सिंह (फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी परिषद सदस्य), डॉ. राजत शर्मा (जीडी गोइंका विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग प्रमुख), डॉ. बिश्वेंदु भट्टाचार्जी (यूएनआई के वरिष्ठ संवाददाता) और डॉ. राजीव प्रसाद (एशिया प्रशांत के लिए भौगोलिक प्रतिनिधि- विश्व ऑप्टोमेट्री परिषद) ने समागम को संबोधित किया और सेमिनार के उद्देश्यों व महत्व पर अपने विचार साझा किए। मुख्य व्याख्यान प्रो. (डॉ.) विजय कुमार करण ने दिया, जिन्होंने एनईपी-2020 के संदर्भ में नवीन शैक्षणिक प्रथाओं, बहु-विषयी शिक्षा व शोध-आधारित शिक्षण पर जोर दिया।

उद्घाटन सत्र संयोजक प्रो. (डॉ) आशीष सरकार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त ह७ुआ, इसके बाद विशेष विषयगत शैक्षणिक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें विद्वानों और संकाय सदस्यों ने चर्चा की। विभिन्न अनुशासनों के शोध विद्वान, संकाय सदस्य और छात्रों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों मोड में सक्रिय रूप से भाग लिया और अपने शोध दृष्टिकोण साझा किए। सेमिनार का प्रथम दिवस सफलतापूर्वक समाप्त हुआ, जिसने द्वितीय दिवस के लिए निर्धारित शैक्षणिक चचाओं के लिए मजबूत आधार तैयार किया।

### हाइकोर्ट ने चौकीदार बहाली में ‘बीट’ की अनिवार्यता खत्म की

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाइकोर्ट ने चौकीदार पद पर नियुक्ति को लेकर एक अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि बहाली के लिए उम्मीदवार का उसी विशेष बीट यानी कार्यक्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य नहीं है। अदालत के इस निर्णय से राज्य भर के उन अभ्यर्थियों को बड़ी राहत मिली है, जिनके आवेदन केवल बीट क्षेत्र की बाध्यता के कारण खारिज कर दिये गये थे। यह मामला गिरिडीह जिले के निवासी पवन कुमार राय से जुड़ा है। उन्होंने चौकीदार पद के लिए आवेदन किया था, लेकिन जिला प्रशासन और राज्य सरकार ने उनकी उम्मीदवारी यह कहते हुए रद्द कर दी थी कि वे संबंधित बीट के स्थायी निवासी नहीं हैं। इस निर्णय को चुनौती देते हुए पवन कुमार राय ने झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की थी।




आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in


## महत्वपूर्ण खबरें

### भाषाओं का कोई सीमित दायरा नहीं होता : डॉ नारायण देसाई



रांची (आजाद सिपाही)। रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा संकाय (टीआरएल) में सोमवार को भारतीय जनजातीय भाषाओं की दशा व दिशा विषय पर एक विचारोत्तेजक संगोष्ठी का खास आयोजन किया गया। गोवा से आए मुख्य वक्ता, शिक्षक, अनुवादक और स्तंभकार डॉ नारायण देसाई ने भाषाओं के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि भाषाओं का कोई सीमित दायरा नहीं होता। उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे जीवन में अपने विकल्प स्वयं खोजें, आंख मूंदकर किसी के पीछे न चलें, नये शैक्षणिक रास्ते तलाशें और प्रश्न करने की आदत विकसित करें। डॉ राम मनोहर लोहिया रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष अभिषेक रंजन सिंह ने कहा कि हमें किसी भी परिस्थिति में अपनी मातृभाषा नहीं छोड़नी चाहिए। साथ ही अन्य भारतीय भाषाओं से भी प्रेम करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ज्ञान-विज्ञान के विस्तार के लिए अन्य भाषाओं की जानकारी जरूरी है, लेकिन अपनी भाषा से जुड़ाव हमारी इच्छाशक्ति पर निर्भर करता है। कार्यक्रम का संचालन डॉ किशोर सुरिन ने और धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय मुंडारी विभाग के डॉ बीरेंद्र कुमार सोय ने किया। संगोष्ठी में टीआरएल संकाय के पूर्व शिक्षक डॉ हरि उरांव, डॉ बीरेंद्र कुमार महतो, डॉ रीझु नायक, डॉ बंदे खलखो, डॉ करम सिंह मुंडा, शकुन्तला बेसरा सहित संकाय के शिक्षक, शोधार्थी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### बीसीआइ प्लैटिनम का पावर वन टू वन कार्यक्रम आयोजित



रांची (आजाद सिपाही)। बिजनेस क्रिएशन ऑफ इंडिया (बीसीआइ) प्लैटिनम की ओर से पावर वन टू वन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन मेन रोड स्थित आरआर अली मॉल में डिजाइन डी इंटीरियर्स के निदेशक मृत्युंजय केसरी ने किया। श्री केसरी ने इंटीरियर डिजाइन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। उन्होंने कार्य प्रक्रिया, डिजाइन प्लानिंग और प्रोजेक्ट एक्जीक्यूशन को सरल भाषा में समझाते हुए बताया कि किस प्रकार बेहतर इंटीरियर डिजाइन के माध्यम से व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अधिक आकर्षक और प्रभावी बनाया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीसीआइ के मेंटर किशोर मंत्री ने नेटवर्किंग की शक्ति और उससे होने वाले व्यावसायिक लाभों को सरल और प्रभावशाली ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में मजबूत नेटवर्क किसी भी व्यवसाय की सफलता की कुंजी है। बीसीआइ प्लैटिनम के अध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि सदस्यों के लिए भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से अपने सदस्यों के व्यवसायिक विकास को निरंतर प्रोत्साहित करता रहेगा। इस अवसर पर बीसीआइ प्लैटिनम के अध्यक्ष राजेश कुमार, उपाध्यक्ष जूली कुमारी, सचिव रोहन साहा, कोषाध्यक्ष अमर बाजोरिया, डॉयरेक्टर अजय कुमार, रमेश कुमार, धीरज ग्रोवर, शिव कुमार सिंह समेत बीसीआइ के 50 से अधिक सदस्य मौजूद थे।

### रांची में दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी की विशेष स्क्रीनिंग आज




रांची (आजाद सिपाही)। एक्शा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी पारिवारिक मनोरंजन फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी की विशेष, आमंत्रण-आधारित स्क्रीनिंग का आयोजन 23 दिसंबर को पीजेपी सिनेमा मॉल ऑफ रांची में किया जायेगा। इस खास मौके पर फिल्मपूरी कास्ट, कलाकार और तकनीकी टीम मौजूद रहेंगे। इससे यह आयोजन रांची के लिए एक गर्व का अवसर बन जायेगा। इस स्क्रीनिंग का रांची से गहरा भावनात्मक जुड़ाव है, क्योंकि फिल्म के निर्माता एकांश बच्चन और हर्षा बच्चन रांची से ही ताल्लुक रखते हैं। अपने गृह नगर में फिल्म की विशेष प्रस्तुति उनके लिए होमकमिंग जैसा अवसर होगी, यहां वे अपनी जड़ों के बीच अपने सिनेमा का उत्सव मनायेंगे। निर्माता होने के साथ-साथ हर्षा बच्चन एक गायिका भी हैं और उन्होंने फिल्म में अपनी आवाज दी है। उनके इस बहुआयामी योगदान ने फिल्म को एक खास और व्यक्तिगत रचनात्मक स्पर्श दिया है। दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का निर्देशन सिद्धांत राज सिंह ने किया है। एकांश बच्चन और हर्ष बच्चन निर्माता और रमित ठाकुर सह-निर्माता हैं। प्रशांत सिंह ने इसकी कहानी लिखी है। महिमा चौधरी और संजय मिश्रा समेत कई कलाकारों ने काम किया है। फिल्म के मुख्य कलाकारों, सह-कलाकारों, गायकों, तकनीकी टीम और रचनात्मक सहयोगियों की सामूहिक उपस्थिति इस स्क्रीनिंग को दुर्लभ और यादगार बना देगी। यह आयोजन फिल्म के पीछे की टीम भावना, सहयोग और भावनात्मक जुड़ाव को भी दर्शाता है। निर्माता एकांश बच्चन और हर्षा बच्चन ने कहा कि दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी को एक पारिवारिक मनोरंजक फिल्म के रूप में प्रस्तुत किया गया है, जो अपनी अनोखी कहानी, भावनात्मक गहराई और सहज हास्य के लिए चर्चा में है। रांची में होने वाली यह स्क्रीनिंग केवल फिल्म प्रदर्शन नहीं, बल्कि सिनेमा, संस्कृति और अपनी मिट्टी से जुड़े गर्व का उत्सव होगी।

# भक्ति से सफल होता है जीवन : मुनिश्री

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आचार्य श्रीविद्यासागर जी से दीक्षित और आचार्यश्री समय सागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री धर्म सागर जी और मुनिश्री भाव सागर जी महाराज का सोमवार को दिगंबर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज ने अपने सद्गुरु का जगह-जगह पाद प्रक्षालन कर भव्य स्वागत किया। बाद में आयोजित धर्म सभा में श्रावकों को आशीर्वचन प्रदान करते हुए मुनिश्री ने ज्ञानात्मक बाते बतायी। मुनिश्री भावसागर जी महाराज ने कहा कि भक्ति से तन, मन, वचन, वतन,धन,जीवन सफल हो जाता है। पूजा भक्ति एक अमृत रस है। भक्ति से शरीर मन, आत्मा, हृदय शुद्ध होते है।

समाज, देश, परिवार शुद्ध होता है। मोक्ष के द्वार का ताला भक्ति रूपी चाबी से खुल जाता है। भक्ति पापी मन को पवित्र करती है। भक्ति मुक्ति महल की चाबी है। मंत्री जीतेंद्र छाबड़ा उपाध्यक्ष संजय छाबड़ा, कोषाध्यक्ष प्रमोद झांझरी, पदम गोधा, अशोक सोगानी, हेमंत सेठी, धर्मेंद्र छाबड़ा, मीडिया प्रभारी राकेश काशलीवाल सहित बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने धर्मसभा में खास तौर से हिस्सा लिया।

## मुनिश्री की चल रही अहिंसा रक्षा पद यात्रा

मुनिश्री धर्म सागर जी और मुनिश्री भाव सागर जी के सानिध्य में अहिंसा रक्षा पद यात्रा चल रही है। यात्रा के क्रम में दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री का मंगल प्रवेश हुआ। मुनि संघ का पद बिहार श्रीसम्मेद शिखर जी के लिए चल रहा है। इसमें सिवनी, कटंगी, गुना,रांची, ललितपुर, खिमलासा, जैन समाज के लोग बढ़-चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। सुरेश काशलीवाल ने बताया कि मुनिश्री का लगभग 900 किलोमीटर का पद विहार हो चुका है। श्री सम्मेद शिखरजी तक 160 किलोमीटर और पद बिहार होगा।

# जशपुरिया पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग की रही धूम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जशपुरिया पब्लिक स्कूल, बीसा में सोमवार को क्रिसमस गैदरिंग और नववर्ष समारोह की धूम रही। जशपुरिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन और मुख्य अतिथि जैलेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। चीफ गेस्ट जैलेंद्र कुमार ने क्रिसमस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेम, शांति, भाईचारे और सेवा भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से नैतिक मूल्यों के साथ शिक्षा ग्रहण कर समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की बात कही। स्वागत गीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। नृत्य, समूह गीत, भाषण, कॉमेडी, स्टेज डांस और प्रेरणादायक गीतों का समा बंध रहा। प्रधानाध्यापिका डॉ शालिनी प्रिया ने अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों, विद्यार्थियों को क्रिसमस और नववर्ष की शुभकामनाएं दी। शिक्षक बिरेंद्र कुमार, बिरेंद्र हजाम, मल्लिका कुमारी, संध्या कुमारी, नीतू प्रिया एक्का, देव नारायण साहू, रोहित कुमार महतो, रवि कुमार, रश्मि सिंह मुंडा, बसंती बडाईक, प्रीती बडाईक, श्वेता बडाईक, अनन्या बडाईक, फूलो देवी, कार्यालय प्रभारी नजीर आदि मौके पर खास तौर से मौजूद थे।

# सुधा सिन्हा मेमोरियल वीमेंस मीडिया कप बैडमिंटन टूर्नामेंट आज से शुरू

**पहली महिला पत्रकार की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में 26 टीम में ले रही हिस्सा**




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सह पूर्वी भारत की पहली महिला पत्रकार सह संपादक रहीं स्वर्गीय सुधा सिंह की स्मृति में हर वर्ष आयोजित होने वाला, सुधा सिन्हा मेमोरियल विमेंस मीडिया कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का मंगलवार को मोरहाबादी बैडमिंटन कोर्ट में पूर्वाह्न 8:00 बजे से शुभारंभ होगा। सुधा एंड अरमान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट और रांची प्रेस क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में, फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन झारखंड के विशेष सहयोग से, झारखंड की 26 महिला पत्रकार भाग ले रहीं। इस वर्ष इस टूर्नामेंट का दूसरे सीजन का आयोजन किया जा रहा। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही प्रतिभागियों का चयन रांची प्रेस क्लब की चयन समिति के द्वारा किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन युवा एवं खेल मंत्रालय विभाग के निदेशक शेखर जमुआर द्वारा प्रातः 09:00 बजे किया जायेगा। अपराह्न 4:30 बजे इस टूर्नामेंट के विजयी प्रतिभागियों को इस टूर्नामेंट के, समापन सह सम्मान समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय के द्वारा ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित जायेगा।

# फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ की मनी जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** फर्स्ट मार्क पब्लिक स्कूल में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती उत्साह से मनाई गयी। मौके पर गणित आधारित क्विज प्रतियोगिता का खास आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 1 से कक्षा 9 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने गणित से संबंधित मॉडल और चार्ट प्रदर्शित किये, जिनमें उनकी रचनात्मकता और समझ स्पष्ट रूप से दिखाई दी। विद्यार्थियों ने सरल और रोचक तरीकों से गणितीय अवधारणाओं को प्रस्तुत किया। बच्चों की प्रतिभा को शिक्षकों और अभिभावकों ने सराहा। मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रशासक प्रमोद कुमार ने महान गणितज्ञ रामानुजन के जीवन और योगदान पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को गणित को डर नहीं बल्कि आनंद के रूप में सीखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में तार्किक सोच और नवाचार को बढ़ावा देते हैं। कार्यक्रम का सफल आयोजन नम्रता सिंह के नेतृत्व में किया गया, जिसमें विद्यालय के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा। स्कूल प्रबंधन ने इस तरह के शैक्षणिक आयोजनों को भविष्य में भी निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता जतायी।

# नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया गणित दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन का जन्म दिवस राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या किरण यादव द्वारा रामानुजन के चित्र को पुष्पांजलि अर्पित कर हुई। प्राचार्या ने बच्चों को संबोधित करते हुए महान गणितज्ञ के जीवन के विभिन्न पहलुओं को उजागर किया शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं यथा गणित रेस, क्विज, सुडोकू और रूबिक्स क्यूब आदि सामिल थे।

विद्यार्थियों को रामानुजन के जीवन पर आधारित फिल्म अ मैन हू न्यू इनफिनिटी दिखायी गयी, जिसका मुख्य उद्देश्य था कि विद्यार्थी उनके जीवन से प्रेरित हो सकें और सीखें कि कैसे कठिन परिस्थितियों में भी हम अपने जीवन के लक्ष्य को पा सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के गणित शिक्षकों अनिल कुमार और रविंद्र सिंह एवं सभी शिक्षकों और शिक्षेत्तर कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

# हिंदी के प्रयोग को बढ़ायें : डॉ विनय रंजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोलकाता।** भारत सरकार के कोयला मंत्रालय में आर्थिक सलाहकार माणिक चंद्र पंडित और संयुक्त निदेशक आस्था जैन ने कॉरपोरेट मुख्यालय, कोलकाता में कोल इंडिया लिमिटेड के राजभाषा संबंधी क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। बैठक में कोयला मंत्रालय के अनुवाद अधिकारी मनीष कुमार भी उपस्थित मौजूद थे। निदेशक (मानव संसाधन) डॉ विनय रंजन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कोल इंडिया की ओर से हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिये जाने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रस्तुत निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पंडित और जैन ने, पत्राचार, नोटिंग-ड्राफ्टिंग, प्रकाशन और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा दिये जाने के लिए कोल इंडिया के प्रयासों की सराहना की। साथ ही राजभाषा संबंधी पदों, स्ट्रीमलाइन पदोन्नति और तार्किक पदस्थापना के संबंध में कई महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये। बैठक में कोल इंडिया के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने खास तौर से भाग लिया।

# वाहो गोबिंद सिंह आपे गुर चेला...

**श्रीगुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर निकाली प्रभातफेरी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्रीगुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाशोत्सव को लेकर इन दिनों गुरुद्वारा साहिब से नित्य प्रभातफेरी निकाली जा रही है। सोमवार को आठवें दिन भी गुरूद्वारा श्रीगुरुनानक सत्संग सभा और गुरु सिंह सभा की ओर से भी प्रभातफेरी निकाली गयी। इसमें बड़ी संख्या में सिख धर्मावलंबियों ने हिस्सा लिया। शबद गायन कर प्रभात बेला में गुरु भक्ति के खूब रंग बिखेरे। राजू रोड गुरुद्वारा साहिब से सुबह 6 बजे झूम कर फेरी निकली तो वातावरण मधुर स्वरलहरियों से गूंज उठा। इसमें शामिल श्रद्धालु देवकी नंदन दुआ, रमेश पपनेजा, भगवान सिंह बेदी, सरदार त्रिलोचन सिंह, दीपक (शालू), विजय वाधवा, हरीश कक्कड़ के घर होते हुए सुख संध्या अपार्टमेंट पहुंची, जहां महेंद्र अरोड़ा और मनीष मल्होत्रा के परिवार के सदस्यों ने प्रभात फेरी का गर्मजोशी से स्वागत किया। यहां से फेरी सरदार हरभजन सिंह, अशोक मिड्ढा मनोहर मुंजाल और और जीतू काठपाल की गलियों से होते हुए वापस गुरुद्वारा साहिब पहुंची। मनीष मिड्ढा ने अरदास की। इसी के साथ सुबह 9:15 बजे फेरी की समाप्ति हुई। यात्रा के दौरान कीर्तन मंडली के सुंदरलाल मिड्ढा, सुरजीत मुंजाल, इंदर मिड्ढा, रमेश पपनेजा,शीतल मुंजाल,गीता कटारिया,नीता मिड्ढा, इंदु पपनेजा,मनजीत कौर,रेशमा गिरधर,ममता थरेजा ने जिसनो देअ किरपा ते सुख पाए गुरु दुआरे आख सुणाए ... और वाहो वाहो गोबिंद सिंह आपे गुर चेला .... जैसे कई शबद गायन कर साध संगत को गुरबाणी से जोड़ा। सत्संग सभा के मीडिया प्रभारी नरेश पपनेजा ने बताया कि प्रभात फेरी का समापन 23 दिसंबर को होगा।

## कांके विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास



रांची (आजाद सिपाही)। कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने नगर निगम क्षेत्र के वार्ड 5,6,7,8,9 में पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। साथ ही वार्ड 10 में संत ऑलबट स्कूल के पेभर बलौक का भी आधारशिला रखा। विधायक प्रतिनिधि राजू राम, लोकेश खलखो, संतोष महतो, प्रीति संगा, स्मृति नाग, शिव शंकर सिंह, इंद्राणी नाग, मनीष धान सोनू लोहरा ,जेबिर कच्छप,सूनिल गाड़ी, राकेश सिंह आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

## आम आदमी पार्टी झारखंड ने छात्रवृत्ति रोके जाने के विरोध में प्रदर्शन किया



रांची (आजाद सिपाही)। राज्य के हजारों छात्र-छात्राओं की छात्रवृत्ति रोके जाने के विरोध में सोमवार को आम आदमी पार्टी, झारखंड इकाई ने विरोध-प्रदर्शन किया। विरोध मार्च सोमवार को रांची विश्वविद्यालय के गेट से होते हुए अल्बर्ट एक्का चौक तक निकाला गया। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी के जोनल प्रभारी राजेश लिंडा एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रभात शर्मा ने किया। कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से राज्य सरकार पर हमला करते हुए मांग की, कि केंद्र सरकार के साथ तकनीकी समस्याओं को सुलझा कर जल्द से जल्द छात्रवृत्ति को नियमित किया जाये। ऐसा नहीं होने पर सरकार के खिलाफ सड़क पर जोरदार प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लक्ष्मण सिंह, पवन पांडेय, कृष्ण कुमार, अभिषेक प्रकाश, अशोक महतो, विजय बारा, इंतियाज आलम, गुलजार अंसारी, विक्की महतो, रीना खलको, मंजू तिर्की, शीला महतो, अजय महतो, अनिल महतो सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।


समक्ष कार्यपालक दंडाधिकारी बगोदर सरिया, गिरिडीह

**शपथ पत्र**

मैं सीतेश कुमार बर्मन पिता स्व० रामलाल बर्मन ग्राम + पोस्ट- हेसला, थाना- बगोदर, जिला- गिरिडीह का निवासी हूँ, शपथ पपूर्वक ब्यान करता हूँ कि

1. यह कि मेरी उम्र लगभग 45 वर्ष है।
2. यह कि मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या B2025 20007610000010 एवं कक्षा 8 परीक्षा वर्ष 2025 के प्रवेश पत्र रौल नंबर 220973-0020 स्कूल कोड 220973 HIGH SCHOOL HESLA में नाम अनमोल वर्मन (ANMOL VERMAN) दर्ज है।
3. यह कि मेरा पुत्र का आधार संख्या 7230 5462 6552 में नाम अनमोल कुमार (ANMOL KUMAR) दर्ज है।
4. यह कि अनमोल वर्मन (ANMOL VERMAN) एवं अनमोल कुमार (ANMOL KUMAR) दोनों नाम का एक ही बालक है जो मेरा पुत्र का नाम है तथा मेरा पुत्र अपने गांव व समाज में अपने उक्त दोनों नामो से जाना व पहचाना जाता है।

Sl. No- 1891, Date- 22.11.2025



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**निविदा सूचना सं. : डीआरएमईएनजीजीआरएनसी–129 और 131–2025,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), राँची–834003 के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम सं., सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **(1) डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी–129–2025,** राँची मंडल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत नए प्लेट स्क्रू कार्य के साथ मौजूदा टूटी हुई/जाम हो चुकी प्लेट स्क्रू का नवीनीकरण। **निविदा मूल्य:** रु. 67,80,663.93, **बयाना राशि:** रु.1,35,600/–, **(2) डीआरएम ईएनजीजीआरएनसी–131–2025,** टीटीआर (एफएस +टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी)–45 सेट और टीटीआर (डीएस)–3 सेट एवं हटिया–ओरगा – टीटीआर (टीएसआर)–13 सेट, मुरी–चांडिल जंक्शन –टीटीआर (टीएसआर)–34 सेट, टीटीआर (डीएस) –33 सेट और मुरी–कोटशिला–टीटीआर (टीएसआर) –6 सेट। **निविदा मूल्य:** रु. 2,42,58,528.08, **बयाना राशि:** रु.2,71,300/–, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.01.2026 को 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। निविदाकार ऑनलाइन निविदा करने के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-986)

# दिल्ली में वायु प्रदूषण की चुनौतियां

दिल्ली के प्रदूषण को लेकर सोशल मीडिया पर आजकल खूब चुटकी ली जा रही है। चीनी दूतावास की एक प्रवक्ता का हालिया ट्वीट भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा कि पेइचिंग को जिन तरीकों से वायु प्रदूषण से मुक्ति मिली, वे तरीके वह दिल्ली को बता सकती हैं। मगर यह बिना मांगे और बेकार का सुझाव है। मैंने और भारत के कई दूसरे रिसर्चर्स ने भी पेइचिंग के प्रदूषण और उसमें आयी कमी को देखा है। हमने 'पेइचिंग मॉडल' का अध्ययन किया है। इसकी कामयाबी और सीमाओं को समझा है। सबसे पहले तो यह मानना जरूरी है कि चीन से आने वाली सूचना कभी पूरी नहीं होती और उस पर सख्त सरकारी नियंत्रण होता है। दिल्ली में इसी तरह का मॉडल लागू करना कहीं ज्यादा मुश्किल है। यहां योजना को असरदार बनाने के लिए 150 किमी का एरिया शामिल करना होगा। इसमें दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के इलाके आ जायेंगे। दिल्ली में ही तीन स्तरों पर शासन चलता है - केंद्र, राज्य और स्थानीय निकाय। ऐसे में यहां नया प्रशासनिक मॉडल बनाना पड़ेगा। पब्लिक ट्रांसपोर्ट और इलेक्ट्रिक गाड़ियों (इवी) के मामले में भी पेइचिंग से कुछ सबक सीखा जा सकता है। उसने उत्सर्जन मानक कड़े कर दिये, साफ ईंधन अपनाया और पुराने वाहनों को हटा दिया। दिल्ली में भी ये उपाय किये जा रहे हैं, पर उतनी सफलता नहीं मिली है। एक बड़ा फर्क यह है कि पेइचिंग ने निजी वाहनों की बढ़ोत्तरी पर सख्ती से रोक लगायी। हमें पूरे एनसीआर में पेइचिंग की तरह विश्वस्तरीय पब्लिक ट्रांसपोर्ट और इवी की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। पेइचिंग ने कोयले का इस्तेमाल 90% तक घटा दिया और पावर प्लांट पर सख्त नियंत्रण लगाया है। दिल्ली ने अपने थर्मल पावर प्लांट बंद कर दिये हैं और कई उद्योगों को शहर से बाहर शिफ्ट किया है, लेकिन पूरे एयरशेड में कोयले का इस्तेमाल अब भी काफी ज्यादा है। कई बातें भारत नहीं कर सकता, जैसे पेइचिंग की तरह 3000 भारी उद्योग को कहीं और शिफ्ट करना। इससे पूरे इलाके में उद्योग नहीं बचेगा। आर्थिक रूप से ऐसा कदम बहुत नुकसानदायक है। इससे सामाजिक अस्थिरता पैदा होगी। अगला बड़ा सवाल लागत का है। सही आंकड़े तो नहीं पता, लेकिन इतना तय है कि पेइचिंग ने साफ हवा के लिए अरबों डॉलर खर्च किये हैं। भारत के लिए यह संभव नहीं। दिल्ली के सामने ऐसी कई चुनौतियां हैं, जो पेइचिंग के सामने नहीं थीं, मसलन पराली जलाने की समस्या। इसी तरह, 2000 के दशक में ही चीन के ज्यादातर घरों में गैस इस्तेमाल होने लगी थी। वहीं, दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण की एक वजह खाना पकाने के लिए बायोमास का इस्तेमाल भी है। फिर दिल्ली में लाखों छोटे उद्योग-धंधे हैं, जिन्हें क्लीन एनर्जी पर शिफ्ट करने के लिए सहायता देनी चाहिए।

**दिल्ली में इसी तरह का मॉडल लागू करना कहीं ज्यादा मुश्किल है। यहां योजना को असरदार बनाने के लिए 150 किमी का एरिया शामिल करना होगा। इसमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और राजस्थान के इलाके आ जायेंगे।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**अरावली पहाड़ियां और पर्वत श्रृंखलाएं भारत की सबसे पुरानी भूवैज्ञानिक संरचनाओं में से हैं, जो दिल्ली से शुरू होकर हरियाणा, राजस्थान और गुजरात तक फैली हुई हैं। ऐतिहासिक रूप से, इन्हें राज्य सरकारों द्वारा 37 जिलों में मान्यता दी गयी है और इनकी पारिस्थितिक भूमिका को उत्तरी रेगिस्तानीकरण के खिलाफ एक प्राकृतिक बाधा और जैव विविधता और जल पुनर्भरण के रक्षक के रूप में देखा गया है।**

# अरावली पहाड़ियां: पारिस्थितिकी की रक्षा और सतत विकास सुनिश्चित कर रही हैं

पीआइबी



भारत के उच्चतम न्यायालय ने नवंबर-दिसंबर 2025 के अपने आदेश में, 9/5/24 के आदेश द्वारा गठित समिति की सिफारिशों और खनन को विनियमित करने के संदर्भ में अरावली पहाड़ियों और पर्वतमालाओं की एक समान नीति स्तर की परिभाषा के संबंध में 12/8/2025 के उसके आगे के निदेर्शों पर विचार किया, और संबंधित राज्य सरकारों के विचारों को शामिल किया। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात के वन विभागों के सचिवों के साथ-साथ भारतीय वन सर्वेक्षण, केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के प्रतिनिधियों की मौजूदगी वाली समिति का नेतृत्व पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफसीसी) ने किया। न्यायालय ने मरुस्थलीकरण के खिलाफ एक बाधा, भूजल रिचार्ज क्षेत्र और जैव विविधता आवास के रूप में अरावली पर्वतमाला के पारिस्थितिक महत्व पर जोर दिया।

**अरावली का महत्व :** अरावली पहाड़ियां और पर्वत श्रृंखलाएं भारत की सबसे पुरानी भूवैज्ञानिक संरचनाओं में से हैं, जो दिल्ली से शुरू होकर हरियाणा, राजस्थान और गुजरात तक फैली हुई हैं। ऐतिहासिक रूप से, इन्हें राज्य सरकारों द्वारा 37 जिलों में मान्यता दी गयी है और इनकी पारिस्थितिक भूमिका को उत्तरी रेगिस्तानीकरण के खिलाफ एक प्राकृतिक बाधा और जैव विविधता और जल पुनर्भरण के रक्षक के रूप में देखा गया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि यहां अनियंत्रित खनन देश की पारिस्थितिकी के लिए एक बड़ा खतरा है और इनकी सुरक्षा के लिए समान मानदंड लागू करने का निर्देश दिया है। इसलिए, इनका संरक्षण पारिस्थितिक स्थिरता, सांस्कृतिक विरासत और सतत विकास के लिए बहुत है।

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ मिलकर किये गये प्रयासों से अरावली पहाड़ियां मजबूत सुरक्षा के तहत हैं।**

**पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय समिति रिपोर्ट के निष्कर्ष :** उच्चतम न्यायालय के निदेर्शों के बाद एमओईएफएंडसीसी द्वारा बनाई गई समिति ने राज्य सरकारों के साथ बड़े पैमाने पर बातचीत की, जिसमें यह सामने आया कि सिर्फ राजस्थान में ही अरावली में खनन को विनियमित करने के लिए एक औपचारिक परिभाषा है। यह परिभाषा राज्य सरकार की 2002 की समिति रिपोर्ट पर आधारित थी, जो रिचर्ड मर्फी लैंडफॉर्म वर्गीकरण पर आधारित थी। इसमें स्थानीय ऊंचाई से 100 मीटर ऊपर उठने वाले सभी लैंडफॉर्म को पहाड़ के रूप में पहचाना गया और उसके आधार पर, पहाड़ों और उनकी सहायक ढलानों दोनों पर खनन पर रोक लगायी गयी। राजस्थान राज्य 9 जनवरी, 2006 से इस परिभाषा का पालन कर रहा है। चर्चा के दौरान, सभी राज्यों ने अरावली क्षेत्र में माइनिंग को रेगुलेट करने के लिए स्थानीय ऊंचाई से 100 मीटर ऊपर के उपरोक्त समान मानदंड को अपनाने पर सहमति व्यक्त की, जैसा कि 09.01.2006 से राजस्थान में लागू था, साथ ही इसे और अधिक वस्तुनिष्ठ और पारदर्शी बनाने पर भी सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की। 100 मीटर या उससे ज्यादा ऊंचाई वाली पहाड़ियों को घेरने वाले सबसे निचली सीमिता (कंटूर) के अंदर आने वाले सभी भू-आकृतियों को, उनकी ऊंचाई और ढलान की परवाह किए बिना, खनन की लीज देने के मकसद से बाहर रखा गया है। इसी तरह, अरावली रेंज को उन सभी भू-आकृतियों के रूप में समझाया गया है जो 100 मीटर या उससे ज्यादा ऊंचाई वाली दो आस-पास की पहाड़ियों के 500 मीटर के दायरे में मौजूद हैं। इस 500 मीटर के जोन में मौजूद सभी भू-आकृतियों को, उनकी ऊंचाई और ढलान की परवाह किए बिना, माइनिंग लीज देने के मकसद से बाहर रखा गया है। इसलिए, यह निष्कर्ष निकालना गलत होगा कि 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली सभी भू-आकृतियों में खनन की अनुमति है। उच्चतम न्यालाय द्वारा गठित समिति ने राजस्थान द्वारा वर्तमान में अपनाई जा रही परिभाषा में कई सुधारों का प्रस्ताव दिया ताकि इसे मजबूत बनाया जा सके।

**परिचालन परिभाषाएं-अरावली पहाड़ियां:** अरावली जिलों में स्थित कोई भी भू-आकृति, जिसकी ऊंचाई स्थानीय राहत से 100 मीटर या उससे ज्यादा हो, उसे अरावली पहाड़ियां कहा जाएगा। इस उद्देश्य के लिए, स्थानीय राहत को भू-आकृति को घेरने वाली सबसे निचली कंटूर रेखा के संदर्भ में निर्धारित किया जाएगा (जैसा कि रिपोर्ट में बताई गई विस्तृत प्रक्रिया के अनुसार)। ऐसी सबसे निचली कंटूर द्वारा घेरे गए क्षेत्र के भीतर स्थित पूरी भू-आकृति, चाहे वह वास्तविक हो या काल्पनिक रूप से बढ़ाई गई हो, साथ ही पहाड़ी, उसके सहायक ढलान और संबंधित भू-आकृतियां, चाहे उनका ढलान कुछ भी हो, उन्हें अरावली पहाड़ियों का हिस्सा माना जाएगा।

**अरावली रेंज :** जैसा कि ऊपर बताया गया है, दो या दो से ज्यादा अरावली पहाड़ियां, जो एक-दूसरे से 500 मीटर की दूरी पर हों, और जिनकी दूरी दोनों तरफ सबसे निचली कंटूर लाइन की बाउंड्री के सबसे बाहरी पॉइंट से मापी गई हो, मिलकर अरावली रेंज बनाती हैं। दो अरावली पहाड़ियों के बीच का एरिया दोनों पहाड़ियों की सबसे निचली कंटूर लाइनों के बीच की न्यूनतम दूरी के बराबर चौड़ाई वाले बफर बनाकर तय किया जाता है। फिर दोनों बफर पॉलीगॉन के इंटरसेक्शन को जोड़कर दोनों बफर पॉलीगॉन के बीच एक इंटरसेक्शन लाइन बनाई जाती है। आखिर में, इंटरसेक्शन लाइन के दोनों एंडपॉइंट से दो लाइनें परपेंडिकुलर खींची जाती हैं और उन्हें तब तक बढ़ाया जाता है जब तक वे दोनों पहाड़ियों की सबसे निचली कंटूर लाइन को इंटरसेक्ट न करें। जैसा कि बताया गया है, इन पहाड़ियों की सबसे निचली कंटूर लाइनों के बीच आने वाले सभी लैंडफॉर्म का पूरा एरिया, साथ ही पहाड़ियां, छोटी पहाड़ियां, सहायक ढलान वगैरह जैसी संबंधित विशेषताओं को भी अरावली रेंज का हिस्सा माना जाएगा। ये परिभाषाएं सिर्फ तकनीक नहीं हैं, बल्कि ये इकोलॉजिकल सुरक्षा उपाय भी हैं।

**ऐसे बचाया जाता है:** समिति के निष्कर्षों, जिन्हें बाद में उच्चतम न्यायालय ने भी सही माना, अरावली पहाड़ियों और पर्वत श्रृंखलाओं की पहचान के लिए एक साफ वैज्ञानिक आधार देती हैं। ये निष्कर्ष, सख्त खनन नियमों और निगरानी के साथ मिलकर, यह पक्का करते हैं कि अरावली की इकोलॉजी सुरक्षित रहे और उस पर कोई खतरा न हो।

**खनन और पारिस्थितिकी संरक्षण के लिए सुरक्षा उपाय :** उच्चतम न्यायालय द्वारा समर्थित निष्कर्षों में यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े उपाय बताये गये हैं कि खनन से अरावली की पारिस्थितिकी अखंडता से कोई समझौता न हो। इन सुरक्षा उपायों में संवेदनशील क्षेत्रों में पूर्ण प्रतिबंध, टिकाऊ खनन प्रथाएं और अवैध संचालन के खिलाफ सख्त कार्रवाई शामिल है।

**निष्कर्ष :** पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय और राज्य सरकारों के साथ मिलकर किये गये प्रयासों से अरावली पहाड़ियां मजबूत सुरक्षा के तहत हैं। सरकार पारिस्थितिकी संरक्षण, सतत विकास और पारदर्शिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है। खतरनाक दावों के विपरीत, अरावली की पारिस्थितिकी को कोई तत्काल खतरा नहीं है। वर्तमान में जारी वनीकरण, पर्यावरण-संवेदनशील क्षेत्र की अधिसूचनाएं और खनन एवं शहरी गतिविधियों की कड़ी निगरानी यह सुनिश्चित करती है कि अरावली देश के लिए एक प्राकृतिक विरासत और पारिस्थितिक ढाल के रूप में काम करती रहे। भारत का संकल्प स्पष्ट है: संरक्षण और जिम्मेदारी पूर्ण विकास के बीच संतुलन बनाते हुए अरावली को वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा जायेगा।

## कोल्हान की खबरें

### पीएम श्री उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी में विशेष अभिभावक शिक्षक बैठक आयोजित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पीएम श्री उत्क्रमित पीपुल्स अकादमी +2 विद्यालय में सोमवार को 'विशेष अभिभावक - शिक्षक बैठक' का आयोजन हुआ। इसमें विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य अभिभावक, शिक्षक तथा विद्यार्थी सम्मिलित हुए। चंदन, टीका, स्वागत-गान तथा नृत्य के साथ अभिभावकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। विद्यालय के प्रचार्य चंद्रदीप पांडेय ने अभिभावकों का स्वागत किया तथा उन्हें समबोधित करते हुए पाठचर्या, परीक्षा और प्रतिदिन हो रहे क्रियाकलापों से अवगत कराया। अभिभावकों ने अपनी बातों को बड़ी सरलता से रखा तथा शिक्षको ने उनके प्रश्नों का कुशलता पूर्वक उत्तर दिया। प्राचार्य ने विद्यालय प्रबंधन समिति के 04 सदस्यों, 18 विशिष्ट अभिभावकों 09 शिक्षकों को अंग वस्त्र तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 19 विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। यह बैठक विद्यालय और घर के बीच मजबूत सम्बन्ध स्थापित करती है जो कि एक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर मार्गदर्शन सुनिश्चित करता है।

### बिरसानगर जोन 8 में डिजिटल शिक्षा लैब का उद्घाटन, समावेशी शिक्षा को मिलेगा बढ़ावा



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पीपल फॉर चेंज द्वारा बिरसानगर जोन 8 स्थित रविदास कॉलोनी के सामुदायिक विकास भवन में डिजिटल शिक्षा लैब का शुभारंभ किया गया। सोमवार को प्रोजेक्ट शिक्षा, बेंगलुरु के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित और हाशिए पर खड़े समुदायों के बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं को डिजिटल साक्षरता और कौशल से जोड़ना है। डिजिटल शिक्षा लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंजुला सी जुनेजा, अतिरिक्त निदेशक, प्रोजेक्ट शिक्षा द्वारा रिबन काटकर किया गया। उन्होंने कहा समावेशी, डिजिटल और कौशल-आधारित शिक्षा ही समाज के अंतिम पायदान तक सशक्तिकरण का रास्ता खोल सकती है। इस लैब के माध्यम से वर्तमान में 20 शिक्षार्थी नियमित रूप से कंप्यूटर शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं, जबकि उद्घाटन कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों की सहभागिता रही। प्रोजेक्ट शिक्षा की फाउंडर नेहा चावला ने अपने संदेश में बताया कि संस्था अब तक तीन राज्यों में 28 डिजिटल केंद्रों के माध्यम से 6,000 से अधिक छात्रों को डिजिटल कौशल से सशक्त कर चुकी है। कार्यक्रम की सफलता में स्थानीय समुदाय, महिला विकास समिति और समाजसेवी सुलोचना मुंडा का योगदान सराहनीय रहा। यह पहल क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा के विस्तार और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

### चुरगी में दो की मौत के बाद लगा मेडिकल कैंप
## 30 लोगों में मिला मलेरिया का लक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**मनोहरपुर।** पश्चिम सिंहभूम के मनोहरपुर प्रखंड स्थित सुदूरवर्ती सारंडा क्षेत्र में गंगदा पंचायत के चुरगी गांव में हाल ही में बुखार से पीड़ित दो लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग सक्रिय होगए। सोमवार को गांव में विशेष मेडिकल कैंप आयोजित किया गया, जिसमें 70 लोगों की जांच में लगभग 30 मरीजों में मलेरिया का लक्षण पाए गए। स्वास्थ्य विभाग ने रक्त जांच के साथ आवश्यक दवाइयां वितरण किया। जांच में बड़ी संख्या में मलेरिया के संदिग्ध मरीज मिलने के बाद ग्रामीणों में चिंता और भय का माहौल है। समाजसेवी इंदा जामुदा ने कहा यह क्षेत्र पहले से मलेरिया प्रभावित है और छोटानागरा में स्थायी एंबुलेंस की मांग वर्षों से की जा रही है।डॉ. चुडंगदेव महंता ने बताया जिन महिलाओं की मौत हुई उनमें से एक महिला पिछले छह माह से बीमार थी। उसका निजी क्लीनिक में इलाज चल रहा था। इसलिए मृत्यु का सटीक कारण अभी स्पष्ट नहीं है। मलेरिया निरीक्षक हरविंद्र कुमार ने कहा कैंप में मरीजों की जांच की गयी और आवश्यक दवाइयां दी गयी हैं। आने वाले दिनों में डोर-टू-डोर अभियान के माध्यम से भी ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की जायेगी। वही 108 एंबुलेंस सेवा की मदद से तीन गंभीर मरीजों को मनोहरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन को लेकर डीसी ने की तैयारियों की समीक्षा

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 29 दिसंबर को प्रस्तावित जमशेदपुर आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को डीसी सह जिला दंडाधिकारी कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राष्ट्रपति के कार्यक्रम से संबंधित सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, यातायात, रूट लाइन मैपिंग, प्रोटोकॉल, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण, सड़क मरम्मत एवं प्रकाश व्यवस्था सहित सभी तैयारियों की समीक्षा की गयी। जिला प्रशासन ने राष्ट्रपति के आगमन को गरिमामयी और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने की बात कही।**

### बीएसएल गुवा में खान सुरक्षा सप्ताह समारोह 250 विद्यार्थियों की रही सक्रिय सहभागिता



**गुवा (आजाद सिपाही)।** बीएसएल गुवा सेल के तत्वावधान में वार्षिक खान सुरक्षा सप्ताह समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुवा के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया। प्राचार्या माधवी पांडेय के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक, पोस्टर-स्लोगन, विज्ञान प्रदर्शनी, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से खान सुरक्षा का प्रभावी संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सुरक्षा के प्रति जागरूकता बचपन से ही विकसित होने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा बच्चों के माध्यम से सुरक्षा का संदेश समाज के हर वर्ग तक पहुंचता है। समारोह के अंत में सुरक्षित खनन, अनुशासन एवं सतर्कता अपनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। मंच संचालन आवंतिका पांडेय, रिद्धिमा सिंह और शुभ सिन्हा ने की। मौके पर सेल के अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

### सोमेश चंद्र सोरेन ने अनुमंडल अस्पताल में अग्निशामक स्टेशन का किया शिलान्यास



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला अनुमंडल अस्पताल परिसर में प्रस्तावित अग्निशामक स्टेशन के निर्माण कार्य का विधायक सोमेश चंद्र सोरेन के द्वारा शिलान्यास किया गया। यह परियोजना क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात मानी जा रही है। जिससे आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अग्निशामक स्टेशन की स्थापना से अस्पताल परिसर सहित आसपास के घनी आबादी वाले क्षेत्रों में आगजनी जैसी आकस्मिक घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण संभव हो सकेगा। लंबे समय से स्थानीय नागरिकों की इस मांग के पूरा होने से क्षेत्रवासियों में संतोष देखा जा रहा है। जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय लोगों ने इसे जनसुरक्षा की दिशा में एक अहम कदम बताया और उम्मीद जतायी निर्माण कार्य समय पर पूर्ण होकर घाटशिला अनुमंडल को बेहतर सुरक्षा सुविधा प्रदान करेगी।

### राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी तेज, निगम क्षेत्र की जर्जर सड़कों पर उठे रहे सवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा दिन-रात तैयारियां की जा रही हैं। सड़क किनारे बसे दुकानों को हटाया जा रहा है, पेड़ों की कटाई, स्ट्रीट लाइट दुरुस्त करने और सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से चल रहा है। हालांकि, नगर निगम क्षेत्र में कई स्थानों पर अब भी सड़कों की स्थिति जर्जर बनी हुई है। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता मनीष कुमार ने आकाशवाणी चौक से एनआईटी कॉलेज तक सड़क मरम्मत कार्य की सराहना करते हुए कहा नगर निगम क्षेत्र में कई जगह सड़क, नाली, सफाई और लाइट की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने मांग की जिस तरह राष्ट्रपति आगमन को लेकर त्वरित मरम्मत कार्य हो रहे हैं, उसी तरह नियमित रूप से भी सड़कों का निर्माण व रखरखाव किया जाना चाहिए।वहीं लोजपा जिला अध्यक्ष अनिल पासवान ने कहा राष्ट्रपति का आगमन सरायकेला जिले के लिए गर्व की बात है, लेकिन अन्य क्षेत्रों की उपेक्षा से जनता में मायूसी है। उन्होंने आरोप लगाया आदित्यपुर औद्योगिक क्षेत्र में सड़कों की हालत बेहद खराब है, जिससे दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रही है। साथ ही मुख्य मार्गों पर अवैध पार्किंग के बावजूद नगर निगम द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने पर भी उन्होंने सवाल उठाए। नेताओं और स्थानीय लोगों ने मांग की औद्योगिक एवं नगर निगम क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं पर समान रूप से ध्यान दिया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

### टाटा डीएवी में गणितज्ञ रामानुजन की जयंती मनायी



**नोवामुंडी (आजाद सिपाही)।** टाटा डीएवी पब्लिक स्कूल नोवामुंडी में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 138वीं जयंती राष्ट्रीय गणित दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा में विद्यालय के संगीत शिक्षक अरविंद कुमार ठाकुर के नेतृत्व में गणित विषय पर आधारित गीत-संगीत प्रस्तुति से हुई। विद्यालय के प्राचार्य प्रशांत कुमार भूयान सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने रामानुजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता गणित शिक्षक पवित्र शंकर पात्र ने रामानुजन के जीवन एवं गणित के क्षेत्र में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्राचार्य भूयान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा रामानुजन बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। स्व-शिक्षित होकर गणित में असाधारण उपलब्धियां हासिल कीं। उन्होंने छात्रों से अपनी छिपी प्रतिभा को पहचानकर उसे निखारने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाषण, गणितीय प्रस्तुतीकरण एवं कूट प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक सुरेश पंडा ने की। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय गणित दिवस पर फूड फेस्ट का आयोजन



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को गणित दिवस पर फूड फेस्टिवल का शुभारंभ हुआ। दौरान भारत माता, ओम, मां शारदे एवं गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर समिति के अध्यक्ष जोखू प्रसाद, सचिव रवि प्रकाश, कोषाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, सह सचिव चंदन कुमार, वार्ड पार्षद रंजन कुमार, नगीना शाही, प्रधानाध्यापिका लवली आनंद, व्याख्याता मीरा देवी और प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि प्रतिवर्ष गणित दिवस पर विद्यालय में फूड फेस्टिवल का आयोजन होता है। वृत्त, चतुर्भुज एवं त्रिभुज जैसी विविध गणितीय आकृति युक्त डिशेज छात्र-छात्राओं ने बहुत मेहनत से बनाया है। वहीं, नीरज आचार्य ने भारतीय गणितज्ञ रामानुजन के बारे में बताया कि उनका गणितशास्त्र में महत्वपूर्ण योगदान है। रामानुजन ने लगभग 4000 प्रमेय अपने देश को दिया है। दूसरी ओर, फूड फेस्टिवल में कुल 17 स्टॉल थे। छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गए लिट्टी चोखा, दही बड़ा, मोमोज, मंचूरियन, फ्रूट सलाद, गुलाब जामुन, चाट, पानी पुरी के स्वाद का आनंद सभी अभिभावक एवं आंगतुक अतिथियों ने उठाया। मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन आचार्य सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर आचार्य कृष्ण कुमार पांडेय, नंदलाल पांडेय, सत्येंद्र प्रजापति, अविनाश कुमार, दिनेश कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप गुप्ता, रुपेश कुमार, कृष्ण मुरारी, हृषिकेश तिवारी, हिमांशु झा, बिक्रम प्रसाद, अमन केरकेट्टा सहित आचार्या नीति कुमारी, खूशबू सिंघल, आरती श्रीवास्तव, सलोनी कुमारी, तन्वी जोशी उपस्थित थे।

## नये सहायक आचार्य का स्वागत, पुराने सहायक अध्यापक को दी गयी विदाई



मेराल (आजाद सिपाही)। मेराल पश्चिमी पंचायत के राजकीय उर्दू उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकुना में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) के रूप में 17 वर्षों से विद्यालय में सेवा देने वाले रविंद्र मेहता को सहायक आचार्य बनकर स्थानांतरित होने पर विद्यालय परिवार की ओर से भावपूर्ण विदाई दी गई। साथ ही नए शिक्षक के रूप में योगदान देने वाले सहायक आचार्य अर्जुन राम का स्वागत गुलदस्ता देकर किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सरोज पांडेय, एसएमसी अध्यक्ष अब्दुल नासिर, मुखिया पति मुन्ना राम, पूर्व उप मुखिया जलालुद्दीन अंसारी आदि ने रविंद्र मेहता के कार्यकाल की सराहना करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस मौके पर वार्ड सदस्य नंदलाल राम, शिक्षक विनोद कुमार कुशवाहा, आशुतोष शर्मा, हाजी सदरूद्दीन अंसारी, बसंत सिंह, बीरबल सिंह, हिदायत अंसारी, डॉ एहसानुल्लाह, अनिल यादव हाजी जसीमुद्दीन अंसारी अशरफ अली, आलम, शहबान, नेजाम, वाजुद्दीन, बसीर, सुल्तान आदि मौजूद रहे।

## 200 जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र-कंबल का वितरण

मेराल (आजाद सिपाही)। एसडीम संजय कुमार की पहल एवं देखरेख में सामाजिक-प्रशासनिक सहयोग से संचालित आइये खुशियां बांटें अभियान के तहत संगवरिया में कैंप लगाकर 200 जरूरतमंदों के बीच गर्म वस्त्र जैकेट, स्वेटर, जूता-मोजा, कंबल ऊनी एवं गर्म कपड़े बांटे गये। सर्द की इस कंप कंपाती मौसम में जरूरतमंद अचानक यह सहायता पाकर काफी खुश नजर आए। इस अवसर पर आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को पठन पाठन सामग्री भी वितरण किया गया। स्थानीय निवासी चिकित्सक एवं समाजसेवी डॉ लालबहादुर साह के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीम संजय कुमार ने अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों के सहयोग के लिए आगे आने का आह्वान किया। कहा कि हम लोग जरूरतमंदों के बीच खुशियां बांट रहे हैं। यह पुण्य का काम है। कार्यक्रम में शिक्षक एवं समाजसेवी रघुराई राम, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ अनिल साह, शंभू प्रसाद, शिक्षक शिवनाथ राम, डॉ प्रिंस कुमार, कुंदन चंद्रवंशी, बसपा नेता चंद्रिका सिंह खरवार, समाजसेवी पुष्प रंजन सहित कई लोग थे।

## सड़क बनने से ग्रामीणों में खुशी



रंका (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत चुतरू पंचायत के वार्ड नंबर 2 बैगा खरवारी टोला में सड़क के निर्माण होने से वहां के ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। इस बाबत उपमुखिया ज्याउद्दीन अंसारी ने आजाद सिपाही को बताया कि आदिवासी बहुल क्षेत्र बैगा खरवारी टोला में आजादी के 78 वर्ष बितने के बाद पहली बार पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के प्रयास से पीसीसी सड़क का निर्माण किया जा रहा है। इस सड़क के बनने से यहां के आदिवासी महिला-पुरुष बच्चे काफी खुशी हैं।

## केतार में केसीसी शिविर का आयोजन

केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें पांच आवेदकों का आवेदन मिला। हालांकि अपूर्ण आवेदन की वजह से आवेदनों की संख्या कम रही। बीटीएम राकेश कुमार ने बताया कि सोमवार को पांच लोगों का आवेदन रिसीव किया गया। शेष आए आवेदन अपूर्ण थे।बताया कि अगला शिविर पांच जनवरी को प्रखंड मुख्यालय में लगेगा। जिसमें केसीसी ऋण के लिए आवेदन करने वाले योग्य लाभुक आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि पात्र आवेदक किसान को अपना आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, ऑनलाइन रसीद, सत्यापित वंशावली एवं दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना आवश्यक हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि निर्धारित तिथि को आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में आकर लाभ उठाएं।

# अतिक्रमण पर चला प्रशासन का बुलडोजर

## सुंडीपुर मध्य विद्यालय की जमीन हुई अतिक्रमण मुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



अवैध संरचना को ध्वस्त करता जेसीबी मशीन।

कांडी। झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए स्थानीय प्रशासन ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए कांडी प्रखंड अंतर्गत सुंडीपुर स्थित मध्य विद्यालय की सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा दिया। प्रशासन का बुलडोजर गरजा और विद्यालय परिसर में अवैध रूप से निर्मित पक्के एवं कच्चे मकानों को ध्वस्त कर दिया गया। इससे पहले सुबह 11 बजे भारी पुलिस बल की तैनाती की गयी थी, जिनकी में मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस क्रम में अतिक्रमणकारी सुरेश राम, बुधन राम, मध्या कुंवर एवं जीतकेश्वर पासवान की ओर से अतिक्रम कर बनाई गई संरचनाओं को जेसीबी मशीन से जमींदोज कर दिया गया। इस कार्रवाई के दौरान कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। हालांकि कांडी पुलिस की मुस्तैदी से स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही। इस अभियान का नेतृत्व सीओ राकेश सहाय एवं थाना प्रभारी अशफाक आलम ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर अंचल निरीक्षक संदीप गुप्ता, राजस्व कर्मचारी गणेश चौधरी, अंचल अमीन धर्मेंद्र विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

इस मौके पर सीओ राकेश सहाय ने बताया कि विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर उच्च न्यायालय का स्पष्ट और सख्त निर्देश मिला था। कहा कि अतिक्रमणकारियों को पूर्व में अंचल कार्यालय द्वारा कई बार नोटिस जारी कर पर्याप्त समय दिया गया था, इसके बावजूद भूमि खाली नहीं की गई। अंततः प्रशासन को विधि-सम्मत कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभियान के दौरान लोगों के सामान की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया।

### प्रभावित परिवारों ने दुख जताया

उधर, अतिक्रमण हटाए जाने से प्रभावित परिवारों ने प्रशासन की कार्रवाई पर दुख व्यक्त किया। कहा कि मकान टूटने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। अब उनके सामने आवास की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। दूसरी ओर, विद्यालय की भूमि अतिक्रमण मुक्त होने से शिक्षकों एवं स्थानीय ग्रामीणों में खुशी देखी गई। लोगों का कहना है कि अब विद्यालय परिसर में खेल मैदान के विकास एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं के विस्तार का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा।

## हरिहरपुर उच्च विद्यालय में अभिभावक गोष्ठी आयोजित



हरिहरपुर (आजाद सिपाही)। राजकीयकृत शंकर प्रताप देव उच्च विद्यालय में सोमवार को अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रधानाध्यापक आदित्य गुप्ता, मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं बबलू सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास पर विस्तार से चर्चा की गई। शिक्षकों ने अभिभावकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराया और बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने एवं अध्ययन में सहयोग करने की अपील की गई। इसी क्रम में वार्षिक महोत्सव के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ नियमित उपस्थिति के लिए रवि (कक्षा 10), प्रिंस कुमार (कक्षा 9), चंदन कुमार (कक्षा 9), लव मेहता (कक्षा 10) एवं काजल कुमारी (कक्षा 10) को पुरस्कृत किया गया। खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निशु कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं, विज्ञान प्रदर्शनी में जियाउल्ल मुस्तफा (कक्षा 10) की सराहना हुई।

## विधायक अनंद प्रताप और झामुमो सरकार विकास के हर मोर्चे पर विफलः लक्ष्मण राम



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भाजपा एवं झामुमो नेताओं में आरोप प्रत्यारोप का खेल जारी है। कुछ दिन पहले झामुमो नेता ने प्रेस वार्ता कर भाजपा के उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही पर कई आरोप लगाये थे। जिसके जवाब में सोमवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ने वर्तमान विधायक अनंत प्रताप देव एवं झामुमो सरकार को सभी मुद्दों पर विफल बताते हुए विकास विरोधी करार दिया। लक्ष्मण राम ने कहा कि क्षेत्र से पलायन दिन प्रतिदिन बढ़ रही और दूसरे राज्यों में काम करने वाले मजदूरों का शव आ रहा है, जो दुखद है। विगत दिनों केतार प्रखंड में छोटू चंद्रवंशी नामक व्यक्ति का शव आया। लक्ष्मण राम ने कहा कि जब से अनंत प्रताप देव विधायक बने हैं कम से कम दो दर्जन लोगों का शव क्षेत्र में आ चुका है। पलायन रोकने की बात करने वाले विधायक केवल पावर प्लांट की चर्चा करते रहे हैं। कहा कि विधायक ने विधानसभा में कंबल और अलाव की व्यवस्था की बात कही थी। जब उनसे सवाल किया जाता है कि कितने लोगों को उन्होंने कंबल बांटा और कहां-कहां अलाव की व्यवस्था की, तो कोई जवाब नहीं देते हैं। कहा कि क्षेत्र की जनता को विधायक को जवाब देना होगा कि उन्होंने किन-किन क्षेत्रों में विकास किया है, ताकि भाजपा उनका विकास कार्यों में बढ़ चढ़कर सहयोग कर सके। पर अफसोस की बात है कि क्षेत्र के लोगों को पलायन की मार और बढ़ाहल स्थिति में छोड़कर रांची और लखनऊ रहना पसंद करते हैं। लक्ष्मण राम ने कहा कि क्षेत्र की जनता से किए हुए वादों को वर्तमान विधायक को पूरा करना होगा। विधायक अनंत प्रताप देव ने भवनाथपुर में 100 वेड वाला अस्पताल बनवाने की की बात कही थी। उन्हें जल्द से जल्द अस्पताल बनवाना चाहिए। कहा कि कांग्रेस छोड़ने के बावजूद उससे उनका मोह भंग नहीं हुआ है। इसलिए मंत्री इरफान अंसारी की कमियों को छिपाने के लिए आगे आते हैं। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास पांडे, भाजपा के वरिष्ठ नेता शैलेश कुमार चौबे उपस्थित थे।

## विशुनपुरा में प्रशासन का अल्टीमेटम फेलः 24 घंटे बाद भी दबंग अतिक्रमणधारियों का कब्जा बरकरार



विशुनपुरा/गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले के विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय में सड़क पर से अतिक्रमण हटाने को लेकर प्रशासन की ओर से दिया गया 24 घंटे का अल्टीमेटम पूरी तरह विफल रहा। चेतावनी की समय-सीमा बीत जाने के बाद भी अतिक्रमणधारी बेखौफ होकर सड़क पर कब्जा जमाए दिखे। वहीं, प्रशासन की कथित सख्ती जमीनी स्तर पर पूरी तरह नदारद दिखी। हालात यह हैं कि सड़क किनारे ठेला, खोमचा, सीट और अस्थायी दुकानें पहले की तरह सजी हुई थी। नाली के भीतर तक दुकानें संचालित हो रही हैं, जिससे आवागमन बाधित हो रहा है। बतातें चलें कि सीओ खगेश कुमार एवं थाना प्रभारी राहुल सिंह ने घर-घर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश दिया था। इस दौरान यह चेतावनी भी दी गई थी कि तय समय-सीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन मशीनों के माध्यम से कार्रवाई करेगा। लेकिन 24 घंटे बीतने के बाद भी न तो मशीनें दिखीं और न ही कोई ठोस कार्रवाई। विशेष रूप से विशुनपुरा पुरानी पंचायत भवन (लाल चौक) बैंक मोड़, अपर बाजार, चकचक मोड़, गांधी चौक से कोचेया मोड़ तक स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। सड़क के बड़े हिस्से पर अतिक्रमण होने के कारण वाहन चालकों और पैदल राहगीरों दोनों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बिना किसी दबाव और भेदभाव के तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए, ताकि विशुनपुरा की सड़कों को जाम और दुर्घटनाओं से मुक्ति मिल सके।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में गणित दिवस का आयोजन



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। टाउनशिप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस की स्मृति में गणित दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बीएसएम कॉलेज गणित विषय के प्रोफेसर श्याम बिहारी सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्षअरविंद प्रताप सिंह सेंगर, प्रभारी प्राचार्य रूपलता दीदी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता, बौद्धिक विकास एवं रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए गणित विषय पर आधारित रंगोली, चित्रकला, चार्ट पेपर निर्माण, भाषण, कविता, अनुमानित मापन और रोचक पहेलियां जैसे विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण गणितीय आकृतियों पर आधारित भोजन मेले का आयोजन रहा, जिसमें छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न ज्यामितीय आकारों पर आधारित व्यंजन प्रस्तुत किए गए।

इस अवसर पर श्याम बिहारी सिंह ने अपने संबोधन में गणित के महत्व, इसके व्यावहारिक उपयोग एवं तार्किक सोच के विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं, कार्यक्रम अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह सेंगर ने कहा कि गणित अनुशासन, धैर्य एवं समस्या-समाधान की क्षमता विकसित करने वाला विषय है।

## चेतना सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनी महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती




गढ़वा (आजाद सिपाही)। चेतना सरस्वती विद्या मंदिर में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रूपेश कुमार गुप्ता और प्रधानाचार्य मनोज कुमार पाण्डेय ने रामानुजन की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में प्रधानाचार्य ने रामानुजन के जीवन एवं उनके गणितीय योगदान पर प्रकाश डाला। बताया कि श्री रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे, जिनका जन्म 22 दिसंबर 1887 को तमिलनाडु के एरोड में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। बचपन से ही वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। मात्र 10 वर्ष की आयु में गणित में गहरी रुचि विकसित की और स्वाध्याय के माध्यम से गणित का ज्ञान अर्जित किया। उन्होंने संख्या सिद्धांत, विभाजन फलन एवं अनंत श्रेणियों पर महत्वपूर्ण कार्य किए एवं लगभग 3900 समीकरणों और प्रमेयों का संकलन किया। उधर, कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों के बीच गणित रेस प्रतियोगिता आयोजित हुआ। जिसमें तृतीय कक्षा के अद्विक सिंह प्रथम, किसु कुमार द्वितीय और शांतनु चौबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि कक्षा चतुर्थ में प्रथम स्थान आर्यन राज, द्वितीय स्थान शिवम राज, तृतीय स्थान अनिशा कुमारी ने प्राप्त किया। कक्षा पंचम में सुप्रिया कुमारी प्रथम, स्वेच्छा कुमारी दूसरे स्थान पर रही । इस मौके पर विकास दीप चौबे, आयुषी कुमारी आदि उपस्थित थे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। पंचायत के बस्ती टोला स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सोमवार को 30 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। ठंड के मौसम को देखते हुए बच्चों को सर्दी से बचाव के लिए स्वेटर बांटे गये। कार्यक्रम का शुभारंभ केंद्र की सेविका ने किया। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से बच्चों को ठंड से बचाने के लिए हर वर्ष निःशुल्क स्वेटर उपलब्ध कराए जाते हैं। वहीं, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका अनिता देवी ने बताया कि ठंड के मौसम में बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा प्राथमिकता है। सभी केंद्रों पर बच्चों को गर्म वस्त्र, पौष्टिक भोजन और आवश्यक स्वास्थ्य जांच की सुविधा दी जा रही है। अभिभावकों से अपील की कि वे नियमित रूप से बच्चों को केंद्र भेजें, ताकि वे शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य से संबंधित योजनाओं का लाभ उठा सकें। इस मौके पर सहायिका मनौती देवी, बॉबी कुमार, रामदेव राम, अनिता देवी, संध्या, सुनंदा, बिंदा देवी, राजकुमारी देवी और दिला देवी उपस्थित थीं।

## आरके पब्लिक स्कूल हूर का प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से संपन्न

# अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को सही दिशा देते हैं: कैसर रजा

कहा- गढ़वा जिले में शिक्षा का अलख जगाकर अपने नाम को किया चरितार्थ

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिले के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आरके पब्लिक स्कूल हूर में सोमवार को प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत रंगारंग एवं संदेशपरक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित गढ़वा जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा ने अपने संबोधन में कहा कि अच्छी शिक्षा और संस्कार ही जीवन को सही दिशा देते हैं। समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयास आवश्यक हैं। कहा कि आरके पब्लिक स्कूल जिले में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के लिए एक सशक्त पहचान बना चुका है। वहीं. विद्यालय के निदेशक अलखनाथ पाण्डेय ने जीवन के संस्मरण साझा करते हुए छात्रों एवं अभिभावकों को कड़ी मेहनत, लगन और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा, सकारात्मक मार्गदर्शन और संस्कार देना प्रत्येक अभिभावक का दायित्व है, क्योंकि मजबूत नींव पर ही उज्ज्वल भविष्य का निर्माण होता है। इस दौरान डीएसई ने निदेशक अलखनाथ पाण्डेय की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने अपने नाम को चरितार्थ करते हुए जिले में शिक्षा का अलख जगाने का सराहनीय कार्य किया है, जो समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। प्राचार्या नसरीन हक एवं उनकी पूरी टीम का आयोजन में योगदान अत्यंत सराहनीय रहा। इस अवसर पर आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के मीडिया प्रभारी रोशन धर दुबे एवं ग्रुप की मैनेजर शहेला खान का सहयोग भी सराहनीय रहा।

## गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, संस्कार और अनुशासन ही विद्यालय की पहचानः अलखनाथ पाण्डेय





## समाहरणालय, चतरा (निर्वाचन शाखा)

अधिसूचना संख्याः–609/जि0निर्वा0, दिनांकः–15.12.2025

झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम, 2011 की धारा–16(2) एवं झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका नियमावली 2012 के नियम–9 के प्रावधानानुसार चतरा नगर परिषद् (वर्ग–ख) के सदस्यों के लिए स्थानों का आरक्षण संबंधी प्रपत्र–3 का प्रकाशन किया जाता है।

अनुलग्नक–3
नगरपालिका निर्वाचन
शहरी स्थानीय निकाय

प्रपत्र– 03
(नियम 9 देखिए)
आरक्षित किए गए निर्वाचन क्षेत्रों / प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सूची

जिला– चतरा
नगरपालिका– नगर परिषद्, चतरा
शहरी स्थानीय निकाय– चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख)* प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र का पार्षद/सदस्य

| क्रमांक | प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र संख्या/नाम | कोटि जिसके लिए आरक्षित/अनारक्षित है | महिला के लिए आरक्षित/अन्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 01 | अनारक्षित | अन्य |
| 2 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 02 | अनारक्षित | महिला |
| 3 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 03 | अनारक्षित | अन्य |
| 4 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 04 | अनारक्षित | महिला |
| 5 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 05 | अनारक्षित | अन्य |
| 6 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 06 | अनारक्षित | अन्य |
| 7 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 07 | अनारक्षित | महिला |
| 8 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 08 | अनारक्षित | अन्य |
| 9 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 09 | अनारक्षित | महिला |
| 10 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 10 | अनारक्षित | महिला |
| 11 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 11 | पिछडा वर्ग– II | महिला |
| 12 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 12 | अनारक्षित | अन्य |
| 13 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 13 | अनुसूचित जाति | अन्य |
| 14 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 14 | अत्यन्त पिछडा वर्ग– I | महिला |
| 15 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 15 | अत्यन्त पिछडा वर्ग– I | महिला |
| 16 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 16 | अत्यन्त पिछडा वर्ग– I | अन्य |
| 17 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 17 | अनुसूचित जाति | महिला |
| 18 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 18 | अत्यन्त पिछडा वर्ग– I | अन्य |
| 19 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 19 | पिछडा वर्ग– II | अन्य |
| 20 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 20 | पिछडा वर्ग– II | अन्य |
| 21 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 21 | अनुसूचित जाति | अन्य |
| 22 | IV–चतरा/03 चतरा नगर परिषद (वर्ग– ख) 22 | अत्यन्त पिछडा वर्ग– I | अन्य |

स्थान :– चतरा
दिनांकः– 20.12.2025

PR 369206 Election(25-26).D

जिला दण्डाधिकारी,
चतरा

## पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तमाड़ में अभिभावक-शिक्षक की बैठक



तमाड़ (आजाद सिपाही)। पीएम श्री कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय सलगाडीह तमाड़ में अभिभावक शिक्षक बैठक में मुख्य रूप से जिला सहायक कंप्यूटर प्रोग्रामर पदाधिकारी आशीष कुमार मिश्रा कल्याण पदाधिकारी, अमित कुमार, सीआरपी उषा कुमारी, वार्डन वैशाली मिश्रा और सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा सभी कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि आशीष ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय तमाड़ पढ़ाई के साथ-साथ सभी क्षेत्र में अपना परचम लहराया है। क्लास कक्षा रुम का जो कमी है उसे दुर किया जायेगा। कार्यक्रम में हर बैठक में उपस्थित होने वाले तथा विद्यालय के नियम को पालन करने वाले अभिभावकों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। वार्डन वैशाली मिश्रा के द्वारा छात्रों के द्वारा बनाया गया पेंटिंग मुख्य अतिथि आशीष कुमार सर को दिया गया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत



मृतक की फाइल फोटो।

तमाड़ (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के जोपनो गांव में एक व्यक्ति की मौत ट्रैक्टर की चक्का की चपेट मे आने से हो गया। घटना रविवार की देर रात्रि की है। मृतक की पहचान कामारापा निवासी सिदाम सिंह मुंडा (32) के रूप में की गयी। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बालू लोड ट्रैक्टर से सिंदवारी बाजार गया, वहां से वापस आने के क्रम में सिदाम सिंह मुंडा अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर के नीचे जा गिरा, और ट्रैक्टर के चक्का की चपेट में आ गया। जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

## सरकारी शराब दुकान का शटर तोड़ कर चोरी, सीसीटीवी उपकरण भी ले उड़े चोर

चांडिल (आजाद सिपाही)। नीमडीह थाना क्षेत्र के अंतर्गत वन विश्रामागार के समीप स्थित एक विदेशी शराब दुकान में बीती रात चोरों ने चोरी किया। चोरों ने दुकान का शटर और ताला तोड़कर शराब की चोरी कर ली है। उक्त बातें दुकान संचालक बादशाह गुजर ने कही चोरों ने शराब सहित लाखो रूपया भी चुरा लिया ऐसे चला चोरी का पता दुकान संचालक के अनुसार, प्रतिदिन की तरह रात 10 बजे दुकान बंद कर दी गयी थी। सुबह जब मकान मालिक अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने के लिए निकले, तो उन्होंने दुकान का ताला और शटर टूटा हुआ देखा। इसके बाद तत्काल दुकान मालिक और पुलिस को सूचना दी गयी।

## सरना अकादमी में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता




खलारी (आजाद सिपाही)। बेंती पंचायत के कुसुम टोला में सरना एकेडमी परिसर में 11वीं दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं मशाल जलाकर किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक वेस्ट परियोजना पीओ विमल कुमार मैनेजर दीपक कुमावत, एलएंडआर राजेंद्र मिश्र, बेंती पंचायत मुखिया सरिता कुमारी, (महालक्ष्मी कंपनी, सर्वर विजय कुमार तथा दिनेश भुइयां उपस्थित थे। खेलकूद प्रतियोगिता के प्रथम दिन नर्सरी एवं सब-जूनियर वर्ग में बैलून रेस, बिस्किट रेस, रोज पिकिंग रेस, बॉल इन द बास्केट रेस, फ्रॉग रेस आदि प्रतियोगितायें आयोजित की गईं। जूनियर वर्ग में 200 मीटर दौड़, फ्लोर एंड चॉकलेट रेस, स्पून एंड मार्बल रेस, बोट रेस, नीडल एंड थ्रेड रेस, लॉन्ग जंप एवं हाई जंप जैसी रोमांचक प्रतियोगितायें हुईं। वहीं सीनियर वर्ग में 400 मीटर दौड़, ऑक्टोपस रेस, हर्डल रेस, स्पून एंड मार्बल रेस, मैथ्स रेस, शॉटपुट सहित कई खेल स्पधार्ओं का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक महेंद्र उरांव, प्रधानाचार्य गोपाल सिंह एवं उप-प्रधानाचार्य ओम प्रकाश गुप्ता ने प्रतिभागी छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

## मुरी रेलवे स्टेशन पर 46 किलो गांजा बरामद



मुरी (आजाद सिपाही)। रविवार को आरपीएफ फ्लाइंग टीम, रांची एवं आरपीएफ पोस्ट, मुरी द्वारा संयुक्त रूप से मुरी रेलवे स्टेशन पर मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम हेतु सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 1 के सिली छोर पर संदिग्ध अवस्था में बैठे दो पुरुष एवं एक महिला को पकड़ा गया। मामले की सूचना सहायक सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ रांची, अशोक कुमार सिंह को दी गयी, जिनके निर्देश पर नियमानुसार तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान तीनों आरोपियों के पास से कुल 46 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 23 लाख रुपये आंकी गयी है। मौके पर डीडी किट से जांच में गांजा होने की पुष्टि हुई। बरामद गांजा और मोबाइल फोन जब्त कर तीनों आरोपियों को जीआरपी मुरी के हवाले किया गया। इस संबंध में जीआरपी मुरी द्वारा मामला दर्ज किया गया है। मौके पर आरपीएफ पोस्ट, मुरी निरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक पवन कुमार, रवि शंकर, आरपीएफ फ्लाइंग टीम उपनिरीक्षक रवि शेखर, स्टाफ पूनम कुमारी, दिनेश प्रसाद, विष्णु/विश्राम लाल मीणा एवं प्रदीप आदि शामिल रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में मनायी गयी श्रीनिवास रामानुजन की जयंती



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सोमवार को प्रसिद्ध गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनीय गयी। सर्वप्रथम स्कुल की प्राचार्या डॉ अभिलाषा कुमारी और स्कुल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया। उसके बाद उनके जीवन से संबंधित भाषण, क्वीज आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल की प्राचार्या डॉ अभिलाषा कुमारी ने रामानुजन के जीवन से जुड़े अनछुए पहलुओं को बताया। उन्होने कहा कि तमिलनाडु के एक छोटे से गांव में ब्राह्मण परिवार में जन्मे रामानुजन का बचपन आर्थिक तंगी से बीता। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं व बच्चे उपस्थित थे।

# टीएसपीसी के चार उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार बरामद

**पिपरवार जीएम ऑफिस के समीप हुई गोलीबारी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा**



पकड़े गये चारों उग्रवादी के साथ पिपरवार पुलिस।

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** नक्सल विरोधी अभियान के खिलाफ पिपरवार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पिपरवार पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर नक्सली संगठन टीएसपीसी के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है, साथ ही उनके पास से हथियार और गोली भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसान चतरा एसपी सुमित कुमार अग्रवाल को गुप्त सूचना मिली थी कि पिपरवार थाना क्षेत्र के बेती गांव के समीप टीएसपीसी संगठन के कुछ उग्रवादी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिए एकत्रित हुए हैं। इसके बाद चतरा एसपी के निर्देश पर टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में गठित पिपरवार पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के बेंती खेल मैदान के पास विशेष अभियान चलाकर टीएसपीसी संगठन के चार सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार उग्रवादियों में निरंजन गंझु उर्फ जठल गंझू पिता बब्लु गंझु ग्राम पाहनटोंगरी बेंती थाना पिपरवार जिला चतरा, लाल बिहारी कुमार गंझु, पिता झखर गंझु ग्राम पाहनटोंगरी बेंती थाना पिपरवार जिला चतरा, रामलाल कुमार गंझु पिता तृतीय गंझु, ग्राम मालमोहरा बेंती थाना पिपरवार जिला चतरा और अरविंद कुमार गंझु पिता रामसुंदर गंझु ग्राम सिरम थाना बुड़मू जिला रांची का नाम शामिल है।

गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से एक देसी कट्टा, एक लोहे का देसी कट्टा, 7.62 एमएम का दो जिंदा गोली, एक मोटरसाइकिल और तीन मोबाइल को भी बरामद किया है। चतरा पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने प्रेसवार्ता कर बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी निरंजन गंझु उर्फ जठल गंझु का आपराधिक इतिहास रहा है। उनके खिलाफ पिपरवार थाना में कुल चार मामले दर्ज हैं। एसपी श्री अग्रवाल ने बताया कि बीते 16 दिसंबर को पिपरवार जीएम ऑफिस के समीप खलारी थाना क्षेत्र के एकेटी गैरेज के पास फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसमें उक्त चारों ने घटना में अपनी संलिप्ता स्वीकार की है। छापेमारी दल में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, पिपरवार इंस्पेक्टर उत्तम कुमार तिवारी, पिपरवार थाना प्रभारी अभय कुमार, सहायक अवर निरीक्षक राजेश कुमार यादव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# लोवादाग के समीप भीषण सड़क हादसा, दो की मौत

**आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम की**



मृतक की फाइल फोटो।

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली थाना क्षेत्र अंतर्गत लोवादाग के समीप शुक्रवार को हुई भीषण सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार लोवादाग गांव निवासी मुरलीधर महतो (56 वर्ष), जो लोवादाग पंचायत के वार्ड सदस्य थे, अपने भतीजे विवेक कुमार महतो (32 वर्ष) के साथ स्कूटी से गैस सिलेंडर लाने निकले थे। सिलेंडर लेकर घर लौटने के क्रम में, गांव से लगभग 200 मीटर की दूरी पर विपरीत दिशा से आ रहे कोयला लदे ट्रेलर (नंबर जेएच 02 बीटी 3217) ने उनकी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया, जबकि स्कूटी सवार दोनों लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित ग्रामीण मुआवजा और दोषी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे थे। सड़क जाम के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही सिल्ली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गूंज परिवार के संयोजक जयपाल सिंह, जिला परिषद उपाध्यक्ष वीना चौधरी, सिल्ली प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, बिकास महतो, शिशुपाल महतो सहित अन्य जनप्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता अस्पताल पहुंचे और शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। सूचना मिलने पर सिल्ली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गयी।

### दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत

खूंटी (आजाद सिपाही)। खूंटी सदर थाना क्षेत्र में रविवार को हुई दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गयी। पहली दुर्घटना खूंटी-कर्रा मुख्य मार्ग पर रेवा गांव के समीप देर रात घटी। यहां एक अज्ञात वाहन ने स्कूटी सवार 26 वर्षीय असीबा मुंडू को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक असीबा मुंडू केंद्रीय विद्यालय खूंटी में सुरक्षा कर्मी के रूप में कार्यरत था। वहीं दूसरी दुर्घटना खूंटी-तमाड़ मार्ग पर सारिदकेल के पास हुई। खूंटी थाना क्षेत्र के अनिगड़ा गांव निवासी 25 वर्षीय अभिषेक पाहन बाइक से सारिदकेल की ओर घूमने निकला था। इसी दौरान एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उसकी भी मौके पर ही मौत हो गयी।

# 'जय हो सेवा संस्था बुंडू' को सदर अस्पताल रांची से रक्दान शिविरों के लिए मिला प्रशस्ति पत्र



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** सदर अस्पताल रांची के सिविल सर्जन द्वारा 'जय हो सेवा संस्था, बुंडू' को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संस्था को यह सम्मान वर्ष 2014 से अब तक क्षेत्र में निरंतर 14 बार रक्तदान शिविर का सफल आयोजन करने के उपलक्ष्य में प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर दिया गया।

**मानवता की मिसाल बना बुंडू :** कार्यक्रम के दौरान सिविल सर्जन ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्त की कमी को दूर करने में ऐसी संस्थाओं की भूमिका सराहनीय है। राजकिशोर कुशवाहा ने विश्वास व्यक्त किया कि भविष्य में भी क्षेत्र के नागरिक और संगठन इसी उत्साह के साथ मानवता के इस नेक कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते रहेंगे, ताकि किसी भी जरूरतमंद को समय पर रक्त उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर संस्था के सदस्य अध्यक्ष पवन महतो, सचिव, आकाश बीट, सुकसारण महतो, सुनील कुम्हार, भयभंजन महतो, कालीपद महतो, तपन कोइरी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने इस सम्मान को बुंडू के लिए गौरव का विषय बताया।?

### जनता को समर्पित है सम्मान: राजकिशोर कुशवाहा

सम्मान ग्रहण करने के पश्चात जय हो सेवा संस्था के संस्थापक राजकिशोर कुशवाहा ने इस उपलब्धि का श्रेय स्थानीय नागरिकों को दिया। उन्होंने भावुक होते हुए कहा कि यह सम्मान केवल संस्था का नहीं, बल्कि बुंडू की समस्त जनता का है। साल 2014 में हमने जिस छोटे से उद्देश्य के साथ कदम बढ़ाया था, आज वह एक मुहिम बन चुका है।

# खूंटी समाहरणालय में विकास योजनाओं की समीक्षा, विभागों को मिले स्पष्ट निर्देश




आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में से खूंटी लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण मुंडा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विकास कुमार मुंडा, खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि, जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सभी प्रखंड प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड एवं अंचल अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने पर विशेष जोर दिया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं सहकारिता विभाग को इमली खरीद, लेमन ग्रास प्रोसेसिंग यूनिट के संचालन और तेल क्रय की दिशा में ठोस पहल करने के निर्देश दिये गये। साथ ही सड़कों की मरम्मत, जल संसाधन से जुड़े कार्यों को समय पर पूरा करने की बात कही गयी।

कृषि विभाग को बीजों की समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करने, सहकारिता विभाग को लैम्प्स केंद्रों के बेहतर संचालन, विद्युत विभाग को मुख्यमंत्री उज्ज्वला झारखंड योजना के अंतर्गत वंचित टोलों के विद्युतीकरण कार्य शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। शिक्षा विभाग को पठन-पाठन व्यवस्था सुदृढ़ करने, शिक्षकों को समय पर वेतन भुगतान एवं जर्जर विद्यालय भवनों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया।

इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग को उप स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने, पंचायती राज विभाग को पंचायत भवनों के सुचारू संचालन, राजस्व विभाग को प्रखंड स्तर पर शिविर लगाकर लंबित मामलों के निष्पादन तथा नगर पंचायत को नियमित सफाई एवं कचरा उठाव की व्यवस्था सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया।

खेल विभाग से खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की जानकारी लेते हुए सांसद ने जिले के खिलाड़ियों को अवसर देने हेतु नियमित प्रतियोगिताएं आयोजित करने पर बल दिया। कल्याण विभाग को सरना-मसना स्थलों की घेराबंदी एवं शत-प्रतिशत साइकिल वितरण लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिए गए।

अंत में सांसद ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने आश्वासन दिया कि बैठक में दिये गये सभी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

## खलारी: एनके एरिया वेलफेयर कमेटी की टीम ने स्कूलों का किया निरीक्षण



खलारी (आजाद सिपाही)। सीसीएल एनके क्षेत्र अंतर्गत विद्यासागर स्कूल एवं सेंट्रल केजी स्कूल का सोमवार को एरिया वेलफेयर कमेटी की टीम के द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान समिति के सदस्यों ने विद्यालय भवन की स्थिति तथा विद्यालयों के संचालन व्यवस्था के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। विद्यालयों के प्रधानाचार्य ने समिति के समक्ष आवश्यकताएं रखते हुए बताया कि कक्षाओं के सुचारू संचालन हेतु बेंच-डेस्क, अलमारी, टेबल तथा कुर्सियों की अतिरिक्त व्यवस्था की जरूरत है। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष बल देते हुए ठेकेदार एवं पर्यवेक्षक को निर्धारित मानकों के अनुसार गुणवत्ता बनाए रखने एवं समय सीमा के अंदर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। इस निरीक्षण में प्रबंधन की ओर से स्टाप ऑफिसर शैलेन्द्र कुमार, सीएसआर अधिकारी निखिल औखोरी, अनुपम प्रकाश, ओवरसीर अनिल प्रजापति, यूनियन की ओर से मिथलेश कुमार सिंह, कृष्णा चौहान, देवपाल मुंडा, हरेंद्र कुमार सिंह, डीपी सिंह, शैलेंद्र कुमार सिंह, मिथलेश सिंह उपस्थित थे।

## गणित के सिद्धांतों में रामानुजन का योगदान अहम : सकलदीप



खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में सोमवार को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती ₹राष्ट्रीय गणित दिवस₹ के रूप में धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत में 'राष्ट्रीय गणित दिवस' महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की याद में मनाया जाता है। श्रीनिवासन रामानुजन के गणित पर लिखे आर्टिकल तत्कालीन समय की सर्वोत्तम विज्ञान पत्रिका में प्रकाशित होते थे। जब वह 12 साल के थे तब उन्होंने त्रिकोणमिति में महारत हासिल कर ली थी। वहीं उन्होंने बिना किसी सहायता के अपने दम पर कई प्रमेय बना डाली थी।

## टांगरटोली में कुआं से महिला का शव बरामद

बुंडू (आजाद सिपाही)। सोमवार को नगर पंचायत बुंडू क्षेत्र के टांगरटोली में एक 30 वर्षीय महिला का शव पुराने कुएं से बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गयी है। मृतिका की पहचान राजोबाला देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि 16 दिसंबर की रात वह अचानक घर से निकल गयी थी, जिसके बाद से उसका कोई पता नहीं चल पा रहा था परिजनों और ग्रामीणों द्वारा लगातार खोजबीन की जा रही थी सोमवार को घर से लगभग 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक पुराने कुएं में उसका शव तैरता हुआ देखा गया। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। इधर थाना प्रभारी ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## ईचागढ़: खलियान में रखे धान चाकी में लगी आग, लाखों की धान जलकर राख



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के धुंधाडीह गांव में रविवार को किसान तापस दत्त का खलीहान में रखे धान चाकी का ढेर में आग लगने से करीब 5 लाख की धान जलकर राख हो गया। दमकल एवं ग्रामीणों ने पानी ढो ढो कर आग को बुझाने का काफी प्रयास करने के बाद भी धानों को बचाया नहीं जा सका। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी बजरंग महतो दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे एवं आगजनी के संबंध में जानकारी लिया। दमकल आने तक आग की आगोश में धान का ढेर जल कर राख हो चुकी थी। दमकल और ग्रामीणों के प्रयास से अगल- बगल के खलीहानो व घरों को आग लगने से बचा लिया गया। घटना रविवार की देर रात की है। सोमवार को भी आग धधकती रही। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सुबह मुखिया गंगामनी देवी भी आगजनी का जायजा लेने धुंधाडीह गांव पहुंचे और आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने की बात कही। वहीं किसान तापस दत्त ने बताया कि खलीहान तीन दिशाओं में चारदीवारी है और एक तरफ नेट देकर घेरा बनाया गया था, वहां आग कैसे लगी। उन्होंने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्षति पहुंचाने के लिए लगाया गया है। हालांकि आग किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा लगाये जाने की अनुमान लगाया जा रहा है।

## श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनायी गयी



बुंडू (आजाद सिपाही)। सोमवार को बिरसा मुंडा डीएवी आवासीय विद्यालय, बुंडू में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रामानुजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गयी। इस अवसर पर विद्यालय में गणित क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गयी, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा ने अपने भाषण में रामानुजन के योगदान को याद करते हुए कहा कि गणित केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। विद्यालय के छात्रों और शिक्षकों ने इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभायी।

## विद्या विहार पब्लिक स्कूल में क्रिसमस गैदरिंग



खूंटी (आजाद सिपाही)। विद्या विहार पब्लिक स्कूल तोरपा में सोमवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन आयोजन किया गया।पकार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में फादर अमृत भेंगरा उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में अनिल मिश्र, सतीश शर्मा, अजीत जायसवाल, सुनील सोनी, मधुसूदन जायसवाल बिलकन टोपनो और वीरेंद्र यादव और विद्यालय प्रबन्ध समिति के सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के उप प्राचार्य सेबेस्टियन धन द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। मुख्य अतिथि फादर अमृत भेंगरा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को क्रिसमस के अवसर पर आपसी प्रेम, भाईचारे और शांति का संदेश फैलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि क्रिसमस केवल उत्सव नहीं, बल्कि मानवता और करुणा के मूल्यों को अपनाने का पर्व है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भाजपा ने निकाला मशाल जुलूस



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार, हिंसा एवं भारत विरोधी गतिविधियों के विरोध में सोमवार को भाजपा अनगड़ा मंडल की ओर से गोंदलीपोखर में मशाल जुलूस निकाला गया। इसका नेतृत्व मंडल अध्यक्ष सुनील महतो ने किया। इसमें अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो एवं जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी उपस्थित हुए। वक्ताओं ने कहा कि हाल के दिनों में बांग्लादेश में हिन्दू और भारत विरोधी गतिविधियों में काफी तेजी आई है। वहां लगातार हिन्दुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उनके घर मकान और दुकान तोड़े जा रहे हैं। उन्हें जिंदा जलाने की कोशिश की जा रही है। जिस देश के निर्माण में भारत ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वहां इस प्रकार की घटना घोर निंदनीय है। इस दौरान बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। मौके पर जगेश्वर महतो, रामसाय मुंडा, मुल्लु महतो, जगन्नाथ महतो, राजेन्द्र महतो, संजय नायक, बिरजा मुंडा, लोकनाथ महतो सहित अन्य उपस्थित थे।

## आदर्श वृद्धाश्रम में मनायी गयी संस्थापक स्व. लक्ष्मी नारायण सिन्हा की पुण्यतिथि



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी स्थित विहार समाज कल्याण संस्थान की ओर से संचालित आदर्श वृद्धाश्रम के तत्वावधान में सोमवार को वृद्धाश्रम के संस्थापक स्व लक्ष्मी नारायण सिन्हा की पांचवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांलजलि सह सेवा संकल्प समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्व लक्ष्मी नारायण सिन्हा की पत्नी लालती देवी, जिप सदस्य पूनम देवी, नगड़ी थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, एडीवी प्रकाश रंजन और वृद्धाश्रम के सचिव पंकज कुमार ने संयुक्त रूप से उनके नाम दीप प्रज्वलित कर और माला पहनाकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। अतिथियों ने संयुक्त संबोधन में कहा कि आज से 25 साल पहले रांची के समाज सेवक स्व लक्ष्मी नारायण सिन्हा ने वृद्धजनों की सेवा करने के उद्देश्य से पांच वृद्धजनों को लेकर वृद्धाश्रम शुरू किया था। उनके द्वारा लगाए छोटा पौधा बड़ा वटवृक्ष बन गया हैं। जहां अभी 50 वृद्धजनों की सेवा की जाती हैं। स्व सिन्हा बहुत अच्छे और मिलनसार व्यक्ति थे। उन्होंने हमेशा असहाय गरीबों की सेवा की है। आज उनके मानव सेवा का कार्य उनकी पत्नी लालती देवी और पुत्र पंकज सिन्हा बखूबी निभा रहें है जो सराहनीय है। इस मौके पर वृद्धजनों एवं लोगों के बीच भंडारा का आयोजन किया गया।

## अमर शहीद जीतराम बेदिया मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** जयराम स्पोर्टिंग क्लब बीसा के तत्वावधान में सोमवार को तृतीय अमर शहीद जीतराम बेदिया मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी जयराम महली, जेएलकेएम नेता बालेश्वर बेदिया और मुखिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले ग्रुप में खेले गए उद्घाटन मैच के बाद एफसी पैका और एनके स्पोर्टिंग लाली की टीम सेमीफाइनल में पहुंची। दूसरे ग्रुप का मैच मंगलवार को खेला जाएगा। सेमी फाइनल और फाइनल मैच 24 दिसंबर को बीसा पंचायत मैदान में खेला जाएगा। पुरस्कार के तौर पर विजेता टीम को 31 हजार नगद एवं ट्रॉफी, उपविजेता को 21 हजार नगद एवं ट्रॉफी और तृतीय-चतुर्थ स्थान पाने वाली टीम को चार-चार हजार रुपए नगद एवं ट्रॉफी दी जाएगी। इस मौके पर आयोजन समिति के जयराम बेदिया, शनिचरवा बेदिया, अध्यक्ष पीकेश्वर बेदिया, सोनाराम बेदिया, कोषाध्यक्ष प्रेम बेदिया, बनू बेदिया, चरण बेदिया, धीरज लोहरा, रामदेव बेदिया, सहीराम बेदिया, बालकिशोर बेदिया, केशो बेदिया आदि उपस्थित थे।

## बुरु मेला पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत के मरीडीह गांव जरेया में माली टुंगरी बुरु मेला के अवसर पर एक दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट और आदिवासी नृत्य का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेष कच्छप के प्रतिनिधि एतवा सांडिल एवं रामपुर पंचायत के पूर्व मुखिया महादेव मुंडा उपस्थित रहे। दोनों अतिथियों ने संयुक्त रुप से खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। एतवा सांडिल ने आपसी भाईचारे एवं प्रेम पूर्वक खेल प्रदर्शन करने का संदेश दिया। टूर्नामेंट में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया। जिसमें विजेता टीम फ्रीफायर एफसी टुटीहारा को एक बड़ा खस्सी और उपविजेता टीम लक्ष्मण ब्रदर्स एफसी बरुहारा को एक छोटा खस्सी देकर पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सेलदा खूंटी को 15 हजार, द्वितीय पुरस्कार सारजोमईकीर को 10 हजार, तृतीय पुरस्कर मरीडीह जरेया एवं चतुर्थ पुरस्कार ओडाटोली ब्यांगडीह को क्रमशः 5-5 हजार रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य रुप से वार्ड सदस्य कमल लकड़ा, ग्राम प्रधान संदीप सांडिल, विकास मुंडा, सुनुराम मुंडा, सिलास टुटी, सोमरा मुंडा आदि उपस्थित थे।

## बेड़ो में अभिभावक-शिक्षकों की हुई बैठक

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** एसएस प्लस टू हाई स्कूल परिसर में सोमवार को अभिभावकों एवं शिक्षकों की बैठक जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पंकज कुमार की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए महत्वपूर्ण विंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। मौके पर बीईओ शांति मुनी मिंज, एच एम हेनरिएता मिंज, मुखिया सुशांति भगत, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव और आयता उरांव आदि मौजूद रहे।

### कस्तूरबा बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बेटियों की शादी 18 साल के बाद ही करें : डॉ अनिल वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** झालसा के निर्देश एवं अध्यक्ष सह न्यायायुक्त अनिल कुमार मिश्रा-1 के मार्गदर्शन में सोमवार को कस्तूरबा बालिका विद्यालय में बाल विवाह के खिलाफ नालसा की ओर से संचालित 'आशा' अभियान के तहत बाल विवाह के रोकथाम के लिए विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डालसा पीएलवी बेबी सिन्हा, सुनीता देवी, मालती कुमारी, मनी श्रीवास्तव, अघनू बेदिया, शीला देवी, डॉ अनिल कुमार वर्मा आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर डॉ अनिल वर्मा ने कहा कि भारत में बाल विवाह को रोकने के लिए 'बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006' लागू है। इसके अनुसार लड़के के लिए शादी की न्यूनतम आयु सीमा 21 वर्ष और लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है। इससे कम आयु में किया गया विवाह कानूनन अपराध है। इस अधिनियम के अंतर्गत माता-पिता, अभिभावक, रिश्तेदार, पंचायत सदस्य, पुजारी, मौलवी अथवा कोई भी व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है या इसमें सहयोग करता है या प्रोत्साहित करता है तो वह कानूनन अपराधी माना जाएगा। इसमें दो वर्ष तक सजा एवं एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं,पीएलवी बेबी सिन्हा ने नालसा की ओर से संचालित स्कीम 'डॉन' पर फोकस करते हुए कहा कि नशा से तन-मन-धन की हानि होती है। युवा नशा न करें, बल्कि अपने भविष्य को संवारे। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बाल विवाह के खिलाफ लोगों को जागरूक किया।



बाल विवाह को लेकर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित स्कूली बच्चियां एवं अन्य गणमान्य।

# क्रिसमस अच्छाई और नेकी की राह पर चलना सिखाता है : विधायक

**संत फ्रांसिस स्कूल लोवाडीह में क्रिसमस गैदरिंग का हुआ आयोजन**



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** पुरुलिया रोड स्थित संत फ्रांसिस स्कूल लोवाडीह में सोमवार को क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में खिजरी विधायक राजेश कच्छप, विशिष्ट अतिथि क्रिश्चियन माइनॉरिटी फ्रंट सह निवर्तमान वार्ड पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों का स्वागत स्पोर्ट कैप्टन प्रत्यूष पांडे, स्पोर्ट वाइस कैप्टन आईजैक डुंगडुंग, स्कूल के डायरेक्टर जॉर्ज डोमिनिक एवं स्कूल की प्राचार्य एंजेलिना ने संयुक्त रुप से किया। कार्यक्रम को लेकर स्कूल परिसर में आकर्षक चरनी बनाकर बालक यीशु के जन्म उत्सव को प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि क्रिसमस केवल एक पर्व ही नहीं, बल्कि जीवन को बदलने का अवसर है। क्रिसमस प्रेम और सद्भावना का संदेश देता है। अच्छाई और नेकी की राह पर चलना सिखाता है। वहीं, पार्षद कुलभूषण डुंगडुंग ने कहा कि यीशु मसीह का जन्म मानव जाति के कल्याण के लिए हुआ है। उनका जीवन प्रेम करुणा, सेवा और बलिदान का संदेश देता है। प्रभु यीशु ने हमें सिखाया कि प्रेम बांटने से ही समाज में शांति और भाईचारा कायम हो सकता है। स्वागत भाषण सेरीन मिंज एवं प्रीति प्रसाद ने किया, जबकि मंच संचालन सिद्धार्थ चंद्र एवं शमा परवीन ने किया। इस मौके पर शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## गरीब, वृद्ध और दिव्यांगजनों के बीच कंबल वितरित

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। अनगड़ा प्रखंड अंतर्गत हेसातु पंचायत के दुबलाबेड़ा गांव में ठंड से कांप रहे लोगों के बीच मारुति मंगल परिवार के सौजन्य से सेवा शिविर लगाकर 500 गरीब, असहाय, वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग जनों के बीच कंबल का वितरण किया गाया। संस्था के संगठन प्रमुख सुमेश ने कहा कि झारखण्ड को समृद्ध एवं खुशहाल राज्य बनाने के लिए समाज को शिक्षित, जागरूक एवं एकजुट होने की जरूरत हैं। साथ ही नयी पीढ़ी को नशापान से दूर रहना होगा। झारखंडियों को सशक्त बनाना मेरा लक्ष्य है। उन्होंने अंधविश्वास, जुआ - नशा बंदी, झारखंडी भाषा, रीति -रिवाज, घरेलु हिंस्सा, शिक्षा-संस्कार,एवं रोजी-रोजगार आदि विषयों पर भी विचार रखे। मौके पर संगठन प्रमुख सुमेश महतो आदि उपस्थित रहे।**

## किशोरी से फांसी लगा कर की आत्महत्या

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के कनकट्टा गांव की रहने वाली किशोरी ने रविवार की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी पहचान राधा कुमारी (16) के रूप में हुई है। उसका शव घर के समीप एक पेड़ में फांसी के फंदे पर झूलता देखा गया। इसकी सूचना पाकर मौके पर पहुंची अनगड़ा पुलिस ने शव को कब्जे में ले किया। इधर, गंगाघाट रेलवे स्टेशन के समीप जंगल से अनगड़ा पुलिस ने सोमवार को एक अज्ञात परिचित युवक का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। शव के समीप से ही पुलिस ने सल्फास का पैकेट बरामद किया है। आशंका जताई जा रही है कि ट्रेन से युवक यहां उतरने के बाद सल्फास खाकर अपनी जान दे दी होगी। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है।

# क्रिसमस की खुशियों को प्रेम, एकता और आनंद के रूप में बांटे: फादर विल्फ्रेड विगेस

**- लापुंग के संत लूकस कैथोलिक चर्च कुरकुरिया में क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** संत लूकस कैथोलिक चर्च कुरकुरिया, संत लुकस उच्च विद्यालय और आरसी प्राथमिक विद्यालय कुरकुरिया में अलग-अलग दो दिवसीय क्रिसमस गैदरिंग मनाया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विद्यालय के सचिव फादर विल्फ्रेड विगेस एवं सहायक शिक्षक फादर राजेन्द्र खाखा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सचिव फादर विल्फ्रेड विगेस ने कहा कि क्रिसमस को अपने परिवार और पड़ोसियों के बीच प्रेम, एकता और आनंद के रुप में बांटे। इस दौरान बच्चों ने बालक यीशु के जन्म घटना को झांकी से दर्शाया। साथ ही रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सहायक शिक्षक रोमित खलखो ने किया। वहीं, विद्यालय के प्रभारी फादर राजेंद्र खाखा ने बच्चों को शुभकामनाएं और विद्यालय के सभी शिक्षकगण को कार्यक्रम को सफल बनाने के आभार प्रकट किया। उधर, संत लूकस कैथोलिक चर्च कुरकुरिया में भी क्रिसमस गैदरिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान पल्ली के 11 यूनिटों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मिस्सा पूजा के साथ हुई। बालक यीशु के जन्म को लेकर केक काटा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पल्ली पुरोहित फादर विल्फ्रेड वेगस, फादर राजेन्द्र खाखा, फादर माइकल नाग, ब्रदर प्रफ्फुल कंडुलना, सिस्टर्स, युवा संघ, काथलिक सभा, महिला संघ और क्रूसवीर बच्चों का सराहयीन योगदान रहा। पूरे कार्यक्रम का संचालन फादर राजेन्द्र खाखा और रोमित खलखो ने किया।



### ओरमांझी माउंट कार्मल स्कूल में जुबली 2025 का आयोजन

# मोबाइल से दूरी बनायें और मन लगाकर पढ़ाई करें: राजेश कच्छप

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** माउंट कार्मल स्कूल में सोमवार को जुबली 2025 कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि खिजरी विधायक राजेश कच्छप शामिल हुए। उनके साथ उप प्रमुख रिजवान अंसारी, सरिता देवी और बीडीओ कामेश्वर बेदिया आदि भी मौजूद रहे, जिन्होंने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थापित माउंट कार्मल स्कूल नित्य नए आयाम को छू रहा है। यहां पढ़ने वाले बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। इस दौरान आइसीएसई बोर्ड में जिला टॉप करने वालों बच्चों को मोमेंटो और सर्टिफिकेट देकर प्रोत्साहित किया गया। वहीं, लापुंग बीडीओ उषा मिंज ने कहा कि माउंट कार्मल स्कूल की आभारी हूं, क्योंकि इसी स्कूल के कारण आज बीडीओ हीं। वहीं, बीडीओ कामेश्वर बेदिया ने बच्चों को पढ़ाई खुले मन से करने को कहा। जबकि, सरिता देवी ने बच्चों को शिक्षकों द्वारा बताई बातों का अनुसरण करने को कहा। वहीं, रिजवान अंसारी ने बच्चों को अनुशासन में रहकर अध्ययन करने को कहा। इस दौरान नर्सरी से प्लस टू तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति से अभिभावकों को अभिभूत कर दिया। कार्यक्रम के माध्यम से मोबाइल के दुष्परिणाम के संदेश पर जोर दिया गया। इसके सफल आयोजन में निदेशक फादर दीपक, प्राचार्य सिस्टर टेसी, फिरोज अंसारी, सुनिल कुमार, आकांक्षा, रश्मि और कंचन आदि का सराहनीय योगदान रहा।





## अनिता कमल बोर्डिंग स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के तुको गांव स्थित अनिता कमल बोर्डिंग स्कूल में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह परीक्षा परिणाम समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिकी सोच का परिचय देते हुए सभी को मंत्रमुग्ध कर दिये। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण और स्मार्ट सिटी जैसे विषयों पर एक से बढ़कर एक वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किये। नन्हें बच्चों ने न केवल मॉडल बनायें, बल्कि मौजूद अतिथियों को उनके काम करने के तरीके और उनके पीछे को भी विस्तार से समझाया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में अभिनेता सह राजनीति कार्यकर्ता रिपुसुदन साहू उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के हुनर की सरहना करते हुए कहा कि आज के बच्चे ही कल के वैज्ञानिक और देश के निर्माता हैं। ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने का यह प्रयास सराहनीय है। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा जिला लौहरदगा मंत्री मिथुन तमेरा, बेड़ो मंडल अध्यक्ष बलराम सिंह और नरकोपी मंडल महामंत्री राजेश कुमार ने भी प्रदर्शनी का अवलोकन किया और मेधावी छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। स्कूल के निदेशक अभिषेक सिंह ने अभिभावकों और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को बाहर लाना है। इस तरह के आयोजन से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनमें कुछ भी अच्छा करने प्रवृत्ति विकसित होती है। स्कूल प्रबंधन बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर शिक्षक अंजुमन अलीया, अलिया प्रविण, प्रियंका कुमारी वीरेंद्र उरांव मौजूद थे।

## मारुति मंगल परिवार ने बेड़ो में कंबल वितरित किया



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पहाड़ स्थित बंजारी मैदान में रविवार को सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठन मारुति मंगल परिवार की ओर से क्षेत्र के बुजुर्गो, दिव्यंगजनों एवं जरूरतमंद के लिए सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी को कंबल दिया गया। मारुति मंगल परिवार के संगठन प्रमुख सुमेश कुमार ने कहा कि अभी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जिसे देखते हुए इस वर्ष भी परिवार की तरफ से जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर हमारे सदस्य बड़ी संख्या में अपनी सेवा दे रहे हैं। बताया कि हमें जाती-पाती और क्षेत्रवाद से बचने की आवश्यकता है। सर्वसमाज को जुआ, शराब, अंधविश्वास, सड़क दुर्घटना, दहेजप्रथा, बाल विवाह, मृत्यु भोज सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों से बचने की आवश्यकता है। इस दौरान कार्यक्रम का संचालन जितपाहन प्रजापति ने किया। इसे सफल बनाने में खूंटी जिला प्रभारी पवन कुमार, हजारीबाग जिला प्रभारी रीकेश कुमार, निरंजन गोप रांची जिला प्रभारी संजय सहित स्थानीय पहान, पैनभरा, कोटवार आदि ने सराहनीय योगदार दिया।

## नागरिक सुविधा सलाहकार समिति की बैठक



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** नामकुम रेलवे स्टेशन पर सोमवार को नागरिक सुविधा सलाहकार सदस्यों की बैठक स्टेशन प्रबंधक चंद्रमोहन प्रसाद की देखरेख में संपन्न हुई। बैठक का नेतृत्व करते हुए भाजपा रांची ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष सह नामकुम रेलवे स्टेशन यात्री सुविधा सलाहकार समिति के सदस्य प्रभुदयाल बड़ाइक ने पिछले बैठक में लिए गये प्रस्ताव की समीक्षा करते हुए स्टेशन प्रबंधक से जानकारी ली। इसमें प्रबंधक ने बताया कि पिछले बैठक में जो भी यात्री सुविधा से संबंधित प्रस्ताव दिया गया, उसमें एक कार्य वाटर प्यूरीफायर की व्यवस्था पूर्ण हुई है। इसके अलावा फुट ओवर ब्रिज की प्रस्ताव रखी गई थी, उसका सर्वे और टेंडर हो गया है। सिर्फ कार्य प्रारंभ होना बाकी है। वहीं, बैठक में शामिल सभी सदस्यों ने रांची पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस को नामकुम में ठहराव का प्रस्ताव रखा। साथ ही स्टेशन पर जगह-जगह कूड़ेदान की समुचित व्यवस्था, उच्च श्रेणी प्रतीक्षालय, विआईपी लाऊंच, रिटेयरिंग रुम की व्यवस्था, स्टेशन में मशीनीकृत सफाई की व्यवस्था आउट सोसिंग एजेंसी से कराने की मांग रखी। बैठक में रांची ग्रामीण जिला सोशल मीडिया प्रभारी भास्कर मुखर्जी के साथ खिजरी मंडल महामंत्री गोरखनाथ सिंह उपस्थित थे।

## कदमा चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ



**कांके (आजाद सिपाही)।** कदमा जतरा मैदान में सोमवार को कदम चैंपियन ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट 2025 का शुभारंभ हुआ। इसका उद्घाटन कांके प्रखंड के उपप्रमुख अंजय बैठा ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया। इस दौरान, उद्घाटन मैच पीएमपी परहेपाट बनाम फुटबॉल टीम रेण्डो के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में पीएमपी परहेपाट ने रेण्डो की टीम को 3-1 से हरा दिया। मैन ऑफ द मैच सलाम अंसारी को मिला। वहीं दूसरा मैच सुमित ब्रदर्स बनाम श्ज सुजल ब्रदर्स बरियातू के बीच खेला गया। दूसरा मैच भी काफी रोमांचकारी रहा, लेकिन निर्धारित समय पर दोनों टीमें गोल नहीं दे सकी। फिर पेनल्टी शूटाउट में सुमित ब्रदर्स 3-0 से विजयी हुई। इसके सफल आयोजन में मुख्य संरक्षक मदन कुमार महतो, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महेश कुमार मनीष, सूरज महतो, महेन्द्र महतो, अशोक कुमार महतो, अजीजुल अंसारी, प्रभात भूषण, सहदेव मुंडा, अजय कुमार महतो, राजकुमार महतो, अनिल महतो, अजय महतो, संजू मुंडा, जीतू महतो, निरंजन महतो, सरोज, दीपक, राहुल, मुकेश मुंडा, सोनू, जुगनू महतो आदि का योगदार रहा।

## ओरमांझी में पेंशन सत्यापन के साथ बीज वितरित

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** पंचायत में भी ऑडिट सह पेंशन धारियों का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। यह कार्य मंगलवार को भी होगा। मुखिया दीपक बड़ाइक और उप मुखिया संतोष गुप्ता ने ओरमांझी के पेंशन धारी ग्रामीणों से आधार संलग्न बैंक खाते लाकर पेंशन सत्यापन के लिए अपील किया है। मुखिया एवं उप मुखिया, पंसस, वार्ड सदस्यों के उपस्थिति में किसानों के बीच चना के बीज का वितरण किया गया।

## 26 को झारखंड चीक बड़ाइक उत्थान समिति की बैठक

बसिया (आजाद सिपाही)। झारखंड चीक बड़ाइक उत्थान समिति जिसका रजिस्टर्ड संख्या 86/11 बसिया की आवश्यक बैठक 26 दिसंबर दिन शनिवार को अपराह्न 11 बजे कोनबीर के इनडोर स्टेडियम किसान भवन में रखी गयी है। इस संबंध में समाज के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल बड़ाइक ने कहा कि आगामी महीनों में संगठन चुनाव और नववर्ष वनभोज कार्यक्रम पर चर्चा किया जाना है। अतः सभी बसिया प्रखंड चीक बड़ाइक कि समाज के सदस्यों पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है। इस आशय की जानकारी समाज के शशिकांत भगत द्वारा दिया गया।

## चुंदरी में समन्वय समिति की बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। चुंदरी पंचायत सचिवालय में मुखिया विनीता कुमारी की अध्यक्षता में समन्वय समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक में पंचायत कर्मी आंगनबाड़ी सेविका, सीएचओ एएनएम, राशन दुकानदार, शिक्षक, स्वस्थ सहिया, ग्राम प्रधान, प्रदान संस्था के कर्मी, उपस्थित हुए। बैठक में विभाग के कर्मियों ने समस्याओं को अवगत कराया। मुखिया विनीता कुमारी ने कहा कि पंचायत के कर्मियों के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर सभी का कार्य को किया जा सकता है। जो भी समस्या आया है संबंधित विभाग को पत्राचार कर के अवगत कराया जायेगा। मौके पर उपस्थित उप मुखिया अजित मनी पाठक, रीमा उरांव, मनमेत देवी, पूनम भगत, प्रियकीला खाखा, रामप्रसाद साहू, बीना देवी, मानती देवी, नजमुन बेबी, रोजगार सेवक रीना कुमारी, संजेश उरांव, आनंद महली और अन्य लोग उपस्थित हुए।

## आज किसान कन्वेंशन में भाग लेंगे गुमला के प्रतिनिधि

गुमला (आजाद सिपाही)। झारखंड नवनिर्माण दल मजदूर यूनियन गुमला के जिला प्रभारी शंकर उरांव ने बताया कि झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़ी प्रगतिशील किसान यूनियन के बैनर तले किसान दिवस 23 दिसंबर 2025 को रांची में आयोजित किसान कन्वेंशन में गुमला जिला से भी किसान प्रतिनिधि भाग लेंगे। किसान दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर कार्यक्रम तय किए जायेंगे। ताकि अन्नदाता कृषकों की स्थिति में बदलाव के लिए सरकार को प्रस्ताव भेजा जा सके। कन्वेंशन में राज्य के किसान नेताओं को बतौर प्रतिनिधि भाग लेने की अपील की गयी है।

## रामन्या फाउंडेशन ने आयोजित की प्रतिभा छात्रवृत्ति परीक्षा



गुमला (आजाद सिपाही)। रामन्या फाउंडेशन द्वारा कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए प्रतिभा छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2024–25 का आयोजन 21 दिसंबर को लूथरन माध्यमिक विद्यालय, मिशन चौक, गुमला में किया गया। इस परीक्षा में जिले के कुल 450 छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। फाउंडेशन प्रत्येक छह माह में इस प्रतियोगी परीक्षा का आयोजन कर बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करता है। परीक्षा में चयनित विद्यार्थियों को एक वर्ष तक निःशुल्क ऑनलाइन कक्षाएं, टैबलेट, प्रमाणपत्र तथा 600 से 1500 रुपये तक की सहायता राशि प्रदान की जायेगी। साथ ही दिव्यांग एवं अनाथ बच्चों को विशेष लाभ के साथ मुफ्त छात्रवृत्ति दी जायेगी। संस्था का उद्देश्य 'पढ़ेंगे–पढ़ाएंगे, उन्नत समाज बनायेंगे' को साकार करना है। परीक्षा के सफल आयोजन में संस्था के पदाधिकारियों एवं विद्यालय के प्राचार्य सुशील बरदान लकड़ा सहित शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बिना चालान के बालू लदे तीन हाइवा जब्त



गुमला (आजाद सिपाही)। जिला खनन पदाधिकारी ने सोमवार की सुबह लगभग 10:15 बजे रांची–गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो थाना क्षेत्र में बालू लदे तीन हाइवा वाहनों को रोका गया। जांच के दौरान वाहन चालकों द्वारा वैध खनिज परिवहन चालान प्रस्तुत नहीं किया गया। पूछताछ में चालकों ने बालू का उत्खनन ओलमुंडा कोयल नदी से किये जाने की बात स्वीकार की, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बालू का परिवहन अवैध रूप से किया जा रहा था। इसके बाद तीनों हाइवा वाहनों को बालू सहित जब्त कर भरनो थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया। प्रशासन ने बताया कि यह कृत्य सरकारी राजस्व की क्षति और राष्ट्रीय संपत्ति के दोहन से जुड़ा है। मामले में संबंधित वाहन मालिकों और चालकों के विरुद्ध खनन कानूनों के तहत प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

## कस्तूरबा गांधी विद्यालय में पीटीएम का आयोजन



कामडारा (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कामडारा में विशेष तृतीय अभिभावक–शिक्षक बैठक का सफल एवं भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय को हाइ परफॉर्मिंग स्कूल के रूप में चयनित किए जाने पर सभी ने हर्ष व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एपीओ गुमला, बीपीओ कामडारा, बीपीओ बसिया, उपप्रमुख, मुखिया, वार्डन शांति सुरिन, सभी शिक्षकगण,सुरक्षा गार्ड, लगभग 200 अभिभावक (गार्जियन) तथा छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर विद्यालय की 18 छात्राओं एवं उनके 18 अभिभावकों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों एवं विद्यालय के प्रति सहयोग के लिए पुरस्कार, प्रमाण पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त, विद्यालय की होनहार छात्राएं स्वीटी देमता, रूपनी बागे एवं मालिया केरकेट्टा जिन्होंने राज्य एवं जिला स्तर पर विद्यालय का नाम रोशन किया। उन्हें विशेष रूप से प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उनकी उपलब्धियों में सहयोग देने वाले अभिभावकों को भी शॉल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र कुमार ने अपने जीवनगाथा से जुड़े अनुभव छात्रों एवं अभिभावकों के साथ साझा किए। मुख्य अतिथि एपीओ गुमला ने कहा कि जब तक बच्चे और अभिभावक जागरूक नहीं होंगे। तब तक शिक्षा की ज्योति पूर्ण रूप से प्रज्वलित नहीं हो सकती। अंत में विद्यालय की वार्डन शांति सुरिन द्वारा सभी अतिथियों,शिक्षकों, अभिभावकों एवं छात्राओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।

## गुमला पॉलिटेक्निक में मनाया गया गणित दिवस

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला पोलिटेक्निक कॉलेज में 22 दिसंबर को महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 138वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय गणित दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू एवं गणित शिक्षिका आकांक्षा प्रिया द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर रामानुजन के जीवन और गणित में उनके योगदान पर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के तहत वैदिक गणित, क्विज, भाषण और ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी, जिनमें जिले के विभिन्न स्कूलों के सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया। विजेता छात्रों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। प्राचार्य ने गणित को तार्किक सोच का आधार बताया।

# 30 को रायडीह आयेंगी राष्ट्रपति, तैयारी तेज, अफसरों ने लिया स्थल का जायजा

आजाद सिपाही संवाददाता



रायडीह। स्थानीय बेरियर बगीचा, मांझाटोली में आगामी 30 दिसंबर को आयोजित अंतरराज्यीय जनजातीय सांस्कृतिक समागम 'कार्तिक जतरा' में देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शामिल होना तय माना जा रहा है। इसे लेकर सोमवार को झारखंड वाणिज्यकर विभाग के सचिव अमिताभ कौशल एवं रांची जोन के आइजी मनोज कौशिक ने कार्यक्रम स्थल का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित और एसपी हारिश बिन जामां को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम की तैयारी तेज करने को कहा गया। अधिकारियों ने विवि निर्माण समिति के मुख्य संयोजक एवं पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव से कार्यक्रम की जानकारी ली और छत्तीसगढ़ सरकार के साथ प्रशासनिक समन्वय पर चर्चा की। निरीक्षण के क्रम में हेलीपैड, मुख्य मंच, वीवीआईपी मंच, पार्किंग, बैरिकेडिंग, सुरक्षा व्यवस्था तथा झारखंड-छत्तीसगढ़ बॉर्डर का जायजा लिया गया।

साथ ही पंखराज साहेब कार्तिक उरांव की प्रतिमा स्थल एवं जय किसान +2 हाई स्कूल को सेफ हाउस के रूप में देखा गया। मौके पर जिला प्रशासन के कई अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पेड़ से टकरायी यात्री गाड़ी बच्चा समेत छह लोग घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। चैनपुर थाना क्षेत्र के मालम-टोंगो रोड पर सोमवार दोपहर करीब 1 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। मालम गांव में एक शादी समारोह से लौट रही टाटा मैजिक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकरायी। इस घटना में वाहन सवार छह लोग घायल हो गये जिनमें से चार की स्थिति गंभीर बनी हुई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस को सूचना दी गयी जिसके बाद सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर में भर्ती कराया गया। घायलों में शशि तिर्की (32 वर्ष), असित राजेश एक्का (22 वर्ष), बुधना मुंडा (18 वर्ष) और फिलिप कुजूर (52 वर्ष) को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं 3 वर्षीय असित कुजूर और शशि तिर्की को मामूली चोटें आयी थीं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। प्रत्यक्षदर्शियों और स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार टाटा मैजिक का चालक शराब के नशे में था जिसके कारण वह वाहन पर से नियंत्रण खो बैठा और यह दुर्घटना हो गयी। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# गुमला नगर परिषद ने चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। नगर परिषद द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों से कुल 7500 रुपये जुर्माना वसूला गया। यह अभियान पालकोट रोड से शुरू होकर मेन रोड होते हुए बस स्टैंड रोड तक चलाया गया। अभियान के दौरान नगर परिषद की अभियांत्रिकी टीम सख्त नजर आई और सड़क व सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की गयी। नगर परिषद ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाना है, ताकि आम जनता को सुचारू यातायात, बेहतर सफाई व्यवस्था और सुरक्षित सार्वजनिक स्थान उपलब्ध हो सके। प्रशासन का मानना है कि अतिक्रमण हटने से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और विकास कार्यों में भी तेजी आयेगी। टीम ने स्पष्ट किया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर इस प्रकार का अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। नागरिकों से अपील की गयी कि वे अपनी दुकानों का सामान निर्धारित सीमा के भीतर ही रखें और सफाई के लिए डस्टबिन का उपयोग करें। अभियान के दौरान कई दुकानदार अपनी दुकानों का सामान समेटते नजर आये। मौके पर डे-एनयूएलएम की सीएमएम, सिटी मैनेजर, विधि सहायक, कर दारोगा, स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर, राजस्व निरीक्षक तथा एसएचजी की महिलाएं मौजूद थे।

# टोटांबी के पास सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

घाघरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के टोटांबी के समीप सड़क दुर्घटना में 75 वर्षीय वृद्ध की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीण के द्वारा पहुंचाया गया जहां इलाज चिकित्सक द्वारा किया गया। जानकारी के अनुसार पलमा ग्राम निवासी 75 वर्षीय बिरिया उरांव अपने दामाद कोहिपाट बरवाटोली निवासी कर्मपाल उरांव के साथ पनसो बाजार मोटरसाइकिल से गया था। वही बाजार से दोनों मोटरसाइकिल में सवार हो कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान टोटाम्बी के समीप पीछे से आ रहे हैं अज्ञात मोटरसाइकिल ने टक्कर मारा जिससे घटना घटी। घटना के बाद बिरिया की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि गंभीर स्थिति में कर्मपाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां इलाज किया गया। घटना के बाद पुलिस घटना स्थल पहुंच बिरिया का शव घाघरा थाना में लाया।

# वनकर्मी पर आदिवासी बच्चियों से मारपीट का आरोप, लोगों ने दी आंदोलन की चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। जिले के कतरी पंचायत अंतर्गत हेड जोड़ी जंगल क्षेत्र से एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है। जिसने पूरे आदिवासी समाज में आक्रोश पैदा कर दिया है। आरोप है कि वन विभाग के वनकर्मी/ फॉरेस्टर राकेश मिश्रा एवं नकुल महतो ने जलावन के लिए सूखी लकड़ी ला रही आदिवासी बच्चियों को जंगल के रास्ते में रोककर उनके साथ मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया। बताया जा रहा है कि आदिवासी परिवारों की बच्चियां घरेलू उपयोग के लिए जंगल से सूखी लकड़ी चुनकर ला रही थीं। इसी दौरान दोनों वनकर्मियों ने उन्हें बीच रास्ते में रोका और बिना मानवीय संवेदना दिखाए रुढ़ व्यवहार करते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। यह घटना आदिवासी समाज की गरिमा और बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला माना जा रहा है।

इस पूरे घटनाक्रम के बाद भी अब तक न तो कोई ठोस विभागीय कार्रवाई की गयी है और न ही पुलिस द्वारा प्रभावी कदम उठाए गये हैं। कार्रवाई में हो रही कथित देरी और शिथिलता को लेकर आदिवासी छात्र संघ जिला गुमला ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। आदिवासी छात्र संघ ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि जल्द ही राकेश मिश्रा और नकुल महतो के विरुद्ध विभागीय एवं पुलिस कार्रवाई करते हुए उनकी गिरफ्तारी नहीं की जाती तो संगठन जनवरी 2026 के प्रथम या द्वितीय सप्ताह में जोरदार सड़क आंदोलन करेगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होगा, लेकिन जरूरत पड़ी तो इसे व्यापक रूप दिया जायेगा। संघ का कहना है कि यह सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि आदिवासी समुदाय के साथ लगातार हो रहे अन्याय का प्रतीक है। जलावन जैसी बुनियादी जरूरत के लिए जंगल पर निर्भर आदिवासी परिवारों के बच्चों के साथ इस तरह का व्यवहार अस्वीकार्य है।

आदिवासी छात्र संघ ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी वनकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर आदिवासी बच्चियों को न्याय दिलाया जाये। इस घटना के बाद इलाके में आदिवासी समाज के बीच भारी रोष और असंतोष देखा जा रहा है। यदि समय रहते प्रशासन ने ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में यह मामला जिला स्तर पर बड़ा आंदोलन का रूप ले सकता है।

# रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या मंदिर में मनाया गया गणित दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



सिसई। रंजीत नारायण सिंह सरस्वती विद्या रामानुज की जयंती को गणित दिवस की रूप में मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम वंदना सभा में दीपक प्रज्वलन करते हुए उनके चित्र पर पुष्पार्चन किया गया। वंदना के पश्चात आचार्य तथा प्रधानाचार्य द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। उसके पश्चात गणित दौड़ तथा गणित प्रश्न मंच का आयोजन किया गया जिसमें सभी कक्षाओं के छात्रों के लिए अलग-अलग प्रश्नों का निर्माण कर उनकी प्रतिभा को निकालने का प्रयास किया गया। अंत में सफल सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। गणित दौड़ में कक्षा षष्ठ- शिवम कुमार सोनी, आयुषी लकड़ा, अंशु उरांव, कक्षा सप्तम में श्रुति कुमारी, आकृति कुमारी, अनुराग कुमार कक्षा, अष्टम में सत्यम कुमार ,साक्षी कुमारी तथा अनमोल कुमार कक्षा 9 में गौरव राज, शिवानी कुमारी तथा प्रिंस कुमार क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे और कक्षा दशम में दीक्षा कुमारी और नितेश कुमार प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर रहे। धन्यवाद ज्ञापन में प्रधानाचार्य देवेंद्र वर्मा ने सभी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि उनका जीवन यद्यपि लगभग 33 वर्षों का रहा लेकिन उन्होंने अपने जीवन में 3884 सिद्धांतों को प्रतिपादित किया। उन्होंने आज के कार्यक्रम के लिए अपने सभी शिक्षकों तथा भैया बहनों को धन्यवाद दिया। मौके पर गणित प्रमुख आचार्य कमल सिंह, नाथू भगत, सौरभ कुमार वर्मा, कौशल्या कुमारी, सरिता कुमारी आदि सभी शिक्षक गण उपस्थित थे।

# कांग्रेस का स्थापना दिवस लेगा जनआंदोलन का स्वरूप : राजनील

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस को ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाने को लेकर जिला कांग्रेस कमिटी की एक अति आवश्यक बैठक बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने की। बैठक में संगठन के सभी वरिष्ठ नेता, प्रखंड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, नगर कांग्रेस कमिटी, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक विभाग, आदिवासी कांग्रेस, ओबीसी प्रकोष्ठ, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ, सेवा दल, किसान मोर्चा सहित पार्टी के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राजनील तिग्गा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि पार्टी की विचारधारा, संघर्ष और बलिदान की विरासत को जन-जन तक पहुंचाने का अवसर है। उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस ने आजादी की लड़ाई से लेकर संविधान की रक्षा और सामाजिक न्याय तक हमेशा देश को दिशा देने का काम किया है। आज जरूरत है कि हम उस विरासत को गांव, पंचायत और हर घर तक ले जाएं।' उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि 28 दिसंबर को जिले के हर प्रखंड, पंचायत और नगर क्षेत्र में पार्टी का झंडोत्तोलन किया जायेगा और स्थापना दिवस को हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर आम जनता को कांग्रेस की नीतियों, संवैधानिक मूल्यों और जनहितकारी कार्यक्रमों से जोड़ा जायेगा। मौके पर इकरामुल हक, बसंत गुप्ता, अफजल खान, मो आजाद अंसारी, रोहित विक्की, प्रीति कुमारी,सीता देवी, भुनेश्वर राम, सन्नी कुमार, अजित केरकेट्टा, राजू भगत, इस्माइल कुजूर, आदित्य भगत, विकास साहू, समेत दर्जनों कांग्रेसी मौजूद थे।

### कांग्रेस के वीर सिपाही संघर्ष के लिए रहें तैयारः आशिक

कांग्रेस नेता आशिक अंसारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पहले हालात इतने गंभीर नहीं थे, लेकिन अब देश की स्थिति बेहद नाजुक हो चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के वीर सिपाही को लड़ने के लिए तैयार रहना होगा। आशिक अंसारी ने आरोप लगाया कि भाजपा और आरएसएस कांग्रेस के बलिदान और देश की लोकतांत्रिक परंपराओं को खत्म करने में जुटे हैं। देश की संस्थाओं और सिस्टम को योजनाबद्ध तरीके से कमजोर किया जा रहा है।

# गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर मनाया गणित दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, गुमला में महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की 139वीं जयंती के अवसर पर भव्य गणित मेला आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वंदना सभा से हुई, जिसके बाद स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामकिशोर रजक, सचिव विजय बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा सहित अन्य अतिथियों ने रामानुजन के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्चन किया।

गणित मेले में विद्यालय के लगभग 400 भैया-बहनों ने भाग लिया और गणितीय प्रदर्शों व खेलों के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया। मेले में 400 नवीन गणितीय प्रदर्श लगाये गये, जिन्होंने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को उजागर किया। सचिव विजय बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को रामानुजन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। प्रधानाचार्य संजीव कुमार सिन्हा ने कहा कि गणित रोचक विषय है और वैदिक गणित आज विश्व में मान्यता प्राप्त कर चुका है। गणित प्रमुख अनुज कुमार ने रामानुजन के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्यों का सहयोग सराहनीय रहा।


**नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट**
सी.बी.एस.ई. संबद्ध +2 विद्यालय
संबद्धता संख्या– 3420006, विद्यालय संख्या– 69558

पत्रांक : 438 दिनांक :–22.12.2025

**नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2025–26 की प्रारंभिक परीक्षा का परिणाम**

दिनांक 12.10.2025 को राज्य के प्रमण्डल मुख्यालयों में आयोजित नेतरहाट प्रवेश परीक्षा 2025–26 की प्रारंभिक परीक्षा परिणाम के आधार पर मेधा क्रमानुसार राज्य में लागू आरक्षण व्यवस्था के आलोक में चयनित छात्रों की सूची विद्यालय के वेबसाइट www.netarhatvidyalaya.com पर उपलब्ध है जिनकी मुख्य परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाएगा। चयनित छात्रों की सिर्फ मुख्य परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर पुनः मेधा क्रमानुसार राज्य में लागू आरक्षण व्यवस्था के आलोक में कुल सीटों के 1.5 गुना (कुल 150) छात्रों का चयन शारीरिक जाँच सह–मनोवैज्ञानिक परीक्षण हेतु किया जायेगा। तत्पश्चात शारीरिक जाँच सह–मनोवैज्ञानिक परीक्षण में सफल छात्रों में से मेधा क्रमानुसार एवं आरक्षण व्यवस्था के अनुरूप अंतिम रूप से चयनित 100 (एक सौ) छात्रों का नामांकन सभी प्रमाणपत्रों / दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात लिया जायेगा।

ह०/–प्राचार्य
PR 369142 Human Resource Developement(25-26)#D नेतरहाट आवासीय विद्यालय, नेतरहाट

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 23 दिसंबर, 2025
www.azadsipahi.in



## धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज की बैठक



महुदा (आजाद सिपाही)। हाथुडीह पंचायत भवन में धनबाद-बोकारो क्षेत्रीय राजपूत समाज के त्रैमासिक बैठक अध्यक्ष जन्मजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए जोर दिया गया। जिसमें सामाजिक संविधान का पालन, लड़की के विवाह में एवं मृत्यु भोज में मांसाहार भोजन, दहेज प्रथा, खर्चीली शादी, अंतर्जातीय विवाह आदि है, यह सभी पर कैसे विराम लगे इस पर वक्ताओं ने ज्यादा विचार परामर्श करते हुए 13 फरवरी 2026 को होने वाला वार्षिक सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बल दिया। बैठक का संचालन महामंत्री शिशिर प्रसाद सिंह ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व जॉन अध्यक्ष परमेंद्र सिंह ने किया। जन्मजय सिंह ने बताया कि आगामी अधिवेशन की तैयारी को लेकर बैठक में एक एडहॉक कमेटी के गठन का निर्णय लिया गया। यह कमेटी अधिवेशन की संपूर्ण व्यवस्था, आय-व्यय का लेखा-जोखा तथा उपयुक्त स्थल के चयन सहित सभी आवश्यक कार्यों की देखरेख करेगी। समाज सुधार को प्राथमिकता बताते हुए ग्रामीण कमेटियों को और अधिक सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देते समाज द्वारा निर्मित सामाजिक संविधान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर गंभीर चर्चा की गयी और सभी सदस्यों से इसके पालन का आह्वान किया गया। मौके पर केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह, संयुक्त महामंत्री गोपाल सिंह, कोषाध्यक्ष रामवरित सिंह, संगठन मंत्री रघुनाथ सिंह, सूर्य नारायण सिंह, प्रभु नारायण सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

## एमजीएम हायर सेकेंड्री में एथलोस का आयोजन



बोकारो (आजाद सिपाही)। एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल, सेक्टर चार एफ में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता एथलोस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेंट मेरीज नर्सरी स्कूल के प्राचार्य फादर दीनू एम डैनियल, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य पीए जकारिया और पीड ईप्पन तथा स्कूल के प्राचार्य फादर डॉ जोशी वर्गीस ने संयुक्त रूप से किया। फादर दीनू एम डैनियल ने कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है, तनाव कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है। खेल बच्चों में अनुशासन, नेतृत्व और टीम वर्क की भावना विकसित करता है। वहीं फादर डॉ जोशी वर्गीस ने कहा कि खेलकूद जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और समय के महत्व को समझाता है। शिक्षा के साथ खेल में भागीदारी से विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त कर रहे हैं। प्रतियोगिता में 100 व 200 मीटर दौड़, बाधा दौड़, लंबी-ऊंची कूद, रस्सी खींचातानी, रिले रेस सहित कई खेल हुए। समग्र प्रदर्शन के आधार पर अगस्तमलाई सदन विजेता व नीलगिरि सदन उपविजेता रहा। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन खेल शिक्षिका मीनाक्षी कुमारी ने किया।

## दी पेंटिकॉस्टल असेंबली में क्रिसमस की धूम



बोकारो (आजाद सिपाही)। 22 दिसंबर को दी पेन्टिकॉस्टल असेंबली स्कूल के परिसर में क्रिसमस पर्व बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रेम, शांति, भाईचारे और सेवा की भावना को बढ़ावा देना था। पूरे परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, सितारों और क्रिसमस ट्री से आकर्षक रूप से सजाया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों, निदेशक, रेवरेंड डॉ डीएन प्रसाद, मुख्य शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद, प्रधानाचार्य डॉ करुणा प्रसाद, अधिशासी निदेशक डैनियल माइकल प्रसाद के सम्मानपूर्ण स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय की प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने अपने स्वागत भाषण में परिसर में उपस्थित सबका अभिवादन किया तथा क्रिसमस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह त्योहार सभी को प्रेम, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इसके पश्चात प्री नर्सरी के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए एक से बढ़कर एक क्रिसमस कैरोल्स प्रस्तुत किए गए, जिसमें कक्षा 3ए, 4ए, 5सी के विद्यार्थी शामिल थे। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय के निदेशक महोदय रेवरेंड डॉ डीएन प्रसाद ने अपने क्रिसमस संदेश में कहा कि क्रिसमस प्रेम, करुणा और आशा का पावन पर्व है। यह दिन हमें प्रभु यीशु मसीह के जन्म की याद दिलाता है, जिन्होंने मानवता को प्रेम, क्षमा और सेवा का मार्ग दिखाया। इसके पश्चात विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाओं द्वारा क्रिसमस कैरोलस प्रस्तुत किया गया, जिससे कार्यक्रम में चार चाँद लग गए। कार्यक्रम में ह्यसांता क्लॉजह्न का विशेष आकर्षण रहा, जिन्होंने बच्चों को उपहार वितरित किए और सभी के चेहरों पर मुस्कान बिखेरी। इस अवसर को और भी खास और स्मरणीय बनाने के लिए विद्यालय में नौवीं और ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए कप केक प्रतियोगिता आयोजित की गयी तथा विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों को केक वितरित किया गया।

# सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से बचाने के लिए ग्रामीणों का प्रदर्शन

**कुर्मीडीह में असामाजिक तत्वों पर हथियार लहराने, युवक को कुचलने और अपहरण के प्रयास का आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। गोविंदपुर अंचल एक बार फिर सरकारी जमीन से जुड़े विवाद को लेकर सुर्खियों में है। सोमवार सुबह करीब आठ बजे कुर्मीडीह मौजा के दर्जनों ग्रामीण गोलबंद होकर कुर्मीडीह चौक पहुंचे और 66 खाता की सरकारी जमीन को अवैध कब्जे से बचाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने कथित कब्जाधारियों और प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। स्थानीय ग्रामीण द्वारका प्रसाद साव ने आरोप लगाया कि फिरोज अंसारी, आफताब अंसारी, अख्तर अंसारी समेत कई असामाजिक तत्व कार से मौके पर पहुंचे और हथियार लहराते हुए क्षेत्र में दहशत फैलाने लगे। आरोप है कि कुर्मीडीह चौक के पास एक स्थानीय युवक को कार से कुचलने का प्रयास किया गया। युवक किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहा, इसके बाद उसे जबरन कार में उठाकर अपहरण करने की भी कोशिश की गयी। ग्रामीणों के शोर-शराबा करने और बड़ी संख्या में लोगों के मौके पर पहुंचने के बाद आरोपी वहां से फरार हो गये। ग्रामीणों का कहना है कि असामाजिक तत्व जानबूझकर भय का माहौल बनाकर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बरवाअड्डा थाना पुलिस की भूमिका पर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि पुलिस की निष्क्रियता के कारण असामाजिक तत्वों का मनोबल लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मामले को लेकर जिला प्रशासन के कई अधिकारियों को पहले ही लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, गोविंदपुर अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुबे स्वयं उक्त जमीन को सरकारी बता चुके हैं, इसके बावजूद अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि वे किसी भी कीमत पर सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं होने देंगे और आवश्यकता पड़ी तो आंदोलन को और तेज किया जायेगा।



**असामाजिक तत्वों की पहचान सामने आ चुकी है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। सरकारी जमीन पर कब्जा करने या इसके लिए षड्यंत्र रचने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जायेगा। दोषियों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। 'शंकर कामती: डीएसपी हेड क्वार्टर-1'**

**मामला संज्ञान में लिया गया है। अंचलाधिकारी से समन्वय कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सरकारी जमीन की सुरक्षा अंचलाधिकारी के अधिकार क्षेत्र में है, इसलिए उन्हें आवश्यक निर्देश देकर त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। 'विनोद कुमारः अपर समाहर्ता, धनबाद'**

# उत्कृष्टता के लिए आठ प्रतिष्ठित पीआरसीआइ राष्ट्रीय पुरस्कारों से सेल संचार हुआ सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता



नयी दिल्ली। देश की अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात उत्पादक कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने कॉर्पोरेट संचार के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरसीआइ) द्वारा सेल को कुल आठ प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ये पुरस्कार 13 से 15 दिसंबर, 2025 तक देहरादून में आयोजित 47वें ऑल इंडिया पब्लिक रिलेशंस कांफ्रेंस के दौरान प्रदान किये गये। यह सम्मान कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन में सेल के नवाचारपूर्ण दृष्टिकोण, विशेष रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के प्रभावी उपयोग और राष्ट्रीय विकास के प्रति प्रतिबद्धता को मान्यता देता है। सेल ने विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर अपनी बहुआयामी और सशक्त संचार रणनीति का प्रदर्शन किया। सेल को जनसंपर्क अभियान में एआइ के सर्वश्रेष्ठ उपयोग के लिए एआइ सेल ट्रैक नामक एआई-संचालित न्यूज बुलेटिन हेतु सम्मानित किया गया। वहीं, महिला विश्व कप 2025 के दौरान एआईआधारित विज्ञापन अभियान को एआई का उपयोग करते हुए सर्वश्रेष्ठ विज्ञापन अभियान का पुरस्कार मिला। इसके अलावा, इंडिया स्टील-2025 में प्रभावी प्रदर्शनी आयोजन के लिए सबसे प्रभावशाली इवेंट मैनेजमेंट, रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया (रक्षा क्षेत्र) श्रेणी, ऑडियो-विजुअल ई-न्यूजलेटर सेलट्रैक, कर्मचारियों को उभरती तकनीकों से जोड़ने वाले आंतरिक संचार अभियान, तथा सस्टेनेबल डेवलपमेंट रिपोर्ट 2023-24 के रचनात्मक डिजाइन के लिए पुरस्कार प्रदान किये गये। इस उपलब्धि पर सेल के अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि एआइ-संचालित संचार उपकरणों का समावेश न केवल तकनीकी नवाचार को दर्शाता है, बल्कि संगठन के विजन को प्रभावी संवाद में बदलने की सामूहिक क्षमता को भी प्रमाणित करता है।

## भाजपा विधायक राकेश रंजन ने खाटू श्याम बाबा के दरबार में लगायी हाजिरी



कतरास (आजाद सिपाही)। गद्दी मोहल्ला पचगढ़ी बाजार स्थित श्री खाटू श्याम दरबार में रविवार देर रात शाहपुर बिहार विधानसभा के भाजपा विधायक राकेश रंजन श्री खाटू श्याम बाबा की पूजा अर्चना की। श्री श्याम खाटू दरबार में आकर अपनी हाजिरी लगायी। विद्वान पंडित अजय शर्मा ने पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करायी। विधायक राकेश रंजन ने शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के जनता के लिए सुख समृद्धि की कामना की। बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रहे बिहार सरकार के कार्यकलापों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नीतीश के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ रहा है। झारखंड की चर्चा करते हुए कहा कि आने वाला समय में झारखंड में भाजपा की सरकार होगी। झारखंड में युवाओं को साथ लेकर चलने की जरूरत है। युवा मजबूत होंगे तो भाजपा मजबूत होगी। खाटू श्याम बाबा के प्रति उन्होंने कहा कि उनकी काफी आस्था है और सनातन धर्म प्रेमी हैं। उन्होंने कहा मनोकामना पूर्ण होने पर पूजा अर्चना करने आया हूं। मौके पर प्रशांत कुमार ओझा, सुमन कुमार, नीशू राय, राजीव सिंह, विनीत कुमार, नवीन ओझा, पिंटू पाठक आदि उपस्थित थे।

# धनबाद पुलिस ने मैहर होटल से पांच साइबर अपराधियों को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता




धनबाद। वरीय पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सुचना के आधार पर धनबाद पुलिस को मिली बड़ी सफलता। बैंक मोड़ थाना क्षेत्र के पुराना बाजार स्थित मैहर होटल में छापेमारी कर पांच साइबर अपराधियों को दबोचा गया। सीटी एसपी ने प्रेसवार्ता कर जानकारी देते हुए बतलाया की वरिय पुलिस अधिक्षक को मिली गुप्त सुचना के आधार पर गठित टीम के द्वारा की गयी कार्यवाही में पांच साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है। जिनके पास से दस मोबाइल फोन सोलह सीम कार्ड अड़तीस बैंक खाते एक फिंगरप्रिंट क्लोन पेटीएम कंपनी के पोस मशीन एक महीन्द्रा स्कार्पियो और छह हजार नगदी भी जप्त किया गया। अपराधियों द्वारा फर्जी एपीके फाइल जैसै डीटीओ इ चालान एसबीआई रिवार्ड योनो एसबीआई भेज कर ओटीपी एक्सेस एडमीनप्लान की मदद से खातों से पैसों की निकासी करते थे। पकड़े गये पांच अपराधियों में दो सुरज चौहान ,साहिल खा,उत्तर प्रदेश का और पिन्टु कुमार मंडल गिरिडीह, बिकू साह रोहतास बिहार और एक बसंत कुमार मंडल धनबाद भूली का रहने वाला है। पांचों होटल में रहकर साईबर ठगी का काम करते थे।

## आरवाइपी नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट में धनबाद के सोनू कुमार ने तीन पदक जीता



धनबाद (आजाद सिपाही)। झारखंड पिकल बॉल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष बी सुधीर ने बताया कि इंदौर में आयोजित 7वीं आरवाईपी नेशनल रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट का भव्य और सफल समापन हुआ। यह टूर्नामेंट अत्यंत भव्य, सुव्यवस्थित और राष्ट्रीय स्तर का रहा। प्रतियोगिता में देश के लगभग सभी राज्यों से 600 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिससे पिकलबॉल खेल की बढ़ती लोकप्रियता और व्यापकता स्पष्ट रूप से दिखाई दी। टूर्नामेंट का आयोजन मध्य प्रदेश पिकलबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा ऑल इंडिया पिकलबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद रमेश प्रभु ,झारखंड पिकलबांल के सचिव प्रभात कुमार एंव अन्य राज्यों के सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और अपने संबोधन में पिकलबॉल खेल को देशभर में बढ़ावा देने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रतियोगिता में धनबाद के सोनू कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीन पदक अपने नाम किए। उन्होंने मेंस सिंगल्स ओपन कैटेगरी में स्वर्ण पदक, मेंस डबल्स ओपन कैटेगरी में हरियाणा के रीतम चावला के साथ स्वर्ण पदक तथा मिक्स्ड डबल्स में मुंबई की अनुजा महेश्वरी के साथ रजत पदक हासिल किया। सफल आयोजन के लिए झारखंड पिकलबांल के सचिव प्रभात कुमार, उपाध्यक्ष बी सुधीर, गौरव, नरेश, गुंजन आदि ने मध्यप्रदेश के सचिव बलवंत सांलूंके और उनकी टीम को एंव सभी प्रतिभागियों को बधाई दिया।

## प्रज्वला महिला समिति ने निजी वाहन चालकों के बीच किया सामग्री वितरण



कतरास (आजाद सिपाही)। दीक्षा महिला मंडल की अध्यक्षा अर्चना अग्रवाल, पूवीर्ता रमैया, रंजना सिंह, संचिता रॉय एवं नेहा दास के निर्देश पर प्रज्वला महिला समिति, सिजुआ क्षेत्र द्वारा सिजुआ क्षेत्र स्थित एमटी हॉस्टल में एक सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सिजुआ क्षेत्रीय कार्यालय में कार्यरत 16 निजी वाहन चालकों के बीच मिल्टन कंपनी का पानी बोतल एवं टिफिन कैरियर का वितरण किया गया। अध्यक्ष शर्मिष्ठा चक्रवर्ती ने कहा कि प्रज्वला महिला समिति सदैव समाज के जरूरतमंद वर्ग के सहयोग के लिए तत्पर रहती है। समिति का उद्देश्य केवल गरीब, असहाय एवं समाज के अंतिम व्यक्ति की सहायता करना ही नहीं, बल्कि उनमें आत्मनिर्भरता और स्वावलंबन की भावना को भी मजबूत करना है। मौके पर भाष्मति कुंडू, ज्योति रेखा, बबीता दास, कविता सिन्हा, नूतन जोशी, रेखा कुमार, रोशनी अंसारी आदि उपस्थित थी।

## कोयरीडीह बस्ती को बाघमारा विधायक ने दी जलापूर्ति योजना की सौगात



कतरास (आजाद सिपाही)। लंबे वर्षों से कोयरीडीह बस्ती के ग्रामीणों ने जलापूर्ति योजना का कार्यान्वयन हेतु बाघमारा विधायक को ज्ञापन सौंपे थे। विधायक प्रतिनिधि हिमांशु रवानी के नेतृत्व में बाघमारा विधायक ने विधिवत रूप से जलापूर्ति योजना पाइपलाइन का नारियल फोड़कर शिलान्यास किए। शिलान्यास का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक घर तक स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इसके विस्तृत उद्देश्यों में निम्नलिखित बिंदुओं पर अपनी बातें रखें ग्रामीण या दूरदराज के क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। पाइपलाइन बिछाने से उनके समय और श्रम की बचत होती हैं। हर घर नल से जल' जैसे सरकारी लक्ष्यों को प्राप्त करना जिससे नागरिकों के जीवन स्तर और स्वच्छता में सुधार हो। सार्वजनिक कुओं या तालाबों पर निर्भरता कम कर समाज के हर वर,तक पानी का समान वितरण सुनिश्चित करना। जल संरक्षण और जल प्रबंधन के माध्यम से स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र और बुनियादी ढांचे को मजबूत करना।

## मासूम शाह बाबा का सालाना लंगर 25 को

कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास बाजार मस्जिद मुहल्ला में संत फकीर दाता मासूम शाह बाबा का 29 वां सालाना लंगर की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। कार्यक्रम को लेकर कतरास बाजार गांधी चौक स्थित मस्जिद मोहल्ला में मो ताहिर हुसैन के आवास पर मो नियाज अहमद की अध्यक्षता में मासूम शाह बाबा के अनुयायियों की एक बैठक हुई। बैठक में इसमें पूरे जोर-शोर के साथ बाबा का सालाना लंगर मनाने का निर्णय लिया गया।

## को-ऑपरेटिव कालोनी में महिला का शव संदेहास्पद परिस्थिति में मिला

जोड़ापोखर/ झरिया (आजाद सिपाही)। जोरापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा को-ऑपरेटिव कालोनी निवासी मुख्तार सिंह मकान मालिक का भाड़ेदार 40 वर्षीय ढुलू कुमारी उर्फ निशा की उसके घर में ही रहस्य परिस्थिति में शव पायी गयी है। मामले की सूचना थाना प्रभारी उदय कुमार गुप्ता एवं महावीर यादव पुलिस अधिकारी को मिलने के बाद तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर मृत महिला ढुलू की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजकर मामले की जांच कर रही है। मृतक तीन वर्षीय एक बच्चा की मां थी। मालूम हो कि मृतिका ढुलू कुमारी पहले भौंरा ओपी के जोरापोखर पूर्णाडीह बस्ती में मायके में रहती थी।

# क्रिसमस वह पावन क्षण है, जब यीशु स्वर्ग का सुख छोड़ धरती पर आये : मधु शर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। क्रिसमस का क्या अर्थ है और लोग इसे क्यों मनाते हैं, यह एक गहरा आध्यात्मिक प्रश्न है । यदि हम पवित्रशास्त्र बाइबिल की पुस्तकों का अध्ययन करें, तो हमें क्रिसमस से जुड़ी विभिन्न घटनाओं का विवरण मिलता है। वास्तविकता तो यह है कि यीशु मसीह के जन्म से लगभग कई वर्ष पूर्व ही कई भविष्यवक्ताओं ने उनके आगमन की भविष्यवाणी कर दी थी। उक्त बातें दैनिक समाचार पत्र आजाद सिपाही से मॉडर्न रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल मधु शर्मा ने कही। क्रिसमस के उपर श्रीमती शर्मा ने कहा कि यीशु का जन्म कोई आकस्मिक घटना नहीं थी, बल्कि यह पिता परमेश्वर की एक सुनियोजित योजना थी। उनका आगमन उस प्राचीन वायदे की पूर्ति करता है जो सदियों पहले किया गया था। यद्यपि दुनिया भर में लोग 25 दिसंबर को यीशु के जन्म दिवस के रूप में मनाते हैं, लेकिन क्रिसमस का असली मतलब इससे कहीं अधिक गहरा है। क्रिसमस वह पावन क्षण है जब यीशु ने स्वर्ग का सुख छोड़ा और इस धरती पर आये ताकि हमारा उद्धार हो सके।

उन्होंने हमारे पापों के लिए स्वयं को बलिदान कर दिया और क्रूस पर अपना कीमती लहू बहाकर अपने प्राण त्याग दिए, जिससे हमारे पापों की कीमत चुकायी गयी और हमें आजादी मिली। मसीह यीशु के इस बलिदान से पूरी मानवता के लिए उद्धार का मार्ग खुला क्योंकि उन्होंने किसी एक व्यक्ति विशेष के लिए नहीं बल्कि समस्त संसार के लिए दाम चुकाया है। हमारा यह छुटकारा किसी नश्वर सोने-चांदी से नहीं, बल्कि यीशु के उस बहुमूल्य लहू से हुआ है जो पूरी तरह निष्कलंक और निर्दोष पाया गया ।

आज के समय में लोग इस दिन एक-दूसरे को उपहार देते हैं और खुशियाँ मनाते हैं, परंतु क्रिसमस की असली सच्चाई मेलमिलाप, क्षमा और मुक्ति का संदेश है। जीवन में चाहे कितना भी अंधेरा क्यों न हो, प्रभु हमें एक विश्वास के लिए आमंत्रित करते हैं । संसार का यह उद्धारकर्ता यहाँ सेवा करवाने नहीं बल्कि स्वयं सेवा करने के उद्देश्य से आया था । आज का मुख्य संदेश यही है कि हमारा केंद्र बिंदु केवल यीशु के दवारा बताया मार्ग, क्षमा, त्याग और प्रेम ही होने चाहिए । जो कोई भी इस संदेश को हृदय से ग्रहण करेगा, वो सही अर्थो में येशु के जन्म की खुशी मनायेगा।


**कार्यालय, जिला परिषद, रॉंची**
**(अभियंत्रण शाखा)**

**अति अल्पकालीन आमंत्रण सूचना संख्या –28 / 2025–2026**

1. विज्ञापनदाता का नाम : जिला अभियंता जिला परिषद रॉंची
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : सहायक अभियंता, जिला परिषद रॉंची ।जिला अभियंता, जिला परिषद कार्यालय, रॉंची
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि : दिनांक 02.01.2026 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि : दिनांक 03.01.2026 को अपराह्न 3:00 बजे तक
5. निविदा प्राप्त करने का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, रॉंची।
6. निविदा खोलने की तिथि : दिनांक 03.01.2026 को अपराह्न 3:30 बजे।
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची।
8. कार्य का विस्तृत विवरणी :

| क्र०सं० | प्रखण्ड का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | नामकुम | जोजोसेरेंग में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 4,79,200.00 | 10,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 02 | माण्डर | मसमानों–02 में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 4,79,200.00 | 10,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 03 | सोनाहातु | डिबाडीह में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का निमार्ण। | 11,08,200.00 | 23,000.00 | 2,500.00 | 03 Months |
| 04 | सोनाहातु | सोमाडीह में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 4,99,800.00 | 10,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 05 | सोनाहातु | जिन्तुडीह में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 5,19,100.00 | 10,500.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 06 | सोनाहातु | परमडीह सरना बेड़ा में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 6,85,600.00 | 14,000.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 07 | सोनाहातु | सिगीद में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 7,68,900.00 | 16,000.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 08 | सोनाहातु | बिरदीडीह में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 4,80,200.00 | 10,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 09 | सोनाहातु | गलउ में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का निमार्ण। | 10,49,600.00 | 21,500.00 | 2,500.00 | 03 Months |
| 10 | चान्हों | बलसोकरापाहनटोलीमेंऑगनबाड़ीकेन्द्रभवन का जिर्णोद्धार। | 4,68,900.00 | 10,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 11 | अनगड़ा | जराडीह में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का निमार्ण। | 11,08,200.00 | 23,000.00 | 2,500.00 | 03 Months |
| 12 | अनगड़ा | झटनी टोंगरी में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 6,17,600.00 | 12,500.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 13 | नामकुम | उत्तरी डुंगरी में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 4,68,900.00 | 10,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 14 | कॉंके | पिठौरिया लोहडिका टोला में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का निमार्ण। | 11,08,200.00 | 23,000.00 | 2,500.00 | 03 Months |
| 15 | कॉंके | हेठ टोनकी में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 9,65,900.00 | 20,000.00 | 1,250.00 | 03 Months |
| 16 | बुढ़मू | साल्हन मे ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 4,02,000.00 | 8,500.00 | 750.00 | 03 Months |
| 17 | बुढ़मू | आरा में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 4,77,500.00 | 9,000.00 | 750.00 | 03 Months |
| 18 | कॉंके | होचर पाहन टोली में ऑगनबाड़ी केन्द्र भवन का जिर्णोद्धार। | 4,68,900.00 | 9,000.00 | 750.00 | 03 Months |

नोटः 1. निविदा की अन्य शर्ते जिला परिषद, कार्यालय, रॉंची के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।
2. इस निविदा में **जिला परिषद, रॉंची** अन्तर्गत निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक भाग लेगें।

PR.NO.369177 Panchayati Raj(25-26):D

जिला अभियंता
जिला परिषद रॉंची।

## अरावली पर्वत बचाने के लिए आंदोलन : सीकर में हर्ष पर्वत पर चढ़े लोग

# राजस्थान में पुलिस-प्रदर्शनकारी भिड़े, जोधपुर में लाठीचार्ज, अरेस्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**सीकर।** राजस्थान में अरावली पर्वत श्रंखला में खनन को मंजूरी मिलने से नाराज लोगों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। कांग्रेस और सामाजिक संगठनों के लोगों की उदयपुर कलेक्ट्रेट में पुलिस से धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जम कर नारेबाजी की। यहां पुलिस ने कुछ कार्यकर्ताओं को अरेस्ट भी कर लिया। सीकर में 945 मीटर ऊंचाई पर स्थित हर्ष पर्वत पर प्रदर्शन किया गया। अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि राजस्थान के लिए अरावली फेफड़े के समान है। इस फैसले को वापस लेना होगा, नहीं तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी। जोधपुर में एनएसयूआइ कार्यकर्ता प्रदर्शन के दौरान बेरिकेड्स पर चढ़ गये। पुलिस ने लाठी चला कर भीड़ को खदेड़ा।




**अरावली को बचाने के लिए एकजुट हुए सभी :** 20 नवंबर 2025 को सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार जमीन से 100 मीटर या उससे अधिक ऊंचाई वाली भू-आकृति को ही अरावली पहाड़ी माना जायेगा। इस मानक से अरावली की 90% से ज्यादा पहाड़ियां संरक्षण के दायरे से बाहर हो जायेगी। इस फैसले के बाद अरावली को बचाने की आवाजें तेज हो गयी।

**उदयपुर में कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन :** उदयपुर में कई संगठन कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर अरावली बचाने के लिए एकजुट हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता, करणी सेना, फाइनेंस ग्रुप और कई समाजों के लोगों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश को वापस लिया जाये, नहीं तो उग्र प्रदर्शन किया जायेगा। इस बीच कलेक्ट्रेट पर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हो गयी।

**अलवर में जूली बोले-अरावली को खत्म नहीं होने देंगे :** अलवर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि अरावली राजस्थान का फेफड़ा है। सरकार इसे खत्म करना चाहती है। मैं चैलेंज करता हूं, इस अरावली को खत्म नहीं होने देंगे।

**पर्यावरण प्रेमी बोले-जीव-जंतु क्या करेंगे :** सीकर में पर्यावरण प्रेमी पवन ढाका ने कहा कि इंसान को निकाल कर उसके घर को तोड़ दिया जाये, तो वह कहां पर जायेगा। इंसान तो फिर भी कोई झोपड़ी बना लेगा, लेकिन यह जीव-जंतु क्या करेंगे।

### 90% से अधिक अरावली क्षेत्र सुरक्षित रहेगा : केंद्रीय मंत्री

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से अरावली को लेकर दी गयी परिभाषा कोई नयी नहीं है। यह वही परिभाषा है, जो राजस्थान में साल 2002 में गहलोत सरकार के कार्यकाल में गठित समिति की रिपोर्ट के आधार पर पहले से लागू है, जिसके तहत स्थानीय भूमि स्तर से 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ियां अरावली मानी जाती है। उन पर खनन प्रतिबंधित है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि 100 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली पहाड़ी केवल शिखर तक सीमित नहीं होगी, बल्कि शिखर से लेकर आधार तक का पूरा क्षेत्र अरावली पर्वत में शामिल माना जायेगा। साथ ही यदि ऐसी दो पहाड़ियां 500 मीटर की दूरी के भीतर स्थित है, तो उनके बीच की संपूर्ण भूमि भी अरावली रेंज के अंतर्गत आयेगी। ऐसे में यह दावा करना कि नयी परिभाषा से 90 प्रतिशत अरावली नष्ट हो जायेगी, पूरी तरह निराधार है। वास्तविकता यह है कि इस परिभाषा से 90 प्रतिशत से अधिक अरावली क्षेत्र सुरक्षित रहेगा।

# फरवरी से महंगाई और जीडीपी मापने का तरीका बदल जायेगा

## केंद्र सरकार नये बेस ईयर जारी करेगी

- अभी 14 साल पुराने आंकड़ों के आधार पर कैलकुलेट होती है

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार देश की इकोनॉमी को मापने के पैमानों में बड़ा बदलाव करने जा रही है। फरवरी 2026 से रिटेल महंगाई (सीपीआइ) और देश की विकास दर यानी जीडीपी के आंकड़े नयी सीरीज (नये बेस ईयर) के साथ जारी किये जायेंगे। वहीं मई 2026 से इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन यानी आइआइपी के आंकड़े भी नयी सीरीज में जारी होंगे।

जीडीपी और आइआइपी के लिए नया आधार वर्ष 2022-23 होगा। वहीं रिटेल महंगाई के लिए बेस ईयर 2024 होगा। मिनिस्ट्री ऑफ स्टेटिस्टिक्स एंड प्रोग्राम इंप्लिमेंटेशन ने इसकी तैयारी पूरी कर ली है।

अभी जीडीपी और रिटेल महंगाई के आंकड़े पुराने आधार वर्ष 2011-12 के हिसाब से कैलकुलेट किये जाते हैं, जबकि दुनिया के कई देशों में ये हर 5 साल में अपडेट होता है। बेस ईयर में इस बदलाव का मुख्य मकसद डेटा को मौजूदा दौर की जरूरतों और खपत के हिसाब से ज्यादा सटीक बनाना है।

### नये बेस ईयर से यह होगा बदलेगा

फिलहाल देश में महंगाई और जीडीपी के कैलकुलेशन के लिए पुराना बेस ईयर (आधार वर्ष) इस्तेमाल किया जा रहा है। लंबे समय से एक्सपर्ट्स यह मांग कर रहे थे कि आधार वर्ष को अपडेट किया जाये। क्योंकि पिछले एक दशक में लोगों के खर्च करने के तरीके और सामानों की प्राथमिकता बदल गयी है। नयी सीरीज आने से सरकारी डेटा देश की आर्थिक स्थिति की ज्यादा वास्तविक तस्वीर पेश कर पायेगा।

### खाने-पीने की चीजों का वेटेज कम होगा

अभी रिटेल महंगाई के कैलकुलेशन में फूड आइटम्स यानी खाद्य पदार्थों का हिस्सा काफी ज्यादा है। मंत्रालय के अधिकारियों के मुताबिक, नयी सीरीज में खाने-पीने की चीजों के 'वेटेज' को कम किया जा सकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जैसे-जैसे लोगों की कमाई बढ़ती है, वे खाने के बजाय दूसरी सुविधाओं जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य और मनोरंजन पर ज्यादा खर्च करने लगते हैं। नयी सीरीज में इन आधुनिक जरूरतों को ज्यादा महत्व दिया जायेगा।

### आइआइपी डेटा मई से नयी सीरीज में आयेगा

इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन (आइआइपी), जो देश के मैन्युफैक्चरिंग और माइनिंग सेक्टर की रफ्तार बताता है। उसे मई 2026 से नयी सीरीज में शिफ्ट किया जायेगा। इसमें उन नये प्रोडक्ट्स को शामिल किया जायेगा, जिनका उत्पादन हाल के वर्षों में शुरू हुआ है। जबकि उन पुराने सामानों को लिस्ट से हटाया जा सकता है, जिनकी अब बाजार में मांग नहीं रही।सांख्यिकी मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग ने पहले भी संकेत दिये थे कि डेटा में सुधार की प्रोसेस चल रही है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। ऐसे में पुराने मानकों पर डेटा जारी करने से पॉलिसी बनाने में दिक्कत आती है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

प्रकाशित
निश्चित सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।
Class - XII
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित
झारखण्ड इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा - 2026 के लिए
JCERT द्वारा जारी मॉडल प्रश्न-पत्र पर पूर्णतः आधारित
वर्मा प्रेस प्रा० लि०, राँची द्वारा
Verma's
वर्मा गेस 2026
वस्तुनिष्ठ एवं विषयनिष्ठ प्रश्नोत्तर
हिन्दी (कोर)
प्रति विषय ₹ 55 मात्र
★ हिन्दी (कोर) ★ हिन्दी (इलेक्टिव) ★ ENGLISH (CORE) ★ ENGLISH (ELECTIVE) ★ अर्थशास्त्र (ECONOMICS) ★ इतिहास (HISTORY) ★ राजनीति विज्ञान (POLITICAL SCIENCE) ★ समाजशास्त्र (SOCIOLOGY) ★ भूगोल (GEOGRAPHY) ★ मनोविज्ञान (PSYCHOLOGY) ★ दर्शनशास्त्र (PHILOSOPHY) ★ मानवशास्त्र (ANTHROPOLOGY) ★ संस्कृत (SANSKRIT) ★ गृह विज्ञान (HOME SCIENCE) ★ PHYSICS ★ भौतिकी ★ CHEMISTRY ★ रसायन ★ MATHEMATICS ★ जीवविज्ञान ★ BIOLOGY ★ COMPUTER SCIENCE ★ भूगर्भशास्त्र (GEOLOGY) ★ लेखाशास्त्र (ACCOUNTANCY) ★ उद्यमिता (ENTREPRENEURSHIP) ★ व्यावसायिक अध्ययन (BUSINESS STUDY) ★ व्यावसायिक गणित (BUSINESS MATHEMATICS)
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Hologram, Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।

## भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट संपन्न

# कीवी फल, सेब, ऊन सस्ते होंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**वेलिंगटन/नयी दिल्ली।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर डील सोमवार को फाइनल हो गयी है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को इसकी अनाउंसमेंट की। उन्होंने कहा कि इससे उनके निर्यातकों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले बाजार तक पहुंचना आसान हो जायेगा। इस डील से न्यूजीलैंड के एक्सपोर्टर्स को भारत में मिडिल क्लास तक आसान पहुंच मिलेगी। डील के तहत न्यूजीलैंड से भारत आने वाले 95% सामानों पर आयात शुल्क (टैरिफ) या तो खत्म कर दिया गया है या काफी कम कर दिया गया है। इसमें आधे से ज्यादा प्रोडक्ट्स पहले दिन से ड्यूटी फ्री हो जायेंगे। इस समझौते का सीधा असर आम भारतीय ग्राहकों की जेब पर पड़ेगा। न्यूजीलैंड से आने वाले ताजे फल, विशेष रूप से कीवी और सेब पर अब काफी कम टैक्स लगेगा। इसके अलावा ऊन और उससे बने प्रोडक्ट्स, लकड़ी और कुछ खास किस्म के डेयरी आइटम भी सस्ते हो जायेंगे।



### 2030 तक $7 ट्रिलियन की होगी भारतीय इकोनॉमी

न्यूजीलैंड ने यह डील भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत को देखते हुए की है। कीवी सरकार का अनुमान है कि साल 2030 तक भारतीय अर्थव्यवस्था करीब 12 ट्रिलियन न्यूजीलैंड डॉलर (लगभग 627.21 लाख करोड़) की हो जायेगी। न्यूजीलैंड के व्यापारियों के लिए भारत एक बड़ा अवसर है, क्योंकि यहां की आबादी, बढ़ती परचेसिंग पावर उनके डेयरी, ताजे फल और ऊन उद्योग के लिए दुनिया का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बन सकती है।

### 10 साल से अटकी थी, 9 महीनों में फाइनल हुई डील

भारत और न्यूजीलैंड के बीच इस व्यापारिक समझौते को लेकर बातचीत 10 साल से रुकी हुई थी। इसी साल मार्च में दोनों देशों ने दोबारा इस पर चर्चा शुरू की और महज 9 महीनों के भीतर इसे फाइनल कर लिया। इससे पहले भारत ने ऑस्ट्रेलिया और यूएइ के साथ भी इसी तरह के समझौते किए हैं, जिससे भारत की ग्लोबल ट्रेड पार्टनरशिप मजबूत हुई है। भारत ने पिछले 5 साल में 7 फ्री ट्रेड डील साइन की है।

### भारत-न्यूजीलैंड के बीच व्यापार लगातार बढ़ रहा

भारत-न्यूजीलैंड के बीच व्यापार पिछले कुछ साल से लगातार बढ़ रहा है। एफवाइ 21 में भारत का एक्सपोर्ट 486.2 मिलियन डॉलर (4352.63 करोड़) और इंपोर्ट 381.5 मिलियन डॉलर (3414.05 करोड़) था। एफवाइ26 तक एक्सपोर्ट 343.5 मिलियन डॉलर (3073.98 करोड़) तक पहुंचने की उम्मीद है, जबकि इंपोर्ट 356.9 मिलियन डॉलर (3193.90 करोड़) रह सकता है।

### डील के पहले दिन से ही मिलेगा फायदा

न्यूजीलैंड सरकार के मुताबिक, 50% से ज्यादा सामानों पर 'डे-वन' यानी समझौते के पहले दिन से ही कोई ड्यूटी नहीं लगेगी। इसका मतलब है कि कल से ही न्यूजीलैंड से आने वाले आधे से ज्यादा सामान बिना किसी एक्स्ट्रा टैक्स के भारतीय बाजार में बिक सकेंगे। इससे भारत के तेजी से बढ़ते मिडिल क्लास के लिए विदेशी फल, वाइन और अन्य डेयरी प्रोडक्ट्स सस्ते होने की उम्मीद है।

# पंजाब के पूर्व आइजी ने खुद को गोली मारी, हालत गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब के पटियाला में पूर्व इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (आइजी) अमर सिंह चहल ने घर में खुद को गोली मार ली। उन्होंने गोली सुरक्षाकर्मी के रिवॉल्वर से पेट में मारी। गोली लगने से वह घायल हो गये, जिसके बाद उन्हें तुरंत पटियाला के पार्क अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूर्व आइपीएस अधिकारी चहल ने गोली मारने से पहले 12 पेज का सुसाइड नोट लिखा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक सुसाइड नोट में 8.10 करोड़ रुपये के ऑनलाइन फ्रॉड का जिक्र है। उन्होंने कुछ लोगों से पैसे उधार लिये थे। चहल ने आगे लिखा कि परिवार को सुरक्षा दी जाये। उन्होंने पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव से एसआइटी या सीबीआइ से मामले की जांच करवाने की मांग की है। ये सुसाइड नोट उन्होंने अपने दोस्तों को भी भेजा।



घटना के वक्त उनका बेटा घर पर ही मौजूद था। बताते चलें कि अमर सिंह चहल आइजी पद से रिटायर होने के बाद पटियाला में रह रहे थे। पटियाला के एसएसपी वरुण शर्मा ने बताया कि गोली चलने की सूचना मिलते ही पुलिस की टीमें तुरंत अमर सिंह चहल के घर पहुंच गयीं।

**सुसाइड नोट में विस्तार से लिखी बात :** चहल ने सुसाइ नोट डीजीपी को संबोधित कर लिखा है। उन्होंने कहा कि अत्यंत दुख और निराशा के साथ मैं आपके संज्ञान में यह लाना चाहता हूं कि मुझे कुछ साइबर ठगों द्वारा धोखा दिया गया, जो खुद को वेल्थ इक्विटी एडवाइजर बताकर 8.10 करोड़ रुपये की ठगी कर चुके हैं।

**लेनदेन में सावधानी नहीं बरती :** सुसाइड नोट में उन्होंने लिखा, प्रारंभ में मैं यह स्वीकार करते हुए खेद प्रकट करता हूं कि मैंने अपने पैसों से लेन-देन करते समय पूरी सावधानी नहीं बरती। वास्तव में मैंने इस ग्रुप को व्हाट्सएप और टेलीग्राम पर बहुत सक्रिय पाया। वे यह दावा कर रहे थे कि वे डीबीएस ग्रुप का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो कि भारत सरकार और सेबी (इसके अध्यक्ष) द्वारा अधिकृत है, ताकि खुदरा निवेशकों को शिक्षित किया जा सके और उन्हें कैपिटल मार्केट से नियंत्रित तरीके से अच्छा मुनाफा कमाने में मदद की जा सके। ठग ने खुद को डीबीएस बैंक का सीइओ बताया। डेशबोर्ड पर दिखाये मुनाफे, बाद में फर्जी मिला। आइपीओ और ओटीसी ट्रेड मुनाफे का झांसा दिया। इसके बाद पैसे निकालने की कोशिश पर उगाही शुरू हुई। तीन खातों से आठ करोड़ रुपये से ज्यादा ट्रांसफर किये, जिनमें सात करोड़ रुपये उधार लिये थे।

Eye Care | Eye Hospital | Eye Wear
F P
T O Z
L P E D
P E C F D
E D F C Z P
F E L O P Z D
D E F P O T E C
Nayan Sukh Opticians
Your EYES are precious Please Take Care of them
▪ Screening for all types of Eye diseases
▪ Hearing Aids ▪ Machine
▪ All Types of latest & Luxury branded Frame
▪ Eye Glasses, Sun Glasses & Contact Lenses
H.B.Road, Beside Santovita Hospital, Ranchi
Tel.: 0651-2201795, Mob.: 9334424892

# बांग्लादेश में हसीना विरोधी एक और नेता को गोली मारी

## गोली कान को चीरकर निकली, खतरे से बाहर

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में शेख हसीना विरोधी एक और नेता पर हमला हुआ है। बांग्लादेशी मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक खुलना में सोमवार दोपहर 12 बजे नेशनल सिटिजंस पार्टी (एनसीपी) के नेता मोहम्मद मोतालेब सिकदर को घर में घुसकर गोली मार दी गयी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक हमलावरों ने सीधे मोतालेब के सिर को निशाना बनाकर फायरिंग की। वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें उठाकर खुलना मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। पुलिस के मुताबिक, शुरुआत में उनकी हालत काफी नाजुक थी।

डॉक्टरों ने बताया कि गोली उनके कान को चीर कर निकल गयी। यानी सिर के अंदर या दिमाग तक नहीं पहुंची, इसलिए गंभीर अंदरूनी चोट नहीं हुई। पुलिस अधिकारी अनिमेष मंडल ने कहा कि गनीमत रही कि गोली दिमाग तक नहीं पहुंची, जिससे उनकी जान बच गयी।



### बांग्लादेश में हिंसा से भारतीय सेना अलर्ट पर

बांग्लादेश में बीते कुछ महीनों में लगातार भारत विरोधी भावनाओं को बल मिला है। हादी की मौत के विरोध में इंकलाब मंच और जमात के कट्टरपंथियों ने शुक्रवार को बेनापोल से भारत के बॉर्डर तक मार्च निकाला था। उनका कहना था कि पूर्व पीएम शेख हसीना को बांग्लादेश को सौंपा जाये। चटगांव में चंद्रनाथ मंदिर के बाहर कट्टरपंथियों ने धार्मिक नारेबाजी की। इधर, भारतीय सेना भी एक्टिव हो गयी है और बांग्लादेश के हालात पर नजर बनाये हुए है।

Life Care Dental Clinic
Multi Speciality Center For Oral Care And Smile Designing
DR. PARWEEN ARA
B.D.S. MIDA
Consultant : Dental And Oral Surgeon
DR. ABID SHARFUDDIN
B.D.S. (Hons.) MIDA
Consultant : Dental And Oral Surgeon
Our Facilities
Implant | Veneering |Bleaching |
Tooth polishing | Cosmetic Filling
TIMING - 09:00AM TO 08:00PM
Opp. Bariatu Masjid Bariatu
Ranchi (Jharkhand) M. 9386355795
Contact Now : 7004380798

TEXMO
Borewell Submersibles
Single Phase/Three Phase
Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX
Agricultural Monoblocks
Open-well Submersibles Pumps
Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by
AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**